जयपुर • कोटा • बीकानेर • उदयपुर • अजमेर • जालोर • हिण्डौनसिटी • चूरू

# राष्ट्रदूत

epaper.rashtradoot.com

Rashtradoot

जयपुर, गुरुवार 31 अक्टूबर, 2024



KEDIA सेजस्थान

## महा दिवाली

## सिर्फ 4 दिन में 15 लाख रेट बढ़ेगी !

FIXED PRICE GUARANTEED

NO MIDDLE-MEN

## दिवाली बाद करोड़ों में मिलेगी कोठी !

गिनती की कुछ ही कोठी बची हैं।

### FIXED PRICE & RENTAL

| PRODUCT TYPE | UNIT TYPE | SIZE | FIXED PRICE | PROPOSED RENTAL (AFTER POSSESSION) |
|---|---|---|---|---|
| WALK-UP APARTMENT | 2 BHK (GF) | 1350 Sq Ft | 63.45 LACS | 22,000 |
| | 3 BHK (SF) | 1900 Sq Ft | 70.50 LACS | 25,000 |
| | 3 BHK (FF) | 1900 Sq Ft | 77.55 LACS | 28,000 |
| KOTHI | 3 BHK BIG | 2000 Sq Ft | 84.60 LACS | 30,000 |
| | 4 BHK BIGGER | 2325 Sq Ft | 98.70 LACS | 40,000 |
| | 4 BHK BIGGEST | 3200 Sq Ft | 1.41 CRORE | 50,000 |

KEDIA सेजस्थान

KOTHI & WALK-UP APARTMENT

अजमेर रोड़, जयपुर

POSSESSION: DEC. 2025

बड़ी-बड़ी कोठी, बड़े-बड़े फ्लैट



KEDIA®

1800-120-2323

78770-72737

info@kedia.com

www.kedia.com

www.rera.rajasthan.gov.in

RERA No. RAJ/P/2023/2387

SCAN QR FOR
• LOCATION
• ROUTE MAP
• SITE 360 TOUR
• E-BROCHURE
• WALKTHROUGH

*T&C Apply

## विचार बिन्दु

**प्रकृति का तमाशा भी ख़ूब है। सृजन में समय लगता है जबकि विनाश कुछ ही पलों में हो जाता है। –ज़क़िया ज़ुबैरी**

# सीकर बस दुखान्तिका– –महीने में 5,4 ऐसी भीषण दुर्घटनाएं, कुछ तो किया ही जा सकता है

29 अक्टूबर 2024 की लक्ष्मणगढ़–सीकर में भयानक बस हादसा हुआ।12 लोगों की अकाल मौत हुई। मीडिया में जो विवरण सामने आया है उस से एक बात साफ है कि यह, उस समय बस चला रहे ड्राइवर की घोर लापरवाही का परिणाम है। ओर कारणों की स्पष्टता यथा बस की फिटनेस, ड्राइवर की योग्यता व उसके लाइसेंस की वैधता, क्षमता से अधिक सवारी आदि तो विस्तृत जांच में सामने आएंगे।

लेकिन यह कोई अकेली घटना है क्या? देश और प्रदेश में आए दिन इस प्रकार की भयंकर दुर्घटनाएं हो रही है। आप गूगल सर्च करिए, हर प्रान्त, हाइवे पर घटी भीषण सड़क दुर्घटनाओं का विवरण मिल जाएगा। 2,5,10 दिन में हम सभी व हुक्मरान सीकर दुर्घटना को एक ओर घटना मान कर शान्त हो जाएंगे।

पाठकों को याद दिला दूं, आज से करीब 30 वर्ष पूर्व ऐसी ही एक भयंकर बस दुर्घटना चितौड़ में हुई थी। उसी समय उदयपुर जयसमंद झील में एक नाव भी डूबी थी जिसमें शायद 70 लोग झील में डूब गए थे। बड़ा शोर मचा, बयानबाजी हुई। नियमों में सख्त परिवर्तन किया जाएगा आदि आदि। महीने दर महीने इस प्रकार की दुखान्तिकाओं का सिलसिला घटने के बजाए बढ़ता ही रहा है।

नियमों में परिवर्तन का एक ड्राफ्ट तैयार कर, राज्य सरकार (वो जो भी हो, जहां भी हो) के समक्ष रखा गया। उस में अन्य बातों के साथ साथ बस के मालिकों पर भी आपराधिक दायित्वों का सुझाव था क्योंकि अप्रशिक्षित ड्राइवर से या अनफिट वाहन चलवाना अपराध खयों न हो? किंतु परिवहन ऑपरेटर्स की प्रभावशाली लॉबी के आगे सरकार बेबस रही होगी। प्रसंगवश पाठकों को याद दिला दूं कि प्रदेश के अलवर जिले में, किसी समय किसी की आला व्यक्ति की सरपरस्ती में हजारों हजार ड्राइविंग लाइसेंस बिना जांच पड़ताल के जारी कर दिए थे। 2,4,5 दिन की अखबारी सुर्खियों के बाद, मामला शांत!!

**छोटे-बड़े कस्बों में सुबह 6 बजे से 9 बजे के बीच किसी सड़क पर जाती स्कूल बसों को ध्यान से देखिए। शायद सभी देखते भी होंगे। अधिकांश चालक अंधाधुंध स्पीड पर गाड़ी चलाते है, मोड़ों पर भी स्पीड कम नहीं करते। अधिकांश ड्राइवर लगातार मोबाइल फोन पर बात करते चलते है। खतरनाक व गलत तरीके से ओवरटेक करते है और पैदल सवारियों को वाहन रोक कर या स्पीड कम करके रास्ता देना तो जैसे तौहीन समझते है।**

आइए, कुछ बहुत साधारण साधारण बातों पर विचार करें। छोटे–बड़े कस्बों में सुबह 6 बजे से 9 बजे के बीच किसी सड़क पर जाती स्कूल बसों को ध्यान से देखिए। शायद सभी देखते भी होंगे। अधिकांश चालक अंधाधुंध स्पीड पर गाड़ी चलाते है, मोड़ों पर भी स्पीड कम नहीं करते। अधिकांश ड्राइवर लगातार मोबाइल फोन पर बात करते चलते है। खतरनाक व गलत तरीके से ओवरटेक करते है और पैदल सवारियों को वाहन रोक कर या स्पीड कम करके रास्ता देना तो जैसे तौहीन समझते है। इतना ही नही यदि पैदल सवारी हाथ देकर सड़क करने का प्रयास करे तो इतनी जोर से हॉर्न बजाते जाते है, मानों आक्रोशित होकर कह रहे हो, क्या कर रहे हो, धैर्य रखो, पहले मुझे निकलने दो, जल्दी है!!!! नहीं, गलत कहा है क्या?? अब देखिए,चौराहे या तिराहों पर या किसी भी मोड़ पर बसें सवारी उतारने,चढ़ाने के लिए इस प्रकार खड़ी की जाती है कि दूसरे पैदल या वाहन सवार आदमी को बस के दांए–बांयें से आता कोई वाहन नहीं दिखेगा।

कस्बों में मिनी बस, दूसरी बसें व अन्य यात्री वाहन सड़क पर चलते हुए, ब्रेक लगाकर, बीच सड़क पर गाड़ी रोक कर सवारी उतरते है, कितना रिस्की है, आप समझते तो जरूर होंगे, इन वाहनों के ड्राइवर भी समझते तो है किंतु जल्दी निकलना है, आगे की कोई सवारी किसी ओर वाहन में न चली जाए??

व्यस्त मार्गों पर स्लिप लेंस का प्रावधान कर तो दिया किन्तु अधिकांशतः सीधे या दांए सड़क क्रॉस करने वाले स्लीप लेंस खाली ही नही छोडते। ऐसी व्यस्त जगहों पर तो यातायात पुलिस के लोग भी खड़े मिलते है।

अब अगर किसी में धैर्य हो तो मृतप्राय आरटीआई कानून के अंतर्गत इस यह सूचना प्राप्त करले कि वाहन चलाते फोन पर बात करते हुए कितने ड्राइविंग लाइसेंस निरस्त हुए, व्यस्त मोड़ों पर है स्पीड में मुड़ते हुए या सीधे निकलते हुए कितने चालान हुए, कितने ड्राइविंग लाइसेंस निरस्त हुए???

अब आप यह बताओ कि क्या पुलिस, यातायात विभाग के निचले स्तर से लेकर वरिष्ठ अधिकारी और वो ही क्यों, मंत्री, विधायक इन सब बातों से अनभिज्ञ है???? यदि आप ऐसा मानते हैं तो बोलो जयश्री–––।

चलते चलते इस पर भी विचार करना कि अनफिट वाहन चलवाने या वेल्ट्रेण्ड ड्राइवर न रखकर वाहन चलवाने या लंबी लंबी दूरी के ट्रक व सवारी गाड़ियों पर ड्राइवरों को बिना पर्याप्त रेस्ट दिए वाहन चलवाने के लिए वाहन मालिकों पर आपराधिक दायित्व आयत होना चाहिए या नहीं????

ओर अंत में अकेले वाहन चालक ही नही, हम नागरिक भी बराबर के से दोषी है––हम हमारे बच्चों को स्कूल के लिए समय पर तैयार नहीं करेंगे, दुकान–दफ्तर जाने के लिए पर्याप्त समय पहले रवाना नहीं होंगे, स्कूलों वाले बच्चों को लेट करने वाले वाहन चालकों की शिकायत कर आर्थिक दण्ड दिलवाएंगे, नियम तोड़ने में श्रमशंका नहीं करेंगे,100,50 का नोट दिखाकर या किसी जानकार रशुखदार का नम्बर मिलाकर पुलिस वाले को फोन पकड़ाते हिचकिचाएंगे नही तो सुधार की गति भी कछुवा चाल ही होगी और हम लोग यों ही गिल्वे शिकायत करते रहेंगे–––क्यों गलत कहा??? ओर यह के दृश्य शहरों में, बाहर के हाइवेज, दूसरी सड़को पर आम देखे जा सकते है।

**–महावीर सिंह,**
**पूर्व आईएएस**

## राशिफल गुरूवार 31 अक्टूबर, 2024



पंडित अनिल शर्मा

कार्तिक मास, कृष्ण पक्ष, चतुरदशी तिथि, गुरूवार, विक्रम संवत 2081, चित्रा नक्षत्र रात्रि 12:45 तक, विष्कुम्भ योग प्रातः 9:50 तक, शकुनिकरण दिन 3:53 तक, चन्द्रमा आज दिन 11:16 से तुला राशि में संचार करेगा।

**ग्रह स्थिति:** सूर्य–तुला, चन्द्रमा–कन्या, मंगल–कर्क, बुध–वृश्चिक, गुरू–वृष, शुक्र–वृश्चिक, शनि–कुम्भ, राहु–मीन, केतु–कन्या राशि में।

आज दीपावली छोटी है।

**श्रेष्ठ चौघड़िया:** शुभ सूर्योदय से 8:02 तक, चर 10:48 से 12:10 तक, लाभ–अमृत 12:10 से 2:56 तक, शुभ 4:18 से सूर्यास्त तक।

**राहूकाल:** 1:30 से 3:00 तक। सूर्योदय 6:40, सूर्यास्त 5:41

**मेष**
परिवार में चल रहे आपसी मतभेद समाप्त होंगे। अस्त–व्यस्त दिनचर्या में सुधार होगा। विवादित मामलों से राहत मिल सकती है। दिन के मध्यान्ह पश्चात परिवार में उत्सव जैसा माहौल रहेगा।

**वृष**
व्यावसायिक कार्यों में व्यस्तता अभी बनी रहेगी। महत्वपूर्ण कार्य योजना का क्रियान्वयन होगा। आर्थिक स्थिति ठीक रहेगी। आय में वृद्धि होगी।

**मिथुन**
घर–परिवार में अतिथियों का आगमन बना रहेगा। परिवार में धार्मिक–सामाजिक समारोह सम्पन्न हो सकते हैं। व्यावसायिक खर्चों पर नियंत्रण रखना ठीक रहेगा।

**कर्क**
परिवार में मन को प्रसन्न करने वाले संदेश प्राप्त होंगे। नये–पुराने मित्रों से मुलाकात हो सकती है। घर–परिवार में अतिथियों का आगमन रहेगा।

**सिंह**
आर्थिक मामलों में संतुलन बनाए रखना ठीक रहेगा। धन खर्च पर नियंत्रण रखना ठीक रहेगा। आज महत्वपूर्ण मामलों में उचित सफलता मिल सकती है।

**कन्या**
आर्थिक/वित्तिय मामलों के लिए दिन अच्छा रहेगा। आय में वृद्धि होगी। व्यावसायिक वार्ता सफल रहेगी। व्यावसायिक प्रयासों में उचित सफलता मिलेगी। मांगलिक कार्यों में भाग ले सकते हैं।

**तुला**
अपने आवश्यक कार्यों को प्राथमिकता से करने का प्रयास करें। आज प्रयासों में उचित सफलता मिलेगी। परिवार में उत्सव जैसा माहौल रहेगा।

**वृश्चिक**
आर्थिक कारणों से अटके हुए कार्य बनने लगेंगे। संभावित धन प्राप्त होगा। आज महत्वपूर्ण कार्यों में भाग ले सकते हैं। परिवार में शुभ–मांगलिक कार्य सम्पन्न हो सकते हैं।


**धनु**
व्यावसायिक कार्यों पर ध्यान देना ठीक रहेगा। व्यावसायिक कार्यों में व्यस्तता बनी रहेगी। नवीन कार्य योजना का क्रियान्वयन होगा। आर्थिक स्थिति ठीक रहेगी।

**मकर**
नवीन कार्यों के संबंध में सकारात्मक आश्वासन प्राप्त होंगे। अटके हुए कार्य बनने लगेंगे। चलते कार्यों में प्रगति होगी। आर्थिक स्थिति ठीक रहेगी। आपसी सहयोग–समन्वय बना रहेगा।

**कुंभ**
चन्द्रमा अष्टम भाव में शुभ नहीं है। आवश्यक कार्यों में विलम्ब हो सकता है। दिन के मध्यान्ह पश्चात अटके हुए कार्य बनने लगेंगे। परिवार में शुभ–मांगलिक कार्य सम्पन्न हो सकते हैं।

**मीन**
अपने अति आवश्यक और महत्वपूर्ण कार्यों को प्राथमिकता से करने का प्रयास करें। परिवार में उत्सव जैसा माहौल रहेगा। शुभ कार्यों में भाग ले सकते हैं। महत्वपूर्ण कार्यों में उचित सफलता मिलेगी।

# पांच दिन उत्सव और पर्व दीपावली



डा .जे.के. गर्ग

भारतवर्ष के अंदर दीपावली पाँच दिन का पर्व और उत्सव को कार्तिक कृष्णा तेरस से कार्तिक शुक्ल दूज तक हर्षोल्लास के साथ धूमधाम से मनाई जाती है जिन्हें धनतेरस, नरक चतुर्दशी, अमावस्या दीपावली, बाली प्रतिपदा गोवर्धन पूजा एवं यम द्वितीया या भाई दूज के रूप में जाना जाता है। इन सभी दिनों के बारे में अनेक किंवदन्तियाँ पौराणिक और धार्मिक मान्यता है। उल्लेखनीय महाराष्ट्र में दिवाली का पर्व छह दिनों तक मनाया जाता है यहाँ दिवाली वासु बरस या गौ वास्ता द्वादशी के साथ शुरू होता है और भैया दूज के साथ समाप्त होता है ।

पांच दिन के पर्व दिवाली का प्रथम दिन धनतेरस या धनवंतरी त्रयोदशी के रूप में मनाया जाता है धनतेरस का अर्थ है धन एवं संपत्ति है। धनतेरस को देवताओं के चिकित्सक भगवान धन्वंतरि की जयंती के रूप में मनाया जाता है, पौराणिक मान्यताओं के मुताबिक भगवान धनवंतरी समुद्र मंथन के दौरान अवतरित हुए थे। इस दिन को शुभ मानते हुए लोग बर्तन, सोना–चादीं जेवरात आदि खरीदना शुभ और मंगलकारी मानते हुए इसकी खरीदारी करते हैं। पांच दिन के पर्व दिवाली के दूसरे दिन चतुर्दशी को नरक चतुर्दशी के रूप में मनाया जाता है, कुछ स्थानों पर इसको छोटी दिवाली भी कहते हैं। कहा जाता है कि ईसी दिन भगवान कृष्ण ने राक्षस नरकासुर को मारा था। नरक चतुर्दशी को बुराई एवं अंधकार पर अच्छाई एवं प्रकाश की विजय के संकेत के रुप में मनाया जाता है। छोटी दिवाली के दिन लोग अपने घरों के आसपास बहुत से दीपक जलाते है और घर के बाहर रंगोली बना कर खुशी का इजहार करते है। नरक चतुर्दशी के दिन सूर्योदय से पहले स्नान करने का महत्व गंगा के पवित्र जल में स्नान करने के समकक्ष माना जाता है। पांच दिन के पर्व के तीसरे दिन अमावस्या को दीपावली के यूप में मनाया जाता है इस दिन सभी घरों, व्यापारिक प्रतिष्ठान, कार्यस्थलों, ऑफिसों में धन–संपदा की देवी लक्ष्मी माता की विधि–विधान से पूजा–अर्चना की जाती है और विपत्ति–कष्ट के निवारण के लिये प्रथम देव भगवान गणेशजी की भी पूजा की जाती है। ऐसी मान्यता है कि माता लक्ष्मी घर–परिवार में सुख–समृद्धि प्रदान कर समस्त परिजनों को आशिर्वाद देकर उन पर धन–धान्य की वर्षा करेंगी ।

नगर, गलियों, घरों, सार्वजनिक जगहों पर दिये की रोशनी से अमावस्या के अँधेरे को शीतल पूर्णिमा की चांदनी मे बदल दिया जाता है । पांच दिन के पर्व के चौथे दिन बाली प्रतिपदा और गोवर्धन पूजा के रूप में मनाया जाता है। उत्तर भारत में इसका गोवर्धन पूजा (अन्नकूट) के रूप में मनाया जाता है। भगवान कृष्ण द्वारा इंद्र के गर्व को पराजित करके लगातार बारिश और बाढ़ से बहुत से लोगों (गोकुल वासी) और मवेशियों के जीवन की रक्षा करने के महत्व के रुप में इस दिन जश्न मनाते है। अन्नकूट मनाने के महत्व के रुप में लोग बडी मात्रा में भोजन की सजावट(कृष्ण द्वारा गोवर्धन पहाड़ उठाने प्रतीक के रुप में) करते है और पूजा करते है। यह दिन कुछ स्थानों पर दानव राज बाली पर भगवान विष्णु (वामन) की जीत मनाने के लिये भी बाली–प्रतिपदा के रूप में मनाया जाता है। कुछ स्थानों जैसे महाराष्ट्र में यह दिन पड़वा या नव दिवस (रूप में भी मनाया जाता है और सभी पति अपनी पत्नियों को उपहार देते है। गुजरात में इसको नये दिन के रूप में भी मनाते हैं यह विक्रम संवत नाम से कैलेंडर के पहले दिन के रूप में मनाया जाता है। दिवाली पर्व के पांचवे दिन को यम द्वितीया या भाई दूज के रूप में मनाते हैं इस दिन को भाई–बहनों के अटूट स्नेह बंधन के पर्व में जाना जाता है इस पर्व के पीछे मृत्यु के यम की कहानी है। आज के दिन यमराज अपनी बहन यामी यमुना से मिलने आये और अपनी बहन द्वारा उनका आरती के साथ स्वागत हुआ और यम एवं यामी ने साथ–साथ में खाना भी खाया। यम ने अपनी बहन यामी को अनेकों उपहार भी दिये। लोग यम द्वितीया या भाई दूज को बहन–भाई के पारस्परिक प्रति प्रेम और स्नेह के रूप में मनाते है।

**माता लक्ष्मी की स्थाई कृपा प्राप्त करने का अचूक इलाज**

दीपावली के पावन पर्व सौभाग्य धन, सम्पन्नता, सुख खुशी की कामना रखने वाले सभी व्यक्ति माता लक्ष्मी जी पूजा अर्चना और आराधना श्रद्धा के साथ करते हैं। साधारणतया हम अपने–अपने घरों की बाहरी सफाई करते हैं रंग–रोशन भी करवाते हैं, घरों को सजाते भी हैं। हम दीपावली पर अपने आप से सवाल पूछें क्या हमारा दिल सभी अवगुणों यानी क्रोध, ईर्ष्या, लोभ–लालच, असीमित इच्छा, घ्रणा, राग–द्वेष छल–कपट से मुक्त है? अधिकांश लोगों की अंतरात्मा से यही आवाज आयेगी–नहीं–नहीं। क्योंकि कमोपेश इनमें बहुत से दुर्गुण हमारें दिलों में मोजूद हैं। याद रखिये जब तक हम अपनी आत्मा एवं दिल को इन दुर्गुणों से मुक्त नहीं करंगे माँ मोक्ष लक्ष्मी हमारे घर मे प्रवेश नहीं करेगी। यह मान कर चले जिस दिन हमने अपनी आत्मा और –दिल को इन दुर्गुणों से मुक्त कर लिया उसी क्षण से माँ मोक्ष लक्ष्मी आप के घर मे सदेव के लिए निवास करेंगी ओर आपका घर परिवार हमेशा धन सम्पदा खुशियों के हजारो दीपों से रोशन होगा। माँ लक्ष्मी उन्हें पसंद करती है जो रचनात्मक सोच रखते है, जिनके पास एक कार्य योजना है, सब के सहयोग से काम करते हैं,सभी की मदद करते है, खुद खुश रहते हैं और अन्य को भी खुशी देते हैं, अच्छे काम और दूसरे की भलाई के लिए प्रयास करते हैं। गरीबों की मदद करते हैं, किसी भी उपेक्षा ओर अपमान नहीं करते हैं और ना ही किसी से कोई अपेक्षा रखते हैं और जीवन में हुए हर परिवर्तन को दिल से स्वीकार करते है। किसी भी उपेक्षा ओर अपमान नहीं करतें हैं, सच सुनते हैं, सच बोलते हैं तथा हमेशा मीठी वाणी बोलते हैं, सही काम करते हैं एवं किसी के लिए बुरा नहीं करते हैं और जीवन मे आई मुसीबतों का हिम्मत के साथ मुकाबला करते है तथा निष्काम भाव से सात्विक कर्म करते हुए उनको प्रभु को अर्पण कर देते।

याद रखे सच्चा सुख केवल सत्य से ही मिलता है, यह भी संभव है की इस प्रक्रिया मे आपको दुःख का भी सामना करना पड़े। यह भी सत्य है कि जहां पर बुद्धीजीवी का अपमान होता है उस स्थान पर लक्ष्मीजी निवास नहीं करती है। माता लक्ष्मी वहीं निवास करती है जहाँ गरीबों की मदद करने ओर उनकी सेवा करने की भावना होती है, जहाँ मूर्खो और पाखंडियों को सम्मानित नहीं किया जाता है, जहाँ लोगों जरुरतबंध स्त्री–पुरूषों को कभी खाली हाथ नहीँ लोटाया जाता है, जहाँ बच्चों को भगवान के तुल्य मान कर उन्हें प्यार दिया जाता है, जहां पारिवारिक–क्लेश नहीं होते है और जहाँ पति–पत्नी दो शरीर एवं एक आत्मा के रूप में रहते हैं। निसंदेह लक्ष्मी जी वहां कभी नहीं जाती जहां पर गंदगी होगी ओर लोग आलसी–कामचोर, घमंडी, क्रोधी होंगे एवं जहाँ पर महिलाओं–बच्चो का सम्मान नहीं होगा। माँ लक्ष्मी उनसे भी नाराज होती हैं जो शंकालु, परिवर्तन से डरने वाले, डर में ही जीने वाले, डरपोक एवं जो सिर्फ अपने लिए ही धन इकट्ठा करने वाले होते हैं।

धर्म शास्त्रों में उल्लेखित मान्यता निर्विवाद और सही है, किन्तु आज के माहौल को देख आत्मा स्वयं से सवाल करती है और तर्क वितर्क भी करती है क्यों माता लक्ष्मी आज धन–संपदा से ईमानदारों, बुद्धीजीवियों, सत्यवान दीयों और कानून में विश्वास रखने वालों के बजाय भ्रष्टाचार अनाचार मे लिप्त, सजायाप्ता स्त्री–पुरुष, जनसाधारण का शोषण करने वाले लोगों को उपकृत करती दिखाई दे रही है, क्यों समाज के कंटक, गुंडे लोग ऐशोआराम की जिंदगी जी रहें हैं? क्यों बुद्धीजीवियों को अनपढ़ों के आदेश मानने पड़ रहे हैं? क्यों सत्यवादी आदमीयों के लिये अपनी न्यूनतम जरूरतों को पूरा करने के लिये भी संघर्ष करना पड़ रहा है? क्यों जुमलेबाज लोगों को मूर्ख बना कर अपना हित साध पाने में सफल हो रहे हैं? सच्चाई तो यही है कि परमात्मा के न्याय में देरी तो हो सकती है किन्तु देर सबेर न्याय जरूर मिलता है। प्रभु ईसामसीह कहते थे कि सुई की नोक के अंदर ऊँट तो भले ही प्रवेश कर सकता है किन्तु गलत तरीकों से धन कमाने वाला व्यक्ति कभी भी स्वर्ग में प्रवेश नहीं कर सकता है उनको तो माया लक्ष्मी भ्रमित करती है मोक्ष दायनी माँ लक्ष्मी उनसे कोसों दूर रहती है और ऐसे धनिक मनुष्य को जीवन के किसी पड़ाव पर असाध्य रोगों बीमारियों से और अन चाही तकलीफों के शिकार होते हैं उनके परिजन धन की अधितकता की वजह से पथ भ्रष्ट होकर नारकीय जीवन जीते हैं। माने या नही माने ऐसे आदमीयों के परिजन परिवार की प्रतिष्ठता को कलंकित करते है। गुरु नानक देव जि ने बतलाया था कि नेकी की कमाई ही सच्चा सुख–सम्पनता प्रदान करती है।

**–डा .जे.के.गर्ग,**
**पूर्व संयुक्त निदेशक कालेज शिक्षा, जयपुर**

# दीपावली की रामा-श्यामा करने बाजार में पैदल निकले विधायक धनकड, जगह-जगह हुआ स्वागत

**पावटा।विराटनगर** विधानसभा क्षेत्रीय विधायक कुलदीप धनकड ने सोमवारको पावटा प्रागपुरा नगरपालिका क्षेत्र व मंगलवार को मण्ढा, राजनौता, संतोषी माता मंदिर, कारोली, हापोडा स्टैंड, पाछूंडाला, प्रेमनगर व बुधवार को बड़नगर, तुलसीपुरा, ठिकरिया, जयसिंहपुरा, लुहाकणा खुर्द, लुहाकणा कलां, किशनपुरा, श्री श्री 1008 बाबा बालकनाथ आश्रम अहीर की बावडी मे सुबह 10 बजे दीपावली के पावन पर्व पर रामा–श्यामा करने बाजार में निकले।

इस दौरान उनका जगह–जगह व्यापारियों, व्यापारिक संगठनों के प्रतिनिधियों और समाजसेवियों ने स्वागत किया।विधायक कुलदीप धनकडने दीपावली की रामा–श्यामा कार्यक्रम की शुरूआत करते हुए मुख्य बाजारों में व्यापारियों, व्यापारिक संगठनों के प्रतिनिधियों और समाजसेवियों व ठाामीणों से रामा श्यामा की। इस दौरान उनका व्यापारियों ने जगह–जगह पर माला साफा पहनकर भव्य स्वागत–सम्मान किया। पद यात्रा के दौरान धनकड ने जहां बुजुर्ग महिलाओं और पुरुषों से आशीर्वाद लिया। वहीं बच्चों को आशीर्वाद के साथ उज्जवल भविष्य की शुभकामनाएं भी दीं।



**विधायक कुलदीप धनकड ने बाजार में पैदल धूम कर रामा श्यामा की ।**

## मालपुरा में व्यापारियों को मिलेगा पुरस्कार

**मालपुरा (निस)।** दीपावली के पावन पर्व पर मालपुरा शहर में विशेष सजावट करने वाले व्यापारियों को नगरपालिका प्रशासन की ओर से नगद पुरस्कार दिया जायेगा । नगरपालिका अधिशाषी अधिकारी ने दुकान सजाओं ईनाम पाओ की घोषणा कर बुधवार को आदेश जारी करते हुये व्यापारियों को सजावट के लिये किया प्रेरित। विशेष सजावट का मुल्यांकन करने के लिये छः सदस्यों की चयन कमेटी का गठन किया गया। जिसमे तहसीलदार पवन कुमार चौधरी,पालिका के अतिरिक्त प्रशासनिक अधिकारी जयनारायण ,वरिष्ठ नागरिक त्रिलोक चन्द विजय,दीपोत्सव आयोजन समिति के संयोजक डॉ. राजकुमार ,हिन्दु समरसत्ता मंच के एडवोकेट कृष्णकांत जैन व रामजीलाल शर्मा को शामिल किया गया। प्रथम पुरस्कार विजेता को 5100०० रूपये एंव द्वितीय विजेता को 2100०० रूपये एंव तृतीय विजेता को 1100०० रूपये का पुरस्कार दिया जायेगा। इस बार पांच दिवसीय दीपोत्सव के तहत शहर के प्रमुख चौराहो पर भजन संध्या,अलगोजा पार्टी,मशक्क बीन,के साथ–साथ सुभाष सर्किल पर राधाकृष्ण व हनुमान जी की संजीव आकर्षण का केन्द्र रहेगी।

# कलक्टर ने स्वच्छ वायू प्रदूषण के उपायों को देखा



**वायु प्रदूषण के नियंत्रण संबंधित एजेंसियों द्वारा धरातल किये जा रहे कार्यों**

**अलवर** । जिला कलक्टर डॉ. आर्तिका शुक्ला ने शहर में वायु प्रदूषण के नियंत्रण हेतु संबंधित एजेंसियों द्वारा धरातल पर किये जा रहे कार्यों का मौका निरीक्षण किया। उन्होंने वायु प्रदूषण के चिन्हित हॉटस्पॉट क्षेत्र ट्रांसपोर्ट नगर, हनुमान सर्किल, 200 फिट रोड, टेल्को सर्किल, पुराना इंडस्ट्रियल एरिया आदि के आस–पास के क्षेत्र का दौरा किया।

उन्होंने निर्देश दिये कि शहर की वायु गुणवत्ता हेतु नगर निगम, यूआईटी, पीडब्लूडी, रीको एवं प्रदूषण नियंत्रण मंडल तालमेल रख कर शहर की वायु गुणवत्ता एवं स्वच्छता हेतु चिन्हित हॉटस्पॉट पॉइंट पर निरोधात्मक गतिविधियां करावें जिसमें रोड़ साइड पानी का निरंतर छिडकाव, रोड़ डस्ट को हटवाने के साथ रोड़ साइड इंटरलोकिंग टाइल्स लगवाना तथा पौधारोपण आदि के कार्य कराये जाये। कचरा किसी भी स्थिति में नहीं जले इसे सुनिश्चित करावें। उन्होंने वायु प्रदूषण के हॉटस्पॉट के रूप में चिन्हित अग्रसेन सर्किल से हनुमान सर्किल वाली सडक एवं वहां से सूर्य नगर लिंक रोड तक नगर विकास न्यास के द्वारा, पुराना औद्योगिक क्षेत्रा ईटाराना पुलिया से सामोला सर्किल व कृषि उपज मंडी मोड से रेल्वे स्टेशन तक तथा ट्रांसपोर्ट नगर की मैन सडक पर नगर विकास न्यास द्वारा तथा टेल्को सर्किल से भूगोर बाईपास तक रिडकोर द्वारा रोड साइड डस्ट को हटाने, इंटर लॉकिंग कार्य कराने तथा पौधारोपण कराने के निर्देश दिये। उन्होंने यूआईटी की सचिव को निर्देश दिये कि टेल्को सर्किल के पास एक प्रवेश द्वार तथा अन्य सौन्दर्यकरण के प्रस्तावित कार्यों की कार्ययोजना बनाए। इस दौरान यूआईटी की सचिव सुश्री धाईगुडे स्नेहल नाना, नगर निगम आयुक्त जितेन्द्र सिंह नरूका, पीडब्लूडी के अधीक्षण अभियंता श्री भूरी सिंह, प्रदूषण नियंत्राण मण्डल के क्षेत्रीय अधिकारी श्री दिपेन्द्र झरवाल, यूआईटी के अधिशाषी अभियान श्री योगेंद्र वर्मा, नगर निगम के राजस्व अधिकारी युवराज मीणा सहित संबंधित अधिकारी उपस्थित रहे।

# ईसा से 300 साल पहले से जारी हो रहे हैं मां लक्ष्मी अंकित सिक्के



**भारत में आए विदेशी शासक इंडो सीथियन राजाओं ने मां लक्ष्मी के गजलक्ष्मी वाले सिक्के जारी किए थे।**

**कोटा, (निसं)।** दीपावली पर हर घर में ऐश्वर्य व वैभव की देवी मां लक्ष्मी की पूजा होती है। साथ ही ज्यादातर परिवार मां लक्ष्मी के अंकित सिक्के खरीदते हैं और उनका घर धन–धान्य से परिपूर्ण रहे इसकी कामना के साथ पूजा के उपरांत उन सिक्कों को सहेज कर रखते हैं। वरिष्ठ मुद्रा विशेषज्ञ (न्यूमिजमाटिक्स) एडवोकेट शैलेश जैन कहते हैं कि दीपावली पर लक्ष्मी पूजन के लिए सिक्के खरीदने की परंपरा रियासतकाल से चली आ रही है।

कई हिंदू शासकों के कालखंड में यह सिक्के तो जारी किए ही गए है।मुस्लिम शासक मोहम्मद गोरी ने भी मां लक्ष्मी अंकित सिक्के जारी किया था और इसके प्रमाण आज भी मौजूद हैं जिन्हें म्यूजियम में सहेजकर रखा गया है। भारत में आए विदेशी शासक इंडो सीथियन राजाओं ने मां लक्ष्मी के गजलक्ष्मी वाले सिक्के जारी किए थे। इनमें राजा एजायलिस का एक सिक्का यूनाइटेड किंगडम के एशमोलियन म्यूजियम और दूसरा ब्रिटिश म्यूजियम में रखा है। उन्होंने बताया कि मां लक्ष्मी अंकित सिक्कों को ऐश्वर्य, समृद्धि और खजाने में संपन्नता के लिए हिंदू शासकों ने सहेजकर रखा। यही रीत कई मुस्लिम शासकों ने भी अपनाए और मां लक्ष्मी पर सिक्के जारी किए क्योंकि लक्ष्मी जी को सदियों से ऐश्वर्या, सौभाग्य की देवी के रूप में पूजा जाता रहा है। जैन ने बताया कि करीब 2300 साल पहले भी मां लक्ष्मी की मूर्ति अंकित सिक्के जारी हुए थे। न्यूमिजमाटिक्स एडवोकेट शैलेश जैन ने बताया कि ईसा से 300 साल पहले यानी 2300 साल पूर्व भी मां लक्ष्मी की मूर्ति अंकित सिक्के मिले हैं। लगभग इसी कालखंड में माता लक्ष्मी पर सिक्के या मुद्रा जारी होना शुरू हुआ था। न्यूमिजमाटिक्स जैन का कहना है कि उज्जैन के सिक्कों पर गज लक्ष्मी का अंकन मिलता है। ये सिक्के भी 2200 से 2300 साल पुराने हैं।

इसमें मां लक्ष्मी कमल पर आसीन पर दिखती हैं तो कुछ सिक्कों में बैठी नजर आती हैं। साथ ही इसमें मां लक्ष्मी के दोनों तरफ हाथी दिखते हैं। ये दोनों हाथी अपनी सूंड को ऊपर उठाए वैभव की वर्षा करते हैं। कुषाणवंश के राजा कनिष्क के समय के सिक्के पर एक देवी नजर आती हैं जो गेहूं की बालियां लिए खड़ी दिखती हैं जिन्हें इतिहासकार मां लक्ष्मी मानते हैं। इसी तरह वर्तमान में भी लक्ष्मीजी का यही स्वरूप देखने में आता है। पांचाल राज्य में फाल्गुनी मित्र ने पहली शताब्दी के दौरान सिक्का जारी किया था।

फोनः-4103333, 2362400 फैक्सः-0141-2373513 वर्षः 75 संख्याः 91 प्रभात जयपुर, गुरुवार 31 अक्टूबर, 2024 डाक पं.सं. जयपुर सिटी/001/2021-23 पृष्ठ 8 मूल्य 2.75 रु.

जयपुर • कोटा • बीकानेर • उदयपुर • अजमेर • जालोर • हिण्डौनसिटी • चूरू

# राष्ट्रदूत

Metro

Rashtradoot

epaper.rashtradoot.com

ARBIT



**Indian Ornament in a famous Rossetti painting**

Back in the *A Golden Treasury* listing, Stronge records that a bracelet similar to the 1850 Madras one (albeit mounted on plaited gold wires), from Rossetti's collection and worn by the bride, is held in the Victoria and Albert Museum.

**When Diwali meets Halloween**

# कमला हैरिस की लीड कम होने से बेचैन हैं डैमोक्रैटिक पार्टी के रणनीतिकार

## डैमोक्रैटिक पार्टी के नेताओं ने नई रणनीति पर विचार मंथन शुरू किया

- नई रणनीति के तहत जमीनी स्तर पर सक्रियता बढ़ाना, समर्थकों को वोट देने के लिए प्रेरित करना, फोन पर और घर-घर जाकर प्रचार करना शामिल है।
- काफी हद तक दारोमदार उन वोटर्स पर है जिन्होंने अभी कोई निर्णय नहीं लिया है। हैरिस की पार्टी के नेता ऐसी नीति पर काम कर रहे हैं, ताकि, इन वोटर्स को अपनी तरफ किया जा सके।
- ट्रम्प की निरन्तर बढ़ती लीड का कारण यह है कि जनता अर्थव्यवस्था, रोजगार व इमिग्रेशन पर ट्रम्प की नीति को बेहतर मान रही है। हालांकि हैरिस कैपिटल रॉयट का मुद्दा उठा कर ट्रम्प को लोकतंत्र विरोधी साबित करने में कोई कसर नहीं छोड़ रही हैं।
- विशेषज्ञों का कहना है कि कुछ राज्यों में ट्रम्प व हैरिस के बीच कांटे की टक्कर है और ये राज्य ही विजेता का निर्धारण करेंगे।

**-सुकुमार शाह-**
**-राष्ट्रदूत दिल्ली ब्यूरो-**

नई दिल्ली, 30 अक्टूबर। अमेरिका के राष्ट्रपति चुनाव में डॉनल्ड ट्रम्प पर कमला हैरिस की बढ़त कम हो गई है। हाल ही में रॉयटर्स/इप्सॉस के पोल में पता चला है कि उनकी बढ़त मात्र एक प्रतिशत ही रह गई है। तीन दिन चला यह पोल रविवार को खत्म हुआ जिसमें दोनों नेता लगभग बराबरी पर रहे। ज्ञातव्य है कि 5 नवम्बर को यहां चुनाव होना है। ट्रम्प पर कमला हैरिस की बढ़त कम होने से जाहिर है कि डैमोक्रैटिक पार्टी में बेचैनी बढ़ गई है। जीत की संभावना बढ़ाने के लिए पार्टी नेताओं ने कई नीतिगत कदम उठाए हैं जैसे जमीनी स्तर पर सक्रियता बढ़ाना ताकि उनके समर्थक वोट देने आगे आएं। इसमें फोन पर प्रचार, घर-घर जाना और जनाधार मजबूत करने के लिए इवैंट्स कराना।

प्रमुख मतदाताओं को चिंताओं के समाधान के लिए संदेश दिया जाए, खासकर उन मसलों पर जिन पर ट्रम्प को बढ़त प्राप्त है जैसे अर्थव्यवस्था और इम्मिग्रेशन आदि। जिन मसलों पर हैरिस मजबूत हैं उन्हें उभारना होगा ट्रम्प की नीतियों से उनकी तुलना करनी होगी ताकि उन वोटर्स को अपनी तरफ किया जा सके जिन्होंने अभी कोई निर्णय नहीं किया है।

अब फोकस उन राज्यों पर हैं जहां असली मुकाबला है यहां प्रचार तेज करना होगा। संसाधनों को सक्रिय कर इन क्षेत्रों में हाइप्रोफाइल नेताओं को तैनात करना होगा जिससे डैमोक्रेटिक पार्टी का जनाधार बढ़ाने में मदद मिल सकती है। इसमें कोई संदेह नहीं है कि हैरिस ने युवा, महिलाओं व अल्पसंख्यक समुदायों तक पहुंच बनाई है जो उनकी सफलता के लिए जरुरी है, इन समूहों से सम्बंधित कदम उठाने से मतदाताओं की संख्या बढ़ सकती है। आइडिया है कि वोटर्स के साथ बात कर उनकी समस्याओं को समझा जाए और उनका समाधान किया जाए।

स्थानीय एडवोकेसी ग्रुप्स के साथ मिलकर सम्पर्क का दायरा बढ़ाने और समुदायों का भरोसा जीतना प्रमुख रणनीति होगा। कड़ी टक्कर को देखते हुए प्रत्याशियों की अपने समर्थकों को वोट में बदलने की क्षमता ही नतीजे निर्धारित करेगी। वर्ष 2020 के चुनाव से इस सदी का सर्वाधिक मतदान हुआ था। अमेरिका के दो तिहाई वयस्कों ने वोट डाला था।

वर्तमान चुनाव में 89 प्रतिशत डैमोक्रेट्स है और 93 प्रतिशत रजिस्टर्ड रिपब्लिकन्स ने मतदान करने का यकीन दिलाया है इसका अर्थ है कि वर्ष 2020 की तुलना में इस बार ज्यादा उत्साह है।

नवीन सर्वे में हैरिस ने ट्रम्प पर एक पॉइन्ट की बढ़त बनाई है। हालांकि जबसे हैरिस चुनावों में उतरी हैं वे लगातार ट्रम्प पर बढ़त बनाए हुए हैं। अक्टूबर में हुए पोल में उन्हें 2 पॉइन्ट की बढ़त मिली थी। पर इससे एक बात साफ उभरी थी

( शेष अंतिम पृष्ठ पर )

# 25.75 लाख रुपए का मोटर दुर्घटना क्लेम खारिज

जयपुर, 30 अक्टूबर। मोटर दुर्घटना मामलों की विशेष अदालत, महानगर प्रथम ने 25.75 लाख रुपए का क्लेम खारिज करते हुए कहा कि मामले में यह साबित नहीं है कि बीमित वाहन के चालक ने लापरवाही से वाहन चलाकर दुर्घटना की है। अदालत ने यह आदेश विष्णु कुमार की याचिका पर

- अदालत ने कहा कि यह साबित नहीं हुआ कि बीमित वाहन के चालक ने लापरवाही से वाहन चला कर दुर्घटना की।

सुनवाई करते हुए दिए।

मामले से जुड़े अधिवक्ता राजेन्द्र कुमार ने बताया कि याचिकाकर्ता ने नेशनल इंश्योरेंस बीमा कंपनी के खिलाफ यह याचिका पेश की है। जिसमें कहा गया कि 21 मई, 2017 को वह प्रकाश चन्द्र के साथ मोटरसाइकिल पर

( शेष अंतिम पृष्ठ पर )

## अवकाश की सूचना

दीपावली के उपलक्ष्य में राष्ट्रदूत कार्यालय में दिनांक 31 अक्टूबर व 1 नवम्बर 2024 को अवकाश रहेगा। अगला अंक 3 नवम्बर को प्रकाशित होगा। - **प्रबंध सम्पादक**

# 'कैनडा में अलगाववादी सिख हरदीप सिंह की हत्या के लिए अमित शाह ने स्वीकृति दी थी'

- यह खबर वॉशिंगटन पोस्ट में एक कैनेडियन अधिकारी के हवाले से छपी थी। कैनडा के डिप्टी विदेश मंत्री डेविड मॉरिसन ने स्वीकार किया, कि वॉशिंगटन पोस्ट की खबर के वो ही सूत्र हैं।
- भारत सरकार ने खबर की खिल्ली उड़ाते हुए कहा, ''क्योंकि कैनडा के प्रधानमंत्री अपने वोट बैंक को लुभाने के लिए किसी भी हद तक गिरने को तैयार हैं, और गैर जिम्मेदाराना बयानबाजी कर रहे हैं, भारत सरकार उनके हर वक्तव्य पर प्रतिक्रिया व्यक्त करने की जरूरत नहीं समझती।
- कैनडा ने भारत से यह भी कहा है कि वे गैंगस्टर लॉरैंस विश्नोई पर नियंत्रण रखें, जिससे वह कैनडा में अपनी हिंसात्मक गतिविधियों को अंजाम नहीं दे सके।
- अभी हाल ही में पंजाब पुलिस ने, एक उच्च पुलिस अधिकारी के ऑफिस को एक टी.वी. स्टूडियो में परिवर्तित करके लॉरैंस विश्नोई को अपना इन्टरव्यू देने की सुविधा दी थी।

**-श्री नन्द झा-**
**-राष्ट्रदूत दिल्ली ब्यूरो-**

नई दिल्ली, 30 अक्टूबर। भारत-कैनडा विवाद और भी बढ़ गया है। ओटावा द्वारा गृहमंत्री अमित शाह पर ऑन-रिकॉर्ड आरोप लगाने तक की नौबत आ गई है। ओटावा ने आरोप लगाया है कि अमित शाह ने कैनडा सिक्ख अलगाववादियों के खिलाफ निगरानी तथा हिंसा के अधिकार दे दिये हैं। कैनडा के उप विदेश मंत्री डेविड मैरिसन ने वॉशिंगटन पोस्ट के उस लेख के आधार पर, मंगलवार को इस बात की पुष्टि की, जिसने इस माह के प्रारम्भ में सबसे पहले अमित शाह के खिलाफ आरोपों की रिपोर्टिंग की थी। भारत सरकार ने इन आरोपों का खंडन किया है। एक भारतीय अधिकारी ने कहा, ''सिर्फ इसलिये, कि कैनडा में इस समय एक ऐसे प्रधानमंत्री हैं, जो अपने वोट बैंक के तुष्टीकरण के लिये किसी भी सीमा तक गिर सकते हैं, इसका अर्थ यह बिल्कुल नहीं है कि भारत के गृहमंत्री इस बयान को तवज्जोह देंगे, जिसे तिरस्कार की दृष्टि से देखा जाना चाहिये, क्योंकि यह बयान तिरस्कार रख घृणा का ही हकदार हैं।''

इसी बीच, कैनडा ने भारत से यह कहा भी है कि वह जेल में बन्द गैंग्स्टर लॉरैंस विश्नोई को कैनडा में और कारनामे करने से रोके। प्रसंगवश बता दें कि पंजाब एवं हरियाणा उच्च न्यायालय ने आज पंजाब पुलिस अधिकारियों को फटकार लगाते हुये कहा कि पुलिस ने इस गैंगस्टर को, अपने हाल ही के टेलीविजन इन्टरव्यू के लिये स्टूडियों के रूप में, एक वरिष्ठ पुलिस अधिकारी के दफ्तर को काम में लेने दिया। न्यायमूर्ति अनुपिन्दर सिंह तथा लपिता बनर्जी की बैंच ने कहा, ''पुलिस अधिकारियों इस क्रिमिनल को इलेक्ट्रॉनिक डिवाइस काम में लेने की अनुमति दे दी तथा इन्टरव्यू के आयोजन के लिये उसे स्टूडियो जैसी सुविधा उपलब्ध कराई। ऐसे काम से अपराध का महिमा मंडन होता है तथा ऐसी सम्भावना

( शेष अंतिम पृष्ठ पर )

# 'पराली जलाने से ज्यादा प्रदूषण तो वाहनों से हो रहा है'

## कांग्रेस ने हैल्थ एण्ड क्लाइमेट चेंज पर लैन्सैट रिपोर्ट का हवाला देते हुए कहा

- कांग्रेस महासचिव जयराम रमेश ने कहा, पराली जलाने को प्रदूषण का बड़ा कारण बताया जाता है पर लैन्सैट रिपोर्ट के अनुसार भारत में 2021 से 2024 के बीच पराली जलाने के मामले 51 प्रतिशत कम हो गए हैं और दिल्ली का प्रदूषण बढ़ने में पराली जलाने का योगदान मात्र 0.92 प्रतिशत ही है।
- जयराम रमेश ने कहा, वायु प्रदूषण भारत में जनस्वास्थ्य की एक प्रमुख चुनौती है और इससे निपटने के लिए हमें भारी बदलाव करने होगें। अक्षय ऊर्जा, इलैक्ट्रिक वाहन और सार्वजनिक यातायात को प्राथमिकता देनी होगी।

**-जाल खंबाता-**
**-राष्ट्रदूत दिल्ली ब्यूरो-**

नई दिल्ली, 30 अक्टूबर। कांग्रेस महासचिव (संचार) जयराम रमेश ने बुधवार को कहा कि, दॅ लैन्सैट काउन्टडाउन ऑन हैल्थ एण्ड क्लाइमेट चेंज की नई रिपोर्ट ने भारत में वायु प्रदूषण के बारे में चिंताजनक निष्कर्ष दिए हैं।

- सन् 2021 में वायु प्रदूषण के कारण भारत में कुल 16 लाख मौतें हुईं।

- इनमें से 38 प्रतिशत मौतों में कोयला तथा लिक्विड गैस जैसे फॉसिल फ्यूल (जीवाश्म ईंधन) की भूमिका थी।

- सन् 2022 में भारत ने दुनिया के उपभोग आधारित पी.एम. 2.5 उत्सर्जन में 15.8 प्रतिशत और दुनिया के कुल वायु प्रदूषण में 16.9 प्रतिशत का योगदान दिया। दुनिया के उत्पादन आधारित पी.एम. 2.5 (जहरीली हवा में मौजूद बारीक कण) उत्सर्जन में यह सबसे बड़ा योगदान है। ये प्रदूषण कण 2.5 माक्रोमीटर से भी कम होते हैं और सीधे फेफ ड़ों में प्रवेश कर सकते है।

जयराम ने कहा कि दिल्ली में पिछले कुछ हफ्तों ने हमारे सामने आने वाली चुनौतियों का उदाहरण पेश किया है।

- 16 अक्टूबर तथा 22 अक्टूबर 2024 के बीच, पी.एम. 2.5 का औसत 104 यूजी/एम3 से बढ़कर चिंताजनक 168 यूजी/एम3 तक पहुँच गया।

- तथापि पराली जलाना, जिस पर लम्बे समय से दिल्ली के वायु-प्रदूषण को लेकर दोषारोपण होता रहा है, नासा के ''विज़िबल इन्फ्रारैड इमेजिंग रेडियोमीटर स्वीट (वी.आई.आई.

( शेष अंतिम पृष्ठ पर )

# लद्दाख में सेना हटने की प्रक्रिया पूरी हुई

नई दिल्ली/लद्दाख, 30 अक्टूबर। पूर्वी लद्दाख सीमा पर देपसांग और डेमचोक पॉइंट से डिसएंगेजमैंट (सेनाओं के पीछे हटने की प्रक्रिया) पूरा हो चुका है। रक्षा सूत्रों के मुताबिक, दोनों पॉइंट से भारत-चीन की सेनाओं की टुकड़ी की पूरी तरह से वापसी हो चुकी है। गुरुवार को दीपावली के दिन सैनिकों में मिठाइयां बांटी जाएंगी। इसके बाद जल्द ही इन दोनों पॉइंट पर भारतीय सेना पेट्रोलिंग शुरू करेगी। इस दौरान लोकल कमांडर स्तर की बातचीत चलती रहेगी।

- भारत व चीन की सेनायें अप्रेल 2020 से पहले की स्थिति में लौटीं।

इससे पहले एक बयान में रक्षा मंत्रालय ने कहा था कि भारत और चीन 28-29 अक्टूबर तक एल.ए.सी. पर सैन्य वापसी की प्रक्रिया पूरी कर लेंगे।

देपसांग और डेमचोक से पीछे हटने की जानकारी 18 अक्टूबर को सामने आई थी। इसमें बताया गया था कि यहां से दोनों सेनाएं अप्रैल 2020 से पहली की स्थिति में वापस लौटेंगी। साथ ही उन्हीं क्षेत्रों में गश्त करेंगी, जहां अप्रैल 2020 से पहले किया करती थीं।

( शेष अंतिम पृष्ठ पर )

# राजनैतिक अनिश्चितता से जूझ रहा है जापान

## विश्व की चौथी सबसे बड़ी अर्थव्यवस्था के लिए यह कदापि अच्छी स्थिति नहीं है

- प्रधानमंत्री शिगेरु इशीबा ने मध्यावधि चुनाव का जो दांव खेला उसमें उन्हें विफलता मिली। लम्बे समय से सत्तारुढ़ पार्टी, लिबरल डैमाक्रैटिक पार्टी को बहुमत नहीं मिला। हालांकि, शिगेरु ने छोटे दलों से गठबंधन कर बहुमत जुटा लिया है।
- बहुमत भले ही मिल गया हो पर जमीनी स्तर पर मुश्किलें बढ़ गई हैं।
- लम्बे समय से ''डिफ्लेशन'' (मांग और कीमतों में कमी) से जूझ रहे जापान की अर्थव्यवस्था की ग्रोथ रेट बहुत कम हो गई है। शिगेरु ने ''डिफ्लेशन'' को दूर करने का प्रयास किया, जिससे कीमतें बढ़ीं और अर्थव्यवस्था की ग्रोथ रेट भी बढ़ी।
- लेकिन जापान की जनता को मूल्य वृद्धि रास नहीं आई उन्हें ''डिफ्लेशन'' की आदत हो गई है। महंगाई बढ़ने पर जापान की जनता की नाराज़गी चुनाव नतीजों में दिखी है।

**-अंजन रॉय -**
**- राष्ट्रदूत दिल्ली ब्यूरो -**

नई दिल्ली, 29 अक्टूबर। गत रविवार जापान के चुनाव नतीजों ने एक बार फिर यह साबित कर दिया है कि अच्छा अर्थशास्त्र अक्सर राजनैतिक लाभ नहीं देता है। पर इसका अर्थ यह है नहीं है कि खराब अर्थशास्त्र राजनैतिक रूप से फायदेमंद होता है।

इस सोमवार चुनाव नतीजे स्पष्ट हो गए। यह साफ था कि प्रधानमंत्री शिगेरु इशिबा संकट में थे। उन्होंने मध्यावधि चुनाव घोषित कर एक दांव खेला उन्हें उम्मीद थी कि इससे उन्हें ज्यादा ठोस बहुमत मिलेगा।

लेकिन नतीजे उलट आए लम्बे समय तक शासन करने वाली लिबरल डैमोक्रेटिक पार्टी को बहुत अपने दम पर बहुमत नहीं मिला। बहुमत के लिए 233 सीटों की जरूरत थी पर इसे 191 ही मिली जबकि पहले इसके पास 247 सीटें थी। अब छोटे सहयोगी कोमेईतो की बदौलत गठबंधन के पास 247 सीटें हो पाईं हैं।

एल.डी.पी. के सामने कई मजबूरियां हैं इसे बहुमत जुटाने के लिए कई छोटे दलों का समर्थन लेना पड़ा। नम्बर भले ही जुट गया हो पर जमीनी स्तर पर स्थिति ज्यादा अनुकूल नहीं है। जापान कई वर्षों से अर्थव्यवस्था की धीमी रफ्तार से जूझ रहा है। इसका पहला लक्षण है डिफ्लेशन।

डिफ्लेशन एक ऐसी स्थिति है जिससे निपटना इनफ्लेशन की तुलना में कठिन है। जब एक लम्बे समय तक कीमतें गिरती रहती हैं तो ऐसी मानसिकता उत्पन्न होती है जो अर्थव्यवस्था की ग्रोथ के खिलाफ होती है।

तब उपभोक्ता वस्तुओं व सेवाओं पर धन खर्च नहीं करते हैं। वे यह सोचते हैं कि निकट भविष्य में यह असफल हो जाएगी। इस प्रकार खर्च कम हो जाता है।

तीन दशकों से जापान इसी स्थिति का सामना कर रहा है और अर्थव्यवस्था अपनी क्षमता तक ग्रोथ नहीं कर पाई है। जापान के इकोनॉमिक मैनेजर्स ने हर तरीका आजमा लिया है। बैंक ऑफ जापान ने ऐतिहासिक रूप से भारी कमी भी की थी।

यही नहीं सैंट्रल बैंक ने नैगटिव इंट्रैस्ट रेट्स भी शुरू की थी जो कि सैंट्रल बैंकिंग के इतिहास में अप्रत्याशित था। इसका अर्थ था कि अगर उसने अपनी बचत बैंक में जमा की तो उसमें कमी होगी, बैंक के पैसा रखने पर ब्याज देने की बजाय वे थोड़ी ही राशि वसूलते थे।

स्थिति हाल ही में बदली थी। बैंक ऑफ जापान ने दो प्रतिशत का इनफ्लेशन टारगैट रखा था जो लगभग

( शेष अंतिम पृष्ठ पर )

# शौचालय में यात्री पाये गये तो ट्रेन नहीं चलेगी

नयी दिल्ली, 30 अक्टूबर। भारतीय रेलवे ने इस वर्ष दीपावली एवं छठ पर्व पर देश के पूर्वी भाग की ओर यात्रा करने वाले साधारण श्रेणी के यात्रियों को गरिमापूर्ण मानवीय दशा में यात्रा सुलभ कराने के लिए पहली बार अनेक पहलें कीं हैं।

रेलवे के आधिकारिक सूत्रों के अनुसार, साधारण श्रेणी के यात्रियों के

- भारतीय रेल्वे ने यात्रियों की गरिमा व सुरक्षा के लिये नये इन्तजाम किये।

लिए इस साल 7296 विशेष ट्रेनें चलाने की योजना बनायी गयी है। ये गाड़ियां एक अक्टूबर से 30 नवंबर के बीच मांग को देखते हुए चलायी जाएंगी।

सूत्रों के अनुसार, इस साल के त्योहारी सीज़न में पूर्वी उत्तर प्रदेश, बिहार एवं झारखंड की ओर लगभग एक करोड़ लोग रोज़ाना यात्रा कर रहे हैं, जिनमें से 22 से 23 लाख आरक्षित श्रेणियों में

( शेष अंतिम पृष्ठ पर )

# कैनडा ने अचानक इतना भारत विरोधी रवैया क्यों अपनाया है?

## क्या कैनडा, अमेरिका के ''प्रॉक्सी'' के रूप में काम कर रहा है

- अमेरिका, भारत की पुतिन से दोस्ती व रूस से नजदीकियां बढ़ने से ज्यादा खुश नहीं है, और भारत को रूस से दूर करने के लिये भारत को कई सुविधाएं व रियायतें देने का लालच दिया है। पर भारत ने बदस्तूर रूस से मित्रता व नजदीकी लगातार बढ़ाई ही है, कम नहीं की, जैसा कि रूस में आयोजित ब्रिक्स सम्मेलन में देखा गया।
- दूसरी ओर भारत व चीन ने भी सीमा पर तनाव कम करने के लिए एग्रीमैंट (समझौता) भी किया है।
- इस तरह भारत का रूस-चीन धुरि के करीब जाना भी अमेरिका को रास नहीं आ रहा।
- अमेरिका भारत को अपनी ''नाखुशी'' जताने के लिए कैनडा का उपयोग कर रहा है, और इसीलिए कैनडा ने पहले निज्जर की हत्या में भारत के गृहमंत्री को घसीटा, और फिर कैनडा की संसद के ग्राउण्ड्स पर अचानक दीवाली का प्रोग्राम रद्द करने का बेवजह निर्णय लिया है। कैनडा, अमेरिका का प्रॉक्सी बनकर भारत को तंग व असहज करने का प्रयास कर रहा है।

**- अंजन रॉय -**
**- राष्ट्रदूत दिल्ली ब्यूरो -**

नई दिल्ली, 30 अक्टूबर। न्यूज़ एजेन्सी ब्लूमबर्ग द्वारा जारी एक रिपोर्ट के अनुसार कैनडा के एक अधिकारी ने आरोप लगाया है कि केन्द्रीय गृहमंत्री अमित शाह ने, एक सिख अलगाववादी के लिए ''मर्डर प्लॉट'' को ''अधिकृत'' किया था।

एजेन्सी ने अपनी रिपोर्ट में कैनडा के एक अधिकारी के हवाले से लिखा है कि अमित शाह ने हमले के लिए हरी झंडी दी। इसके खुलासे के बाद यह विवाद एक नए ही स्तर पर पहुंच गया है।

इससे पहले, कैनडा के प्रधानमंत्री जस्टिन ट्रूडो ने आरोप लगाया था कि कैनडा के बड़े सिख अलगाववादी नेता की हत्या में भारतीय अधिकारी लिप्त थे। इस आरोप से दोनों देशों के बीच बहुत बड़ा विवाद पैदा हो गया था। इसके बाद, कैनडा के प्रधानमंत्री अपने आरोपों को प्रमाणित करने वाले ठोस सबूत नहीं दे पाये थे।

अब, कैनडा के अधिकारी द्वारा लगाये गये ताजा आरोप के दावे दोनों देशों के बीच के उस विवाद को आग में फिर से घी का काम कर रहे हैं। यह समाचार अन्य किसी नये संगठन द्वारा नहीं लाया गया है।

इसके बाद की रिपोर्टों के अनुसार, कैनडा ने यह जानकारी अमेरिका को दी थी तथा अमेरिका ने भारत से अनुरोध किया था कि वह संबंधित जांच में कैनडा के साथ सहयोग करे। भारत ने जोरदार तरीके से इन आरोपों का खंडन किया था तथा कैनडा सरकार से ठोस सबूत देने के लिए कह दिया था।

अब यह विवाद एक नई ऊंचाई पर पहुंच गया है क्योंकि अब लगाये गये आरोपों में केन्द्रीय गृह मंत्री की लिप्तता बताई गई है। एक बार फिर, आरोपों को प्रमाणित करने वाले कोई सबूत प्रस्तुत नहीं किये गये हैं।

इस बीच, एक अन्य विवाद और पैदा हो गया। दरअसल, कैनेडियन संसद में विपक्ष के नेता पियरे पोइलीवर ने ''दिवाली'' त्यौहार रद्द कर दिया है। त्यौहार के आयोजकों को इसे रद्द करने के कोई कारण नहीं बताये गये हैं। उन्हें इस त्यौहार को रद्द करने की सिर्फ सूचना दी गई है।

भारतीय समुदाय ने अचानक किए इस निरस्तीकरण के बारे अधिकारियों को कड़ा प्रतिवेदन दिया गया है तथा मांग की गई है कि प्रधानमंत्री जस्टिन ट्रूडो इसके लिए माफी मांगे। ऐसा प्रतीत हो रहा है, मानो कैनडा के राजनैतिक वर्ग जान-बूझकर भारत विरोधी वक्तव्यों और कार्यवाहियों से भड़का रहे हैं।

हालांकि यह अभी पूरी तरह निश्चित एवं स्पष्ट नहीं है कि कैनडा ने अचानक यह भारत-विरोधी रुख आखिर क्यों इख्तियार किया है। चूंकि प्रायः यह माना जाता है कि कैनडा, अमेरिका के इशारे पर काम करता है, अतः हो सकता है कि कैनडा के ये कदम अमेरिका के संकेत पर तथा अमेरिकन प्रशासन के कुछ वर्गों के आदेश पर किए जा रहे हों। दरअसल, अमेरिका इस बात से बहुत परेशान है कि भारत, रूस के राष्ट्रपति ब्लादिमिर पुतिन के साथ बड़े मैत्रीपूर्ण संबंध बनाए हुए है। सर्वविदित है कि पुतिन के नेतृत्व में रूस पर पश्चिमी गठबंधन के पहले दुश्मन का ठप्पा लगा हुआ है।

अमेरिका ने भारत को रूसी खेमे से दूर करने

( शेष अंतिम पृष्ठ पर )

# तेलंगाना ने ओ.बी. सी. जातीय जनगणना की मांग की

तेलंगाना, 30 अक्टूबर। तेलंगाना में सत्तारूढ़ कांग्रेस ने एक मीटिंग में एक प्रस्ताव पारित कर केन्द्र सरकार से मांग की कि अगले साल प्रस्तावित जनगणना में ओ.बी.सी. जातीय जनगणना को शामिल किया जाए।

- राज्य सरकार ने अगले साल प्रस्तावित जनगणना में ओ.बी.सी. जातीय जनगणना शामिल करने की केन्द्र सरकार से मांग की है।

बुधवार को कांग्रेस की हुई इस बैठक में मुख्यमंत्री ए. रेवंत रेड्डी और अन्य नेता मौजूद रहे। तेलंगाना प्रदेश कांग्रेस कमेटी (टी.पी.सी.सी.) के अध्यक्ष बी महेश कुमार गौड़ ने कहा कि राज्य सरकार की ओर से किए गए व्यापक सामाजिक, शैक्षिणक, आर्थिक, रोजगार और राजनीतिक एवं जातीय सर्वेक्षण पर

( शेष अंतिम पृष्ठ पर )

CMYK

# जयपुर में हाईटेक सिटी के लिए कंसलटिंग फर्म ने दिया प्रजंटेशन

## यू.डी.एच. प्रमुख सचिव वैभव गालरिया और जयपुर विकास आयुक्त आनंदी समेत वरिष्ठ अफसरों ने देखी इस योजना की प्लानिंग

-कार्यालय संवाददाता-

**जयपुर ।** राज्य सरकार की बजट घोषणा के मुताबिक राजधानी जयपुर में प्रस्तावित 'हाईटेक सिटी' के लिए बुधवार को वोस्टन कंसलटिंग ग्रुप (वी.सी.जी.) ने नगरीय विकास विभाग (यू.डी.एच.) के प्रमुख शासन सचिव वैभव गालरिया और जयपुर विकास आयुक्त आनंदी के समक्ष प्रजंटेशन दिया। बैठक में निदेशक अभियांत्रिकी द्वितीय अजय गर्ग के साथ-साथ वित्त व आयोजना निदेशक के अलावा कई वरिष्ठ अफसर भी मौजूद थे।

■ **हाईटेक सिटी के लिए जमीन चयन के लिए फागी, चाकसू और आगरा रोड पर सर्वेक्षण करवा रहा है नगरीय विकास विभाग व जे.डी.ए. प्रशासन : गालरिया**



नगरीय विकास विभाग के प्रमुख शासन सचिव वैभव गालरिया और जेडीए कमिशनर आनन्दी ने जयपुर में प्रस्तावित हाईटैक सिटी के प्लान को प्रजेंटेशन के जरिये समझा।

वी.सी.जी. के प्रोजेक्ट लीडर श्रेयर रमन ने हाईटेक सिटी कैसे विकसित की जा सकती है एवं इससे क्या परिलाभ होंगे, के बारे में पॉवर पोईन्ट प्रजेंटेशन के माध्यम से विस्तृत जानकारी दी। रमन ने हाईटेक सिटी से संबंधित प्रमुख बिंदुओं के बारे में जानकारी दी, जिसमें कनेक्टिविटी, मिक्स यूज जोनिंग, सोशल इंफ्रास्ट्रक्चर, स्मार्ट सिटी इंफ्रास्ट्रक्चर, क्वालिटी यूटिलिटी इंफ्रास्ट्रक्चर इत्यादि के बारे में बताया गया। इसके अतिरिक्त हाईटेक सिटी, किस मॉडल में विकसित करनी है, डवलपमेंट मॉडल एवं क्रॉस डिपार्टमेंटल मेकेनिज्म इत्यादि के बारे में चर्चा हुई।

प्रमुख शासन सचिव-यूडीएच ने बताया कि नगरीय विकास विभाग एवं जेडीए द्वारा हाईटेक सिटी के लिए भूमि चयन के लिए फागी, चाकसू, आगरा रोड इत्यादि स्थानों पर सर्वेक्षण करवाया जा रहा है।

## खाद्य विभाग ने प्रदेशभर में 803 फर्मों पर शिकंजा कसा

**जयपुर ।** खाद्य, नागरिक आपूर्ति एवं उपभोक्ता मामलात मंत्री सुमित गोदारा ने बताया कि विभाग द्वारा 21 अक्टूबर से 30 अक्टूबर 2024 तक चलाये गए कंज्यूमर केयर अभियान के तहत कुल 803 फर्मों पर विधिक मापविज्ञान अधिनियम के अन्तर्गत कार्यवाही की गई। जिनमे डिब्बा बंद वस्तुएं नियम के तहत 85 तथा 451 फर्मों पर सत्यापन प्रमाण पत्र एवं सत्यापित बाट माप नही पाये जाने पर विभाग द्वारा गठित टीमों ने फर्मो के विरूद्ध मौके पर ही नोटिस जारी कर 12,35,500 रुपये का जुर्माना लगाया गया है।

प्रमुख शासन सचिव सुबीर कुमार ने बताया कि कंज्यूमर केयर अभियान 21 से 30 अक्टूबर तक नियमित रूप से चलाया गया। इस अभियान का उद्देश्य व्यापारियों को उपभोक्ताओं के व्यापक हित में सही माप तौल करने के लिये प्रेरित करने के साथ ही उपभोक्ताओं को उनके मूल अधिकारों के बारे में सूचित किये जाने तथा उपभोक्ता शिक्षा का प्रसार करना है।

किसी भी प्रकार की सेवा एवं वस्तुएं जो राशि देकर प्राप्त की गई है, उन सेवाओं और वस्तुओं की मानक, मात्रा एवं सही माप तौल उपभोक्ता का विधिक अधिकार है इन अधिकारों के उल्लंघन पर उपभोक्ता, उपभोक्ता मामले विभाग को शिकायत कर सकता है।

# अस्पताल स्थापित करना नीतिगत निर्णय, हाईकोर्ट ने दखल से किया इनकार

**जयपुर ।** राजस्थान हाईकोर्ट ने टोंक जिले की देवली नगर पालिका में अस्पताल आवंटन के लिए भूमि चिन्हित करने के खिलाफ दायर याचिका को खारिज कर दिया है। अदालत ने कहा कि अस्पताल के लिए जगह चिन्हित करना सरकार का नीतिगत निर्णय है और इस भूमि का पालिका अध्यक्ष की पत्नी की जमीन से सटे होने मात्र से दुर्भावना का कोई आधार नहीं बनता है। इसके अलावा अध्यक्ष की पत्नी को याचिका में पक्षकार बनाए बिना ही उन पर आरोप लगाया गया है। ऐसे में याचिका को खारिज किया जाता है। जस्टिस अवनीश झिंगन की एकलपीठ ने यह आदेश जितेन्द्र सिंह की याचिका पर सुनवाई करते हुए दिए।

■ **टोंक जिले की देवली नगर पालिका में अस्पताल आवंटन के लिए भूमि चिन्हित करने के खिलाफ दायर याचिका को अदाल ने खारिज किया**

याचिका में अधिवक्ता लक्ष्मीकांत मालपुरा ने अदालत को बताया कि देवली नगर पालिका ने 1.24 एकड में सरकारी अस्पताल बनाने का प्रस्ताव पास कर इसे स्वीकृति के लिए राज्य सरकार के पास भेजा गया। मामले में निजी खातेदार ने भी साठ फीट रोड निर्माण के लिए भूमि समर्पित करने के लिए अपनी सहमति दे दी। वहीं गत 11 सितंबर को चिकित्सा विभाग ने प्रस्ताव को स्वीकार कर लिया। याचिका में कहा गया कि अस्पताल के लिए चिन्हित की गई इस जमीन से सटकर नगर पालिका अध्यक्ष की पत्नी की जमीन है। ऐसे में उन्हें लाभ पहुंचाने के लिए इस जमीन पर अस्पताल स्थापित करने का निर्णय लिया गया है। इसके अलावा निजी खातेदार ने भी अपनी जमीन की कीमत बढाने के लिए रोड के लिए लिए भूमि समर्पित की है। याचिका में कहा गया कि अस्पताल स्थापित करने के लिए इस स्थान से अधिक अन्य उपयुक्त स्थान उपलब्ध हैं, लेकिन पालिका अध्यक्ष की पत्नी को लाभ पहुंचाने के लिए इस भूमि को अस्पताल के लिए चिन्हित किया गया है। जिस पर सुनवाई करते हुए अदालत ने इसे नीतिगत निर्णय बताते हुए याचिका को खारिज कर दिया है।

## चातुर्मास कलश वितरण समारोह आयोजित

**जयपुर।** आचार्य विद्यासागर के शिष्य अर्हं ध्यान योग प्रणेता मुनि प्रणम्य सागर महाराज ससंघ के सानिध्य में बुधवार को मीरामार्ग के आदिनाथ भवन पर चातुर्मास कलश वितरण समारोह आयोजित हुआ। जिसमें सम्बन्धित श्रावक को चातुर्मास में उसके द्वारा स्थापित कलश प्रदान किया गया। इस मौके पर प्रातः 8.15 बजे मुनि प्रणम्य सागर महाराज के मंगल प्रवचन हुए जिसमें पारस पुराण का वाचन किया गया । पारस पुराण में 16 कारण भावनाओं में संवेग भावना और त्याग भावना को बताते हुए अपना नया चिंतन दिया।

मुनि श्री ने कहा कि धर्म और धर्म के फल से प्रीति करना और संसार से डरना संवेग है। शक्ति अनुसार धर्म के फल को धर्म में लगाने की भावना करना यह त्याग भावना है। उन्होंने कहा कि मुनिजन जो भी प्राप्त करते हैं, वह धर्म से मिला है, ऐसा सोचते हैं और उसे उसी में ही लगा देते हैं। जबकि श्रावक इसे कर्मों का फल मानता है। उसे धर्म का फल नहीं मानता। इसलिए उसमें संवेग और त्याग की भावना नहीं आ पाती है। इससे पूर्व धर्म सभा में चित्र अनावरण, दीप प्रज्जवलन, शास्त्र भेट एवं पाद पक्षालन का सौभाग्य अष्ट प्रतिमाधारी डी सी जैन परिवार एवं अर्हं चातुर्मास समिति के संरक्षक शीतल कटारिया ने प्राप्त किया।

## न्याय-संघर्ष की विजय का उत्सव है दीपोत्सव : सी.एम.

**जयपुर ।** मुख्यमंत्री भजनलाल शर्मा ने दीपावली, गोवर्धन एवं भाईदूज के पावन अवसर पर प्रदेशवासियों को हार्दिक बधाई और शुभकामनाएं देते हुए उनकी सुख-समृद्धि की कामना की है।

शर्मा ने कहा कि दीपों का यह पर्व अन्याय और शोषण के विरूद्ध न्याय एवं संघर्ष की विजय का उत्सव है। यह पर्व हमें सच्चाई व धर्म की राह पर चलने, विपदाओं से नहीं घबराने की प्रेरणा देता है। मुख्यमंत्री ने इस अवसर पर प्रदेशवासियों का आव्हान किया कि वे भगवान श्रीराम के महान आदर्शों को अपने जीवन में आत्मसात कर बेसहारा एवं अभावग्रस्त लोगों की मदद करने का संकल्प लें, जिससे कि सामाजिक समरसता की भावना मजबूत हो और देश-प्रदेश प्रगति के नए आयाम स्थापित कर सके।

# मुख्यमंत्री ने बड़ी चौपड़ पर स्ट्रीट वैंडर से खरीदे मिट्टी के दीपक

## भजनलाल शर्मा ने छोटी चौपड़ पर चांदपोल बाजार व्यापार मंडल की ओर से आयोजित सामूहिक लक्ष्मी पूजन समारोह का शुभारंभ भी किया

**जयपुर ।** मुख्यमंत्री भजनलाल शर्मा ने बुधवार को जयपुर के छोटी चौपड़ पर चांदपोल बाजार व्यापार मण्डल की ओर से आयोजित सामूहिक लक्ष्मी पूजन समारोह का शुभारंभ किया। इसके बाद उन्होंने बड़ी चौपड़ पर स्ट्रीट वेंडर से मिट्टी के दीये एवं पूजन सामग्री की खरीददारी की एवं यूपीआई के माध्यम से ऑनलाइन भुगतान किया।

समारोह में मुख्यमंत्री ने कहा कि दीपावली उत्साह और उमंग का त्योहार है। इस बार की दीपावली का विशेष महत्व है क्योंकि अयोध्या धाम में 500 वर्षों के बाद 22 जनवरी के ऐतिहासिक दिन पर रामलला की प्राण प्रतिष्ठा हुई और प्रभु रामलला के दिव्य व भव्य मंदिर में विराजने के बाद यह पहली दीपावली है।

■ **मुख्यमंत्री ने कहा कि, ''इस बार दीपावली का विशेष महत्व है क्योंकि अयोध्या धाम में 500 वर्षों के बाद 22 जनवरी के ऐतिहासिक दिन पर रामलला की प्राण प्रतिष्ठा हुई और प्रभु रामलला के दिव्य व भव्य मंदिर में विराजने के बाद यह पहली दीपावली है।''**



मुख्यमंत्री भजनलाल शर्मा ने जयपुर में बड़ी चौपड़ पर स्ट्रीट वैंडर से मिट्टी के दीये खरीदकर दीपावली पर्व पर 'वोकल फॉर लोकल' का संदेश दिया।

भजनलाल शर्मा ने कहा कि गांव, गरीब और किसान की समृद्धि से ही प्रदेश की समृद्धि होती है। यह प्रसन्नता का विषय है कि इस बार प्रदेश में भरपूर बारिश हु है, जिससे सभी बांध भरे हुए हैं और अच्छी पैदावार से प्रदेश के गांव, गरीब और किसान खुशहाल हैं।

शर्मा ने कहा कि यशस्वी प्रधानमंत्री श्री नरेन्द्र मोदी के नेतृत्व में हमारी सरकार विकसित भारत-विकसित राजस्थान की दिशा में आगे बढ़ रही है। इसी क्रम में राज्य सरकार 9 से 11 दिसंबर को राइजिंग राजस्थान ग्लोबल इन्वेस्टमेंट समिट का आयोजन करने जा रही है और अभी तक निवेशकों के साथ 18 लाख करोड़ रुपये के निवेश एमओयू किए जा चुके हैं। इससे प्रदेश के विकास को न ऊंचाइयां मिलेगी और रोजगार के नए अवसरों का सृजन भी होगा। उन्होंने व्यापारी वर्ग से इस निवेश सम्मेलन में भागीदारी निभाने का आह्वान किया।

इससे पहले मुख्यमंत्री ने विधिवत लक्ष्मी पूजन कर दीपोत्सव का शुभारम्भ किया। इस दौरान उपमुख्यमंत्री दिया कुमारी, उद्योग एवं वाणिज्य मंत्री कर्नल राज्यवर्धन राठौड़, सांसद मंजू शर्मा, विधायक कालीचरण सराफ, गोपाल शर्मा, बालमुकुन्दाचार्य, रफीक खान, अमीन कागजी, पूर्व सांसद रामचरण बोहरा, जयपुर हैरिटेज मेयर कुसुम यादव, जयपुर ग्रेटर मेयर डॉ. सौम्या गुर्जर, चांदपोल बाजार व्यापार मण्डल अध्यक्ष सुभाष गोयल सहित अन्य जनप्रतिनिधि, व्यापार मण्डल के पदाधिकारी व आमजन मौजूद रहे।

# सांभर झील में पक्षियों का संरक्षण हर हाल में सुनिश्चित हो : सोनी

**जयपुर ।** जिला कलक्टर डॉ. जितेन्द्र कुमार सोनी ने अधिकारियों को सांभर झील एवं झील क्षेत्र के आस पास के क्षेत्र एवं झील में आने वाले पक्षियों की देखभाल एवं संरक्षण के लिए हर संभव प्रयास सुनिश्चित करने के लिए निर्देशित किया है।

सोमवार को कलक्ट्रेट सभागार में जिला कलक्टर ने सांभर झील में पक्षियों के संरक्षण एवं बेहतर रखरखाव के लिए संबंधित विभागों के अधिकारियों की समीक्षा बैठक ली। इस दौरान उन्होंने नगर पालिका के अधिकारियों को झील क्षेत्र एवं आस पास के क्षेत्र में साफ सफाई की व्यवस्था दुरुस्त रखने, झील क्षेत्र में गंदे पानी की निकासी एवं सिंगल यूज प्लास्टिक के प्रयोग पर त्वरित कार्रवाई करने के निर्देश दिये।

■ **जयपुर कलेक्टर ने अधिकारियों को सख्त हिदायत दी, बोले ''लापरवाही नहीं होगी बर्दाश्त''**

■ **अधिकारियों को निरंतर मॉनिटरिंग एवं नियमित निरीक्षण करने के दिये निर्देश**

जिला कलक्टर ने उपखण्ड अधिकारी सांभर को सभी विभागों से समन्वय करते हुए रेस्क्यू कार्य शुरू करने, सांभर क्षेत्र में पर्यटन को बढ़ावा देने, पक्षियों में रूचि रखने वालों को पक्षी मित्र को प्रोत्साहित करने एवं उनका रेस्क्यू कार्य में सहयोग लेने के लिए निर्देशित किया।

वहीं, जिला कलक्टर ने पशुपालन विभाग के अधिकारियों को मृत पक्षियों के निस्तारण के लिए गाइडलाइन जारी करने एवं झील क्षेत्र में तैनात कार्मिकों को मृत पक्षियों के निस्तारण एवं घायल पक्षियों के उपचार के संबंध में आवश्यकतानुसार प्रशिक्षण प्रदान करने के निर्देश दिये। साथ ही, सांभर साल्ट लिमिटेड के अधिकारियों को रेस्क्यू ऑपरेशन में ज्यादा से ज्यादा संसाधन मुहैया करवाने एवं वन विभाग के अधिकारियों को पक्षियों का रेस्क्यू कार्य शुरू करने तथा अस्थाई रेस्क्यू सेंटर संचालित करने के निर्देश दिये।

गौरतलब है कि सांभर झील में कुछ मृत पक्षी पाए जाने के बाद जिला कलेक्टर डॉ. जितेंद्र कुमार सोनी ने संबंधित विभागों के अधिकारियों को पक्षियों के बेहतर एवं प्रभावी संरक्षण के लिए जिम्मेदारियां सौंपी हैं। जिला कलेक्टर ने जिला वन अधिकारी श्री केतन कुमार को सांभर झील में पक्षियों के संरक्षण के लिए नोडल प्रभारी अधिकारी नियुक्त किया है साथ ही जिला स्तरीय अधिकारियों को सप्ताह में एक दिन तथा स्थानीय अधिकारियों को प्रतिदिन सांभर झील एवं आसपास के क्षेत्र का निरीक्षण करने के लिए पाबंद किया है।

बैठक में उप वन संरक्षक वी. केतन कुमार, अतिरिक्त जिला कलक्टर कुंतल विश्नोई सहित वन विभाग, नगरीय निकाय विभाग, सांभर साल्ट लिमिटेड, प्रदूषण नियंत्रण मंडल, पशुपालन विभाग सहित अन्य संबंधित विभागों के अधिकारी मौजूद रहे।

## राष्ट्र की एकता व अखंडता को बनाएं रखें : मुख्यमंत्री

**जयपुर।** मुख्यमंत्री भजनलाल शर्मा ने लौह पुरूष सरदार वल्लभ भाई पटेल की जयंती तथा राष्ट्रीय एकता दिवस पर प्रदेशवासियों को हार्दिक बधाई और शुभकामनाएं दी हैं।

शर्मा ने कहा कि आधुनिक भारत के निर्माता सरदार पटेल ने राष्ट्र को अखण्ड बनाए रखने में अपनी महत्वपूर्ण भूमिका निभाई। आज का विस्तृत, एकीकृत और सुनहरा भारत सरदार पटेल की कूटनीति व दूरदर्शिता का ही परिणाम है। मुख्यमंत्री ने प्रदेशवासियों को आव्हान किया कि वे राष्ट्र की एकता और अखण्डता को बनाए रखने के लिए भाईचारे की भावना को मजबूत रखने का संकल्प ले।

# मदन राठौड़ ने दी दीपोत्सव की बधाई

**जयपुर ।** भाजपा प्रदेश अध्यक्ष मदन राठौड़ ने पंच दिवसीय दीपोत्सव के पावन अवसर पर प्रदेशवासियों को शुभकामनाएं देते हुए सभी के बेहतर स्वास्थ्य, उल्लास और आनंद के लिए मंगलकामनाएं की। प्रदेश अध्यक्ष मदन राठौड़ ने कहा कि दीपोत्सव सभी के परिवारों के लिए ढेर सारी खुशियां और नव ऊर्जा लेकर आएगा।

भाजपा प्रदेश अध्यक्ष मदन राठौड़ ने कहा कि राजा राम के वनवास पूर्ण करने के बाद लौटने पर प्रजा ने घी के दीये जलाए और उनका भव्य स्वागत किया था। इसके बाद से पांच दिवसीय दीपोत्सव हर्षोल्लास और धूमधाम से मनाया जाने लगा। धनतेरस, रूप चतुदर्शी, लक्ष्मी पूजन, गोवर्धन पूजन और भाई दूज जैसे पर्व हमारी संस्कृति और परम्परा के साथ धार्मिक आस्था को भी बढ़ावा देता है। ऐसे में हमसभी एकजुट होकर इन पर्व को उल्लास के साथ मनाएं। भाजपा कार्यालय प्रभारी मुकेश पारीक ने बताया कि दीपोत्सव के पावन अवसर पर भाजपा कार्यालय पर भी रोशनी की गई है। गुरूवार को सुबह 10.30 बजे कार्यालय में लक्ष्मी पूजन किया जाएगा। इस दौरान भाजपा वरिष्ठ पदाधिकारी, कार्यकर्ता और भाजपा परिवार के सदस्यगण उपस्थित रहेंगे। भाजपा कार्यालय परिवार के सदस्यों को प्रदेश अध्यक्ष मदन राठौड़ और मुख्यमंत्री भजनलाल शर्मा की ओर से मिठाई एवं उपहार प्रदान किए गए।

## ग्रेटर निगम में मनाया रूप चतुर्दशी पर्व

**जयपुर ।** नगर निगम ग्रेटर मुख्यालय पर बुधवार को महिलाओं द्वारा रूप चतुर्देशी पर्व मनाया गया। नगर निगम ग्रेटर महापौर डॉ. सौम्या गुर्जर ने स्वयं सहायता समूह की महिलाओं के साथ रूप चतुर्देशी के पर्व पर दीप जलाये तथा महिलाओं को पर्व की शुभकामनाएं देते हुये मिठाई भी खिलाई। इस अवसर पर महापौर ने कहा कि रूप चतुर्देशी का पर्व महिलायें उत्साह और उमंग के साथ मनाती है।

# प्रदेश के 7 विधानसभा क्षेत्रों में अब 69 प्रत्याशी चुनाव मैदान में

**जयपुर ।** राजस्थान में उपचुनाव के लिए 7 विधानसभा क्षेत्रों में 69 अभ्यर्थी चुनाव में भागीदारी करेंगे। इनमें 10 महिला अभ्यर्थी और 59 पुरुष हैं। बुधवार को नामांकन वापसी के अंतिम दिन 10 अभ्यर्थियों ने अपने नामांकन-पत्र वापस लिए हैं, जबकि 5 अभ्यर्थी पूर्व में नाम वापस ले चुके हैं।

मुख्य निर्वाचन अधिकारी नवीन महाजन ने बताया कि 7 विधानसभा क्षेत्रों में उपचुनाव के लिए नामांकन की अंतिम तिथि 25 अक्टूबर तक कुल 94 अभ्यर्थियों ने नामांकन-पत्र प्रस्तुत किए थे। सोमवार 28 अक्टूबर को नामांकन पत्रों की संवीक्षा के दौरान 10 अभ्यर्थियों के नामांकन-पत्र रद्द हुए थे। इस क्रम में बुधवार को नामांकन-पत्र वापसी की अवधि बीत जाने के बाद अब कुल 69 अभ्यर्थी मैदान में हैं।

■ **अब तक 15 अभ्यर्थियों ने नामांकन वापस लिए : नवीन महाजन**

महाजन ने बताया कि दौसा और खींवसर विधानसभा क्षेत्रों में सर्वाधिक 12-12 अभ्यर्थी और सलूम्बर में सबसे कम 6 अभ्यर्थी मैदान में हैं। इसी प्रकार, झुंझुनू विधानसभा क्षेत्र में 11, रामगढ़ और चौरासी में 10-10 तथा देवली-उनियारा में 8 अभ्यर्थी चुनाव में भागीदारी कर रहे हैं।

## आर.जे.एस. परीक्षा में चांदनी जैन को 99वीं रैंक मिली

-कार्यालय संवाददाता-

**जयपुर ।** राजधानी जयपुर के वैशाली नगर निवासी चांदनी जैन (29) को आर.जे.एस. 2024 परीक्षा में 99वीं रैंक मिली है। चांदनी ने साल 2021 में राजस्थान विश्वविद्यालय से एल.एल.बी. परीक्षा उतीर्ण की थी। इसके बाद वर्ष 2023 में भीमराव अम्बेडकर लॉ यूनिवर्सिटी से एन.एल.एम. किया।

चांदनी वर्तमान में राजस्थान विश्वविद्यालय में जूनियर लीगल ऑफिसर के पद पर कार्यरत है। आर.जे.एस. परीक्षा में चांदनी को दूसरे प्रयास में सफलता मिली है। चांदनी के दो भाई देवेन्द्र राज जैन और भूपेन्द्र जैन राजस्थान हाईकोर्ट में एडवोकेट है।


नम्बर मिलाइए
9587884433



सिर्फ एक फोन कॉल पर विज्ञापन घर बैठे बुक करायें।


# बाइक सवार बदमाशों ने पता पूछने के बहाने युवक को गोली मारी

## दौलतपुरा इलाके में बुधवार शाम को हुई वारदात, घायल युवक अस्पताल में भर्ती

-कार्यालय संवाददाता-

**जयपुर ।** राजधानी जयपुर के दौलतपुरा इलाके में बुधवार देर शाम को घर के बाहर खड़े युवक को दिनदहाड़े गोली मारकर बदमाश भाग गए। सूचना मिलने पर पुलिस मौके पर पहुंची और घायल युवक का मणिपाल हॉस्पिटल में ले जाया गया, जहां उसका इलाज चल रहा है। पुलिस जानकारी में सामने आया है कि बाइक पर आए दोनों बदमाशों ने पता पूछने के बहाने रुके थे। पुलिस फायरिंग कर गोली मारकर भागे बाइक सवार बदमाशों की तलाश कर रही है।

सहायक पुलिस आयुक्त (एसीपी चौमूं) अशोक चौहान ने बताया कि दौलतपुरा थाना इलाके में गोली लगने से घायल लोकेश उर्फ आयन (34) दौलतपुरा के बिशनगढ़ का रहने वाला है। जिसके बांए कंधे में गोली लगने पर उसे मणिपाल हॉस्पिटल में भर्ती करवाया गया है। जिसने पर्चा बयान में बताया कि बुधावार शाम वह घर के बाहर खड़ा था। इसी दौरान बाइक पर दो लड़के आए और उसके पास रूके। उन्होंने आखेड़ा गांव जाने का रास्ता पूछा, पता बताने के दौरान पीछे बैठे लडके ने देसी कट्टा निकालकर फायरिंग कर दी।

■ **पुलिस की प्रथमदृष्टया जांच में सामने आया है कि गोली लगने से घायल लोकेश उर्फ आयन भी अपराधिक प्रवृति से जुड़ा हुआ है। वह विश्वकर्मा इलाके में एक युवक को गोली मारकर हत्या का प्रयास करने और एक शोरुम में डकैती मामले में गिरफ्तार हो चुका है।**

■ **ऐसे में पुलिस इस प्रकरण को आपसी झगड़े और पुरानी रंजिश को लेकर भी जांच कर रही है।**

लोकेश के कंधे पर गोली लगने पर वह लहूलुहान होकर जमीन पर गिर गया। जिसके बाद हमलावर बाइक से तेजी से फरार हो गए। घायल लोकेश का कहना है कि वह गोली चलाने वाले दोनों लड़कों को नहीं जानता है। पुलिस प्रथमदृष्टया जांच में सामने आया है कि गोली लगने से घायल लोकेश उर्फ आयन अपराधिक प्रवृति से जुड़ा हुआ है। जो विश्वकर्मा इलाके में एक युवक को गोली मारकर हत्या का प्रयास करने और एक शोरुम में डकैती मामले में गिरफ्तार हो चुका है। पुलिस झगड़े और पुरानी रंजिश को लेकर भी जांच कर रही है।

## सहायक उपनिरीक्षक महेश धवल सेवानिवृत हुए

**जयपुर ।** मुख्यमंत्री भजनलाल शर्मा ने दिल्ली स्थित मुख्यमंत्री सुरक्षा प्रकोष्ठ के सहायक उपनिरीक्षक पद से सेवानिवृत हुए महेश धवल को स्वस्थ और दीर्घायु रहने के लिए शुभकामनाएं प्रेषित की। मुख्यमंत्री ने अपनी दिल्ली यात्रा के दौरान जोधपुर हाउस में श्री धवल की सेवाओं का अभिवादन करते हुए उन्हें माल्यार्पण करते हुए शॉल ओढ़ाकर उनका सम्मान किया। इस अवसर पर मुख्यमंत्री सुरक्षा प्रकोष्ठ, जयपुर के अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक देशराज गुर्जर, दिल्ली कार्यालय के निरीक्षक रामचन्द्र और बद्री प्रसाद सहित अन्य अधिकारी एवं कर्मचारी उपस्थित थे। उल्लेखनीय है कि महेश धवल ने राजस्थान पुलिस में सितम्बर, 1989 में ज्वाईन करने के उपरांत मुख्यमंत्री सुरक्षा प्रकोष्ठ के अतिरिक्त सीआईडी बॉर्डर इंटेलिजेंस बाड़मेर, गंगानगर सहित भारत सरकार के अतिरिक्त नागर विमानन सुरक्षा ब्यूरो में विभिन्न पदों पर अपनी सेवाएं दी।


**उत्तर पश्चिम रेलवे**

**ऑनलाइन खुली ई-निविदा सूचना**

भारत संघ के राष्ट्रपति एंव उनकी से उप मुख्य इंजिनियर (निर्माण) -पंचम , उत्तर पश्चिम रेलवे जयपुर निम्नलिखित कार्य हेतु खुली ऑनलाइन **ई- निविदा (दो पैकेट प्रणाली)** ई टेंडरिंग प्रणाली पर निर्धारित इलेक्ट्रोनिक प्रपत्र पर आमंत्रित करते है। **ई-टेंडर संख्या. एनडबल्यूआर/एससी/एस डब्ल्यू एम-बाई पास /सी/514110107. कार्य का नाम व स्थान :** सवाईमाधोपुर-बाईपास नई रेल लाइन परियोजना के सम्बन्ध में एन एच - 552 पर चैनेज 3390 पर चार लेन रोड ओवर ब्रिज की एप्रोच का निर्माण करना। **कार्य की अनुमानित लागत मुल्य:** ₹. 48,57,74,708.79/- **बयाना राशि :** ₹. 25,78,900.00/-. निविदा जमा करने की तिथि व समय: **18.11.2024** को **15.00** बजे तक। वेबसाइट जहां निविदा का पूर्ण जानकारी देखी जा सकता है । भारतीय रेलवे की ई-टेंडरिंग वेबसाईट **www.ireps.gov.in** कार्यालय इ मेल पता: **dyceciijp@gmail.com**

**1263-AR/24**

हमें /NWRailways NWRailways_ पर फॉलो करें

**उत्तर पश्चिम रेलवे**

**खुली निविदा सूचना (ई-निविदा द्वारा)**

भारत के राष्ट्रपति के लिए एवं उनकी ओर से मुख्य कारखाना प्रबंधक, कैरिज कारखाना, उत्तर पश्चिम रेलवे, जोधपुर द्वारा ई - निविदा आमंत्रित की जाती हैं। **ई-निविदा नोटिस संख्या.- 2024-32-Coach cleaning. कार्य का नाम व स्थान :** Intensive cleaning of incoming & outgoing Railway coaches under POH/SS-II/SS-III Schedule and washing Bogies in IOH/SS-1 Schedule at carriage work shop (24 Months). **कार्य की अनुमानित लागत:** रु 5544158.54 (रु पचपन लाख चौवालीस हज़ार एक सौ अट्ठावन और चौवन पैसे मात्र) **बयाना राशि जो जमा करानी हैं:** रु. 110900 (रुपये एक लाख दस हजार नौ सौ मात्र) ई - निविदा जमा करने की अन्तिम दिनांक व समय तथा ई - निविदा खोलने की दिनांक व समय: **18.11.2024** को **15:00** बजे तक तथा **18.11.2024** को **15:00** बजे के बाद। वेबसाइट विवरण जहां से ई -निविदा सम्बन्धित पूर्ण विवरण प्राप्त किया जा सकता हैं : **www.ireps.gov.in** कार्यालय का पता जहां से निविदा जारी की गयी। मुख्य कारखाना प्रबंधक कार्यालय, कैरिज कारखाना, उत्तर पश्चिम रेलवे, जोधपुर-342001 राजस्थान

**1258-AR/24**

हमें /NWRailways NWRailways_ पर फॉलो करें

CREDIT SAISON INDIA

**किसेत्सु सैसन फाइनेंस (इंडिया) प्राइवेट लिमिटेड**

सीआईएन: U65999KA2018FTC113783

पंजीकृत कार्यालय:इंडीक्यूब लेक्सिंगटन टॉवर, प्रथम तल, तवारेकेरे मेन रोड, तवारेकेरे, एस.जी. पाल्या, बेंगलुरु, कर्नाटक - 560029

**शाखाओं के स्थानांतरण/समेकन/ विलय हेतु सामान्य सूचना**

जन साधारण को सूचित किया जाता है कि अपने वर्तमान पता : 2-ए, 2-बी, 2-सी, और 2-डी, 5वीं मंजिल, संघी उपासना टॉवर, सुभाष मार्ग, सी-स्कीम, जयपुर, राजस्थान-302001 पर स्थित हमारी एक शाखा 03 फरवरी, 2025 को एक नये स्थान पर स्थानांतरित की जाएगी जो ऑफिस नंबर-5 और 6, 6ठी मंजिल, मन उपासना प्लाजा, प्लॉट नंबर-सी-44, सरदार पटेल मार्ग, सी-स्कीम, जयपुर, राजस्थान-302001 (नया पता) में स्थित है; और यह कि नई शाखा 04 फरवरी, 2025 से काम करने लगेगी।

अधिक सहायता के लिए कृपया क्रेडिट सैसन इंडिया की आधिकारिक वेबसाइट https://creditsaison.in/ पर जाएँ, टोल-फ्री नंबर 1800-1038-961 पर डायल करें या अपनी निकटतम शाखा पर जाएँ।

प्राधिकृत हस्ताक्षरकर्ता
प्रेशा परागश
31 अक्टूबर 2024 पूर्णकालिक निदेशक एवं मुख्य कार्यकारी अधिकारी

# जयपुर में रहकर ड्रग्स बेचने वाले पांच विदेशी नागरिक गिरफ्तार

## पुलिस ने आरोपियों के कब्जे से 47 ग्राम कोकीन जब्त की



रामनगरिया पुलिस और जिला स्पेशल टीम जयपुर पूर्व ने ऑपरेशन क्लीन स्वीप के तहत कार्रवाई करते हुए ड्रग्स बेचने आए पांच विदेशी नागरिकों को गिरफ्तार किया।

**जयपुर** (कासं)। रामनगरिया थाना पुलिस और जिला स्पेशल टीम जयपुर पूर्व (डीएसटी) ने ऑपरेशन क्लीन स्वीप के तहत कार्रवाई करते हुए ड्रग्स बेचने आए पांच विदेशी नागरिकों को गिरफ्तार किया गया है। पुलिस टीम ने उसके पास से कोकीन बरामद की गई। बताया जा रहा है कि अफ्रीका से आए पांचों विदेशी यहां किराए पर फ्लैट लेकर रह रहे थे। कोकीन डिलीवरी देने वाले की तलाश की जा रही है।

**■ जगतपुरा में किराए पर फ्लैट में रहकर ड्रग्स तस्करी कर रहे थे आरोपी**

पुलिस उपायुक्त जयपुर (पूर्व) तेजस्वनी गौतम ने बताया कि पुलिस कमिश्नरेट की ओर से चलाए जा रहे ऑपरेशन क्लीन स्वीप के तहत रामनगरिया थाना पुलिस और डीएसटी पूर्व ने कार्रवाई करते हुए कोकीन डिलीवरी के आरोप में एमुनेअल (33) निवासी दार-ए-सलाम वाजोहिल ट्विगा सीमेंट फैक्ट्री तंजानिया हाल बीएनिमल होस्टल मालवीय नगर दिल्ली, मोहम्मद (24) निवासी सिटी काहिरा अबूहेफा मिस्त्र, एंटोनिया (37) निवासी दार-ए-सलाम स्ट्रीट तंजानिया, पॉलीन वांजिकु (41) निवासी केन्या और प्रिसिला वाम्बुई (25) निवासी केन्या को गिरफ्तार किया है। पुलिस ने आरोपियों के पास से 47 ग्राम कोकीन, प्लास्टिक पैकिंग थैलियां और इलेक्ट्रिक कांटा मिला। पूछताछ में आरोपी विदेशियों ने पुलिस को रुपयों के लालच में कॉलेजों के पास घूमकर कोकीन बेचना बताया।

डीएसटी को सूचना मिली कि जगतपुरा स्थित श्याम आंगन द्वितीय में एक फ्लैट में किराए से रहने वाले विदेशी नागरिक ड्रग्स तस्करी का काम करते है। डीएसटी और रामनगरिया थाना पुलिस ने कार्रवाई करते हुए फ्लैट पर दबिश दी। फ्लैट में तीन विदेशी महिलाएं और दो विदेशी आदमी मिले। पुलिस आरोपियों से अवैध मादक पदार्थ की खरीद-फरोख्त के बारे में पूछताछ करने में जुटी है।

# प्रताप नगर में पता पूछने के बहाने युवक का अपहरण

**जयपुर**। प्रताप नगर इलाके में बदमाशों द्वारा अपहरण कर एक युवक से लूट का मामला सामने आया है। बताया जा रहा है कि बोलेरो गाड़ी में आए बदमाशों पता पूछने के बहाने उसका अपहरण किया। विरोध करने पर मारपीट मारकर ऑनलाइन रुपए ट्रांसफर करवाए। इस संबंध में थाने में पीड़ित युवक ने बोलेरो सवार बदमाशों के खिलाफ मामला दर्ज करवाया है।

पुलिस ने बताया कि अलवर हाल गोवर्धन नगर सांगानेर सदर निवासी राजेश कुमार (29) ने मामला दर्ज करवाया है कि वह इंडिया गेट के पास टोंक रोड पर जा रहा था। इसी दौरान सफेद रंग की बोलेरो गाड़ी आकर उसके पास रुकी। बोलेरो में आधा दर्जन लड़के बैठे थे। उसे रोक कर पता पूछने के दौरान बोलेरो में से लड़के उतरे। उन्होंने जबरन

**■ आरोपियों ने युवक से जबरन 29 हजार रुपए ऑनलाइन ट्रांसफर करवाने के बाद छोड़ा**

उसका बोलेरो में डालकर अपहरण कर लिया। बोलेरो सवार बदमाश उसको आरयूएचएस की ओर ले गए। नाले के पास बोलेरो रोक कर उसे नीचे उतारा। रुपए मांगने का विरोध करने पर बदमाशों ने मारपीट कर डरा-धमकाकर ऑनलाइन 29 हजार रुपए ट्रांसफर करवाए। इसके बाद युवक को वहीं उतारकर बदमाश बोलेरो में बैठकर फरार हो गए। पुलिस ने मामला दर्ज कर बोलेरो सवार बदमाशों की तलाश शुरू कर दी है।

# महिला का पर्स लौटाया

**जयपुर**। सोडाला इलाके में पुलिस की यातायात शाखा में पदस्थापित हैड कांस्टेबल दारा सिंह ढाका, महिला कांस्टेबल खामोशी को सोडाला चौराहे पर एक पर्स मिला था, जिसमें करीब 5 हजार रुपए, ड्राइविंग लाइसेंस, एटीएम कार्ड, आधार कार्ड और क्रेडिट कार्ड आदि आवश्यक कागजात थे। पुलिसकर्मियों ने लाइसेंस नंबर से मोबाइल नंबर निकालकर संबंधित पर्स के मालिक का पता लगाया। इसके बाद उसको बुलाकर पर्स सुपुर्द कर ईमानदारी का परिचय दिया। संबंधित पर्स की महिला ने अपना पर्स पाकर खुशी जाहिर की और पुलिसकर्मियों को धन्यवाद दिया।

## सार-समाचार

### दीपावली पर जे.डी.ए. में लक्ष्मी पूजन



**जयपुर**। जयपुर विकास आयुक्त आनन्दी ने दीपावली के उपलक्ष में बुधवार को जेडीए प्रांगण के मुख्य द्वार पर विधिवत मंत्रोच्चार के साथ माँ लक्ष्मी की पूजा-अर्चना कर जेडीए एवं जयपुर शहर के सर्वांगीण विकास की कामना की। इस अवसर पर जेडीए सचिव निशांत जैन, सभी निदेशक, अतिरिक्त आयुक्त, उपायुक्त समेत अधिकारी-कर्मचारी मौजूद थे। आयुक्त आनंदी ने सभी अधिकारियों और कर्मचारियों को दीपावली की शुभकामनाएं देते हुए सभी के उज्जवल भविष्य की कामना की। दीपावली के शुभ अवसर पर जे.डी.ए. भवन को भी रंग-बिरंगी रोशनी से सजाया गया है।

### आर.जे.एस. परीक्षा में ईशा की 17वीं रैंक



**जयपुर**। आरजेएस 2024 के परिणाम में ईशा शर्मा ने 17वीं रैंक हासिल की है। जज बनने पर परिजनों, रिश्तेदारों ने ईशा को बधाई व भविष्य के लिए शुभकामनाएं दी। इनको यह सफलता दूसरे प्रयास में मिली है, इन्होंने जेएनयू यूनिवर्सिटी से एलएलबी की है, इनके पिता दिनेश शर्मा प्राइवेट जॉब करते हैं और मम्मी हेमलता गृहणी है, बहन दीक्षा दिल्ली में है। ईशा के जज बनने से परिवार मे खुशी के माहौल है। समाज के लोग, रिश्तेदार व शुभचिंतक लगातार उन्हें बधाईयां देने पहुंच रहे हैं।

### दन्त चिकित्सकों को सम्मानित किया



**जयपुर**। इंडियन डेंटल एसोसिएशन (आईडीए) राजस्थान शाखा व जयपुर ग्रेटर शाखा द्वारा पीरियोडोंटिक्स पर सतत् दंत शिक्षा कार्यक्रम जयपुर कलेक्टर डॉ. जितेंद्र कुमार सोनी के मुख्य आतिथ्य में आयोजित किया गया। कार्यक्रम में प्रसिद्ध पीरियोडॉन्टिस्ट डॉ. एच एस ग्रोवर ने दन्त स्वास्थ्य के बारे में नवीनतम जानकारी प्रदान की। आईडीए के अध्यक्ष डॉ. प्रशांत भारद्वाज ने मुख्य अतिथि जयपुर कलेक्टर डॉ. जितेंद्र कुमार सोनी, राजस्थान राज्य अध्यक्ष डॉ. प्रदीप जैन और अन्य गणमान्य अतिथियों का स्वागत किया। कार्यक्रम में दन्त चिकित्सा के क्षेत्र में उल्लेखनीय कार्य के लिए स्टार अवाड्र्स मुख्य अतिथि डॉ. जितेंद्र कुमार सोनी द्वारा प्रदान किए गए। इस सम्मान से डॉ. एच एल गुप्ता, डॉ. जे एस वालिया, डॉ. हरीश भारद्वाज, डॉ. बलविंदर ठक्कर और डॉ. संकल्प मित्तल को सम्मानित किया गया। कार्यक्रम का संचालन डॉ. सारिका शेखावत और डॉ. निशांत गुप्ता ने सफलतापूर्वक किया। अंत में, डॉ. सुनील राघव ने सभी अतिथियों, वक्ताओं और प्रतिभागियों का आभार जताया।

### 8 लाख कर्मचारियों में खुशी की लहर

**जयपुर**। दीपावली पर 1 नवंबर को राजकीय अवकाश और मकान किराया भत्ता वृद्धि के आदेश बुधवार को राज्य सरकार की ओर से जारी होने के बाद प्रदेश के 8 लाख कर्मचारियों में खुशी की लर है। इससे पूर्व में राज्य सरकार ने महंगाई भत्ते, बोनस तथा दीपावली पर वेतन देने के आदेश जारी किए थे। अखिल राजस्थान राज्य कर्मचारी संयुक्त महासंघ के प्रदेश अध्यक्ष गजेंद्र सिंह राठौड़ और राजस्थान राज्य कर्मचारी संघ के प्रदेश महामंत्री देवेंद्र सिंह नरूका लगातार यह मांगे उठा रहे थे। उन्होंने अतिरिक्त मुख्य सचिव वित्त और मुख्य सचिव व मुख्यमंत्री को ज्ञापन दिए थे। कर्मचारियों की इन मांगों पर राज्य सरकार की ओर से आदेश जारी होने के बाद कर्मचारी महासंघ तथा राजस्थान राज्य कर्मचारी संघ ने मुख्यमंत्री भजनलाल शर्मा, मुख्य सचिव सुधांश पंत का आभार जताया है।

### राज्यपाल ने दीप पर्व की शुभकामनाएं दी

**जयपुर**। राज्यपाल हरिभाऊ बागडे ने दीपावली, गोवर्धन पूजा व भैया दूज की बधाई एवं शुभकामनाएं दी हैं। राज्यपाल बागडे ने अपने शुभकामना संदेश में कहा कि यह पर्व अंधकार पर प्रकाश की विजय का प्रतीक है। दीपकों के उजास में ही जीवन की उत्सवधर्मिता समाई है। उन्होंने मां लक्ष्मी से सभी के लिए सुख-समृद्धि और ऐश्वर्य प्रदान करने की कामना की है। राज्यपाल हरिभाऊ बागडे ने राष्ट्रीय एकता दिवस (31 अक्टूबर) की शुभकामनाएं दी है। उन्होंने सरदार पटेल का स्मरण करते हुए उनके आदर्शों को अपनाने का आव्हान किया है। राज्यपाल बागडे ने कहा कि सरदार पटेल की जयंती राष्ट्रीय एकता और अखंडता के लिए किए उनके महान कार्यों से प्रेरणा लेने का संदेश देती है।


# दो युवकों ने किया महिला से दुष्कर्म

**जयपुर**। मुहाना इलाके में दो युवकों के एक महिला से सामूहिक दुष्कर्म करने का मामला सामने आया है। विरोध करने पर आरोपी परिचितों ने उसके साथ मारपीट की। अश्लील वीडियो बनाकर वायरल करने की धमकी दी। इस संबंध में थाने में पीड़िता ने दोनों आरोपियों के खिलाफ सामूहिक दुष्कर्म करने का मामला दर्ज करवाया है। पुलिस ने बताया कि मुहाना इलाके में रहने वाली तीस वर्षीय महिला ने मामला दर्ज करवाया है कि दोनों आरोपियों को परिचित होने के कारण जानती है। आरोप है कि मिलने के बहाने दोनों आरोपी उसके पास आए थे। अकेला पाकर आरोपियों ने उसके साथ दुष्कर्म किया। दुष्कर्म कर उसका अश्लील वीडियो भी बना लिया। विरोध करने पर दोनों आरोपियों ने उसके साथ मारपीट की। किसी को बताने पर अश्लील वीडियो को वायरल करने की धमकी दी।

# 29 बीघा कृषि भूमि पर बसाई गई तीन अवैध कॉलोनियां ध्वस्त कीं जे.डी.ए. ने

**जयपुर** (कासं)। जयपुर विकास प्राधिकरण की प्रवर्तन टीम ने 29 बीघा कृषि भूमि पर चोरी छिपे बसाई जा रही 3 अवैध कॉलोनियों को प्रारंभिक स्तर पर ही पूर्णतः ध्वस्त किया।

उप महानिरीक्षक कैलाश चन्द्र विश्नोई ने बताया कि जोन-13 में आगरा रोड पर कानोता में राठौड पैट्रोल पम्प के पास 10 बीघा निजी खातेदारी की कृषि भूमि पर "अयोध्या नगर" के नाम से कॉलोनी काटी गई थी। काश्तकार ने जे.डी.ए. से ना तो कोई निर्माण स्वीकृति ली और ना ही कोई भू-उपयोग परिवर्तन कराया। इस स्कीम में रातोंरात मिट्टी-ग्रेवल की सडकें, बाउण्ड्रीवाल व अन्य निर्माण कर लिए गए थे। इसी प्रकार राठौड पैट्रोल पम्प से 100 मीटर आगे भी 15 बीघा कृषि भूमि पर 'श्रीराम नगर' के नाम से इसी तरह अवैध कॉलोनी बसाकर उसमें कई तरह के अवैध निर्माण कर लिए गए थे। इसके अलावा रामसिंहपुरा फाटक के पास भी 4 बीघा कृषि भूमि पर कॉलोनी काटने की तैयारी



चल रही थी। जेडीए टीम ने तीनों जगहों पर कार्रवाई करते हुए सभी अवैध निर्माण ध्वस्त किए और अवैध कॉलोनी बसाने की कोशिश प्रारंभिक स्तर पर ही खत्म कर दी।

# अभियंताओं ने बालिका गृह में मनाई दीपावली

**जयपुर**। जयपुर विद्युत वितरण निगम के अभियंताओं ने एक अनूठी पहल करते हुए गांधीनगर स्थित राजकीय बालिका गृह में रह रही बालिकाओं के साथ बुधवार को दीपावली की खुशियां बांटी।

डिस्कॉम अभियंताओं ने इन मासूम बालिकाओं को दीपोत्सव की बधाई दी और उज्ज्वल भविष्य की कामना करते हुए उपहार स्वरूप स्कूल बैग, पुस्तकें एवं पाठ्य सामग्री बांटी। अभियंताओं द्वारा गुरुवार को इन बालिकाओं को मिठाई भी दी जायेगी, ताकि पारिवारिक खुशियों के इस त्यौहार को यह बालिकाएं उल्लास के साथ मना सकें। इस अवसर पर डिस्कॉम के मुख्य अभियंता जयपुर जोन आर. के. जीनवाल, अति. मुख्य अभियंता पीपीएम आरके शर्मा, अधीक्षण अभियंता लोकेश जैन और अशोक रावत मौजूद थे।

# शिवदासपुरा में पुलिस निरीक्षक के घर में चोरी

## घर से हजारों रुपये की नकदी समेत अन्य सामान चुरा ले गए बदमाश

**जयपुर** (कासं)। शिवदासपुरा इलाके में पुलिस निरीक्षक के घर चोरी का मामला सामने आया है। जानकारी के अनुसार परिवार के गांव जाने पर सूने मकान का ताला तोड़कर बदमाश अंदर घुसे और अलमारी से हजारों रुपए की नकदी और कीमती सामान चोरी कर ले गए। पुलिस ने मामला दर्ज कर चोरों की तलाश शुरू कर दी है।

पुलिस ने बताया कि चंदवाई रोड शांति वाटिका निवासी पुलिस निरीक्षक चन्द्र प्रकाश के घर चोरी हुई है और जो वर्तमान में पुलिस लाइन में तैनात हैं। पिछले करीब बीस दिन से उनका परिवार गांव गया हुआ है। परिवार के यहां नहीं होने के कारण वह भी दो दिन घर नहीं आए। पीछे से बदमाशों ने चोरी

**■ पुलिस अफसर के परिवारजन पिछले 20 दिन से गांव गए हुए थे, पीछे से चोरों ने वारदात कर डाली**

की नीयत से सूने मकान को निशाना बनाया। मकान का लॉक तोड़कर बदमाश अंदर घुसे। अलमारी में रखे 20 हजार रुपए व कीमती सामान चोरी कर ले गए। सोमवार रात करीब 11 बजे घर लौटने पर लॉक टूटे मिलने पर चोरी का पता चला। शिवदासपुरा थाना पुलिस ने चोरी की सूचना पर पहुंचकर सबूत जुटाए। पुलिस आस-पास के सीसीटीवी फुटेजों को खंगाल रही है।

# साझे आनन्द का उत्सव है दीपावली पर्व : देवनानी

**जयपुर** (कासं)। राजस्थान विधान सभा अध्यक्ष वासुदेव देवनानी ने प्रदेशवासियों को दीपावली पर्व की बधाई एवं शुभकामनाएं दी है। देवनानी ने कहा है कि पंच दिवसीय दीपोत्सव साझे आनन्द का उत्सव है। इस त्यौहार को सभी लोग आपस में मिल-जुल कर मनाएं और समाज में आपसी सौहार्द, सद्भाव और खुशहाली का वातावरण बनायें। देवनानी ने शुभकामनाएं देते हुए कहा है कि दीपावली सभी के जीवन में खुशी लायें। सभी लोग सुखी रहें। विधान सभा अध्यक्ष ने कहा कि दिवाली समकालीन मानवीय मूल्यों का प्रतिबिम्ब भी है। एकता, करूणा और आंतरिक विकास के साथ दीपावली का त्यौहार सभी के जीवन को रोशन करे। राष्ट्र के उज्ज्वल और सांमजस्यपूर्ण भविष्य के लिए सभी के जीवन को सुखमय बनाने के वातावरण निर्माण में प्रत्येक व्यक्ति को सक्रिय भागीदारी निभाने की आवश्यकता है।

# सांगानेर विधानसभा में खरवास सर्किल का कायाकल्प कराया

## रामपुरा रोड निवासियों की सीवरेज समस्या जल्द दूर होगी

**जयपुर** (कासं)। सांगानेर विधानसभा में खरवास सर्किल का कायाकल्प हुआ है, जल्द ही रामपुरा रोड पर सीवरेज की समस्या भी दूर होगी। करीब 9 करोड़ रुपए की लागत से रोड निर्माण का कार्य भी कराया जायेगा।

देखा जाए तो सांगानेर विधानसभा में पिछले 10 महीने में विकास की गति चौगुनी होने के साथ ही सांगानेर विधानसभा की जनता की समस्या का निराकरण करने के लिए सांगानेर एसएफएस मानसरोवर स्थित कैंप कार्यालय में अधिकारियों को मुख्यमंत्री भजनलाल शर्मा ने निर्देशित किया हुआ है, यहां सभी जनता की समस्या को ध्यान से सुन उसका निराकरण जल्द ही किया जाता है। वहीं दूसरी ओर अधिकारी भी इसमें पूरे

**■ लगभग 9 करोड़ रु. की लागत से रोड निर्माण कार्य होगा**

**■ सांगानेर की जनसमस्याओं के लिए मुख्यमंत्री कैंप कार्यालय में हो रही प्रतिदिन जनसुनवाई**

जोश के साथ लगे हुए हैं और कई समस्याओं को तो मात्र 24 घंटे में भी निपटाया जा रहा है वहीं कुछ बडी समस्याओं को भी अपेक्षित समय से निराकरण किया जा रहा है।

मुख्यमंत्री भजनलाल शर्मा ने कहा सांगानेर विधानसभा के लोगों ने भाजपा पर विश्वास जता विधायक बनाया और मैं राजस्थान का मुख्यमंत्री बना, निश्चित ही सांगानेर विधानसभा की जनता को कभी भी अपने कार्यों और विकास के लिए भटकना नहीं पड़ेगा। निश्चित ही हमेशा उनका वोट बार-बार याद दिलाता रहेगा क्योंकि संपूर्ण राजस्थान के साथ सांगानेर विधानसभा में हम संकल्पित हैं और निश्चित ही इसके लिए हमारे अधिकारी भी लगातार विधानसभा और राज्य की विकास को ध्यान में रखते हुए दिन-रात मेहनत कर जनता की समस्या को निराकरण करने में लगे हुए हैं शर्मा ने कहा राजस्थान कई क्षेत्रों में आत्मनिर्भर बनने की ओर अग्रसर है और जल्द ही इसके सकारात्मक परिणाम भी दिखने लगे है।

# हर घर तक जल पहुंचाने का लक्ष्य जल्द से जल्द हासिल करें : डॉ. जितेन्द्र सोनी

## जयपुर जिले में अभी तक जल जीवन मिशन के तहत 60.33 फीसदी तथा प्रदेश का कुल औसत 53.97 प्रतिशत कवरेज हो चुका : अजय कुमार

**जयपुर** (कासं)। जयपुर के कलक्ट्रेट सभागार में बुधवार को जिला जल एवं स्वच्छता समिति की बैठक का आयोजन हुआ। जिला कलक्टर डॉ. जितेन्द्र कुमार सोनी की अध्यक्षता में आयोजित हुई बैठक में जिले में जल जीवन मिशन के अंतर्गत स्वीकृत योजनाओं की तकनीकी स्वीकृतियों एवं कार्य की वर्तमान प्रगति, हर घर नल से जल कनेक्शन की वस्तुस्थिति सहित अन्य अहम बिंदुओं पर चर्चा हुई।

जिला कलक्टर ने कहा कि जन स्वास्थ्य एवं अभियांत्रिकी विभाग और डिस्कॉम के अधिकारी आपसी सहयोग एवं समन्वय से कार्य करते हुए ज्यादा से ज्यादा कनेक्शन करें, ताकि योजना के तहत जिले को मिले लक्ष्य को शत प्रतिशत हासिल किया जाना सुनिश्चित किया जा सके।

जन स्वास्थ्य एवं अभियांत्रिकी विभाग के अधीक्षण अभियंता एवं जिला जल एवं स्वच्छता मिशन के सदस्य सचिव अजय कुमार ने जानकारी दी कि जिले में अभी तक जल जीवन मिशन के तहत 60.33 फीसदी कवरेज हासिल किया जा



जयपुर कलक्टर ने जिला जल एवं स्वच्छता समिति की बैठक लेकर जल जीवन मिशन समेत अन्य योजनाओं की समीक्षा की।

चुका है जबकि प्रदेश का कुल औसत 53.97 प्रतिशत है। उन्होंने बताया कि जयपुर जिले के कुल 4 लाख 38 हजार 639 परिवारों में से कुल 2 लाख 65 हजार 57 परिवारों को क्रियाशील कनेक्शन का लाभ दिया जा चुका है। शेष 1 लाख 73 हजार 582 परिवारों को मार्च, 2025 तक चरणबद्ध तरीके से हर घर नल कनेक्शन प्रदान किया जाना प्रस्तावित है। बैठक में जिला कलक्टर

**■ बैठक में बताया गया कि जयपुर जिले के कुल 4.38 लाख परिवारों में से 2.65 लाख परिवारों को क्रियाशील कनेक्शन दे चुके हैं, शेष लोगों को मार्च 2025 तक चरणबद्ध तरीके से हर घर नल कनेक्शन दे देंगे**

ने अधिकारियों को जल जीवन मिशन के तहत आवंटित लक्ष्यों को जल्द से जल्द हासिल करने के निर्देश दिये। बैठक में स्कूल, आंगनबाड़ी केन्द्रों, पंचायत तथा स्वास्थ्य केन्द्रों को नल कनेक्शन जारी करने, जिले में गठित ग्राम जल एवं स्वच्छता समिति का बैंक खाते खुलवाने, अटल भू-जल योजना की कार्य प्रगति एवं जल जीवन मिशन की प्रभावी क्रियान्वयन को लेकर भी चर्चा हुई। बैठक में जलदाय और विद्युत वितरण निगम सहित अन्य विभागों के अधिकारी मौजूद रहे।

# जयपुर का चेन स्नैचर चंडीगढ़ से गिरफ्तार

**जयपुर** (कासं)। मानसरोवर पुलिस ने चेन स्नैचिंग की वारदात करने वाले आरोपित को सात सौ किलोमीटर दूर चंडीगढ़ से गिरफ्तार किया है। इसके एक साथी को पुलिस पहले ही पकड़ चुकी है। पूछताछ में आरोपी ने बताया कि वह जयपुर शहर से छह से ज्यादा चेन स्नैचिंग की वारदात कर चुके है।

पुलिस उपायुक्त जयपुर दक्षिण दिंगत आनन्द ने बताया कि चार अक्टूबर को एक महिला ने मामला दर्ज करवाया है कि कावेरी पथ पर केएल सैनी स्टेडियम के पीछे की तरफ दो बाइक सवार बदमाशों ने उस के हाथ से पर्स छीना लिया था। ऐसे में वह सड़क पर गिर गई थी और काफी चोट आई। इस घटना के बाद आस-पास के सीसीटीवी खंगाले और संदिग्धों की तलाश करना शुरू किया। इस पर एक आरोपित चिरजी बागरिया को हिरासत में लेकर पूछताछ की तो उसने बताया कि उसने दूसरे साथी गोविंद के साथ मिलकर इस पूरी घटना को अंजाम दिया है। इस पर गोविंद की तलाश के लिए अलग-अलग जगह दबिश दी गई। पता चला कि आरोपी चंडीगढ फरार हो गया है। इस पर टीम ने उसका पीछा किया और आरोपी को गिरफ्तार किया। आरोपी के खिलाफ पहले भी कई मामले दर्ज है।

# घुमन्तु जाति की 40 बस्तियों में मिठाईयां और पटाखे बांटे



घुमन्तु जाति कार्य के महानगर प्रमुख राकेश कुमार शर्मा के नेतृत्व में बुधवार को जयपुर की 40 बस्तियों में घुमन्तु जाति के दो हजार परिवारों को दीपावली के उपलक्ष्य में मिठाई और पटाखे वितरित किये गए।

**जयपुर ( कासं )**। घुमन्तु जाति कार्य के महानगर प्रमुख राकेश कुमार शर्मा के नेतृत्व में बुधवार को जयपुर की 40 बस्तियों में घुमन्तु जाति के दो हजार परिवारों को दीपावली के उपलक्ष्य में मिठाई और पटाखे वितरित किये गए। जब घुमन्तु जाति कार्य और भारत विकास परिषद के कार्यकर्ता दीपावली मनाने और मिठाई-पटाखे वितरण करने के लिए इन बस्तियों में गए तो बस्ती वासियों ने बड़े गर्मजोशी से स्वयंसेवकों का स्वागत किया। बस्तियों के प्रमुखों सुंदर लोहार ने बताया कि दीपावली पर घुमन्तु जाति उत्थान न्यास और भारत विकास परिषद् के कार्यकर्ता हमारे बीच दीपावली मनाते हैं। हमारी बस्तियों में मिठाई बांटते हैं। देश को आजाद हुए 70 वर्ष से अधिक हो गए। किसी ने हमारी सुध नहीं ली थी। लेकिन घुमन्तु जाति उत्थान न्यास हमारी बस्तियों में शिक्षा, स्वास्थ्य, स्वास्थ्य शिविर, रोजगार ,धर्म एवं धार्मिक यात्राओं से जुड़े विभिन कार्य करता रहता है। इस अवसर पर सर्वेश शर्मा, ओम श्रीमाली, किशन बंशीवाल, श्रीराम दाधीच, श्याम नायक, महेंद्र ओला, संजीव भार्गव और ओमप्रकाश गुप्ता समेत कई कार्यकर्ता मौजूद थे।




## World Cities Day

World Cities Day is a day that focuses on the future of urbanization and its impact on our lives. It's a time to reflect on the role, that cities play, in creating a sustainable world where everyone can live in harmony and prosperity. The United Nations established World Cities Day to highlight the importance of cities as hubs of culture and innovation. This special day promotes the idea of making cities better places to live. The aim is to ensure that cities become inclusive, safe, resilient, and sustainable as we move forward.

#CELEBRATIONS

# When Diwali meets Halloween

Diwali's sacred rituals, family gatherings, and symbolic lighting will coincide with Halloween's costume parties, trick-or-treating, and eerie decorations.



This year, two vibrant festivals from distinct cultural backgrounds, are falling on the same day. *Diwali*, the Festival of Lights, and *Halloween*, the spooky celebration, are being celebrated today, presenting a fascinating contrast between two significant cultural events. Diwali, deeply rooted in ancient Hindu traditions and rituals, celebrates the triumph of light over darkness and good over evil. Conversely, Halloween is a celebration embedded in Western culture, embracing the thrill and playfulness of the spooky and unknown.



### Diwali and Halloween: Contrasting Themes

While Diwali holds deep spiritual significance for Hindus, Jains, Sikhs, and Buddhists worldwide, representing reflection, renewal, family reunions, and spiritual growth, Halloween focuses on costumes, trick-or-treating, horror-themed decorations, and social gatherings. Diwali radiates optimism, hope, and positivity, whereas Halloween explores the darker aspects of the human experience, embracing the thrill and chill of the unknown. Diwali is joyful and celebratory, whereas Halloween is often spooky and eerie. Despite differences, Diwali and Halloween share common elements. Both use lights, *diyas* and *jack-o'-lanterns*, and involve community gatherings and festivities.

### Diwali: The Festival Of Lights

Diwali festivities begin with *Dhanteras*, where people clean and decorate their homes, purchase utensils, silverware, or gold jewellery, and worship Lord *Dhanwantari*, the god of health. The next day, *Chhoti Diwali*, involves lighting lamps and candles, offering prayers to goddess *Kali*, and finalising home decorations.

The third day, *Lakshmi Puja*, is the main event, where devotees worship goddess Lakshmi, the embodiment of prosperity, and light *diyas* (earthen lamps) to illuminate their homes. Families gather, share meals, exchange gifts, and burst fireworks. *Govardhan Puja*, on the fourth day, commemorates Lord *Krishna's* victory over *Indra*, with traditional dances and folk music. The final day, *Bhai Dooj*, celebrates the sibling bond, where brothers visit their sisters' homes, and sisters pray for their brothers' well-being, applying a protective *tilak*.

At its core, Diwali symbolizes the triumph of light over darkness, good over evil, knowledge over ignorance, and renewal. As the festival of lights illuminates homes and hearts, it reminds us of the eternal struggle between light and darkness and the ultimate victory of good.

### Halloween: A Global Celebration of Spooks

Halloween is celebrated worldwide, particularly in Western cultures, with a mix of traditional and modern activities. The evening typically begins with children dressing up in elaborate costumes to go trick-or-treating, collecting candy, chocolates, or small toys from neighbours. Many attend or host costume parties, showcasing creative and spooky outfits. Others carve jack-o'-lanterns, visit haunted houses or hayrides, or participate in scary movie marathons. In recent years, Halloween celebrations have expanded to include themed decorations, ghost tours, horror-themed escape rooms, zombie walks, and paranormal-themed video games and events. Traditional Halloween treats include candy, chocolate, pumpkin pie, and spiced cider. Adults may enjoy 'Witch's Brew' and 'Ghostly' cocktails, while creative monster-themed snacks add to the festive atmosphere.



# Indian Ornament in a famous Rossetti painting

A closer look at *The Beloved* reveals more than lovely faces with slack expressions. As was his wont during this period, Rossetti showered on the characters what art critic, H. C. Marillier, refers to as 'the wealth of his fine imagination,' 'surrounding them with quaint and beautiful accessories.' In the lush frame can be seen richly embroidered robes, flowers, jewels and ornaments, including a piece clasped around the bride's left wrist, which art historian, Susan Stronge, describes as 'a South Indian bracelet with makara-head terminals.'



The Beloved, by Dante Gabriel Rossetti.

Kamayani Sharma

In the mid-19th century, the British artist, Dante Gabriel Rossetti, painted an oil titled, 'The Beloved,' based on the Biblical Song of Solomon. Commissioned by banker, George Rae for 300 pounds, the painting's debut display was for one day at London's Arundel Club in February 1866. The tightly composed, vibrant work is a highly racialised tableau, featuring the White protagonist bride, raising her veil for the Old Testament king, surrounded by four attendants, of whom two are not White, with a young Black child in the foreground. Richly bedecked and bejewelled, five, out of the six characters, meet the viewer's eye with what poet, Ezra Pound, termed the 'vacant gaze,' typical of the Pre-Raphaelite Brotherhood, of which Rossetti was a principal artist.

A closer look at *The Beloved* reveals more than lovely faces with slack expressions. As was his wont during this period, Rossetti showered on the characters what art critic, H. C. Marillier, refers to as 'the wealth of his fine imagination,' 'surrounding them with quaint and beautiful accessories.' In the lush frame can be seen richly embroidered robes, flowers, jewels and ornaments, including a piece clasped around the bride's left wrist, which art historian, Susan Stronge, describes as 'a South Indian bracelet with makara-head terminals.'

In her essay *'Indian Jewellery and the West: Stylistic Exchanges 1750-1930*,' Stronge, senior curator in the Asian department of the Victoria and Albert Museum, inventoried a bracelet identical to the one that the bride wears and dated to 1850 Madras, 'Gold work in repoussé and chased, tinged with red and set with rubies.' Noting that it was a type of bangle worn and bestowed by royalty, she described it as having 'two makara heads, with a stylised *rudraksha* bead, sacred to the god *Shiva*, between.'

How did this ostensibly regal artefact make its way from southern India onto the canvas of one of the most well-known British artists from the Victorian era? And what meanings might we read into its presence amidst the bodies and bijoux of *The Beloved*?

### Personal Collection

In her book *Victorian Jewellery Design*, historian, Charlotte Gere offers information about Rossetti's jewellery collection. Reporting that an auction of Rossetti's estate was held at his house from July 5 to July 7 in 1882, she notes that 'one or two of the eighteen lots' on the second day's sale of 'Jewellery & c.' were 'identifiable as jewels used in various pictures.' Those in *The Beloved* were, she states, 'probably in one or other of the many lots, containing Indian jewellery which are listed in the catalogue.' But was the bride's South Indian bracelet, among them, evidence of Rossetti's personal belongings ornamenting his fantasy women? Gere makes no mention.


Back in the *A Golden Treasury* listing, Stronge records that a bracelet similar to the 1850 Madras one (albeit mounted on plaited gold wires), from Rossetti's collection and worn by the bride, is held in the Victoria and Albert Museum, bequeathed to it in 1938, more than half a century after his death.

How that bracelet made its meandering journey is traced by late Shirley Bury, another curator at the Victoria and Albert Museum and an expert on modern jewellery. In her essay *Rossetti and his Jewellery*, she delves into the 1938 bequest by May Morris. She was the daughter of William and Jane Morris, an artist couple whom Rossetti was involved with, not only as a colleague but as friend and lover, respectively. In May's will, she noted that her mother's jewellery 'was used for the purpose of paintings by Rosetti (sic).' Amongst these were a range of Indian items, a Trichinopoly gold chain, a heart brooch and two buckles, one of which Bury offered up as a candidate for the bride's bracelet. Originally catalogued as Burmese, the piece is described by Bury as 'a central motif formed by a makara, or water monsters, on each side of a water pot, and lion mask terminals grasping plaited chains in their jaws.' Further, she asserts that this bracelet was the same as that worn two years prior by the model, who sat for Rossetti's *Monna Pomona* (1864) (although, there the bracelet has green settings, not red ones). According to Bury, the piece then passed to Jane Morris 'by gift or, less likely, by chance, left behind (at their home) by Rossetti' and stayed with the family.

> Bury points to his habits of borrowing and scouring the curiosity shops of Leicester Square and Hammersmith, positing that his 'dependence on appropriate dresses and accessories for the realisation of his themes, undoubtedly, stimulated his activities as a collector.'

Where would Rossetti have accrued the treasures he painted and, perhaps, presented to or forgot with friends? Bury points to his habits of borrowing and scouring the curiosity shops of Leicester Square and Hammersmith, positing that his 'dependence on appropriate dresses and accessories for the realisation of his themes, undoubtedly, stimulated his activities as a collector.' She adds that most of his acquiring would have happened in the early 1860s, precisely around the time he painted *The Beloved*.

## #JEWEL IN ITS CROWN



Portrait of Dante Gabriel Rossetti.

### Colonial Acquisitions

It is important to take a look at the broader culture of collecting prevalent at the time. This is the period when 'exhibition fever' was at its zenith, in the era immediately following the Great Exhibition of 1851 at the Crystal Palace and lasting until the International Exhibition of 1862 in London, after which, writes Gere, 'serious artistic interest in them dwindled.' In both these shows, Indian jewellery was extensively displayed, famous highlights being the *Koh-i-Noor* and *Durra-i-Noor* diamonds lent to the 1851 exhibition by the East India Company. In her essay, '*The Aesthetics and Politics of Colonial Collecting: India at World Fairs*,' anthropologist Carol A. Breckenridge explains, "An astonishing surge of interest in collecting Indian objects occurred in the post-Crystal Palace period (inaugurating) a new era, in which collecting, like culture itself, became institutionalized and internationalized. Numerous discreet but public settings for this phenomenon emerged, exhibitions, museums, royal receptions (*durbars*), archives, libraries, and surveys. Government officials, Indian princes and British royalty all collected (as did connoisseurs on the Continent) in India, members of the royal family amassed collections of objects, composed largely of presents given to them by India's aristocracy. At home, such presents often formed either the principal or a secondary collection for an exhibition display, viewed by an audience wider than the monarchy."

> By the time of the Brotherhood's second generation *avatar* as the Aesthetic movement, when *The Beloved* was painted, they embraced a philosophy of *art for art's sake*. Obviously, the content of the paintings did not deliver on such impossible detachment from context.

As their contribution to the Crystal Palace exhibition signifies, the East India Company too had long played an important role in the visibility of South Asian artefacts to British publics, from the 'Oriental repository' that it established in London in 1798, to the auctions of jewellery and ornaments that it conducted in the period after the transfer of its administrative powers in 1858.

With this context of colonial exhibition and acquisition in the backdrop of Rossetti's painting, the bracelet begins to make sense.

In a caption for *The Beloved* in his book, *Reading the Pre-Raphaelites*, art historian, Tim Barringer, observes some of the foreign objects served up for the (normatively white male) British gaze. "Rossetti's Orientalism is apparent in the Japanese *kimono worn* (incorrectly) by the central figure and her intricate leather headdress, which was Peruvian in origin. The figures in the painting are similarly exotic, Racial types, characterised by their 'otherness,' are presented in the same way as the flowers, textiles, metalwork and jewellery, an exotic spectacle for the delectation of the male viewer."

Barringer links this reading to the sensual decorativeness that, combined with his medieval palette, came to dominate this phase of the recently-widowed Rossetti's career, wherein he began to paint sensuous women amidst the sort of opulent objects that he collected to fill his own home. Particularly in the case of *The Beloved*, Bury reports, the artist actively sought to achieve a sumptuous effect. "I mean the colour of my picture to be like jewels, and the jet would be invaluable." The bride's Whiteness contrasts with the child's Blackness as well as the ethnic difference, marked by Roma model, Keomi Gray, to the left of the bride and mixed race model, Fanny Eaton, at the back between both of them. There thus seems to be a relationship between the chroma, the jewellery and the bodies on display, which reflects the racial and cultural politics of the day. This relationship is intensively analysed by art historian, Matthew Francis Rarey, in his essay, *'And the Jet Would Be Invaluable': Blackness, Bondage, and The Beloved*. Noting that his portrait of the 'cup-bearing' child was the only known representation of a Black person by Rossetti, Rarey interprets the painting through a number of intersecting frames, the legal ambiguity around slavery, the long-standing European trope of androgynous young Black figures serving white main characters, the feminisation of Black men in abolitionist texts like Uncle Tom's Cabin, the reclamatory quoting of Song of Solomon ("I am black, but comely") by African-American intellectuals and Rossetti's own problematic visual responses to this complex discursive field.

Rarey writes, "Rossetti uses "jet" to refer not just to a jewel (more accurately, the mineral lignite) but also to a colour and to a human being. Positioning the figure as a colour foil to the bride, Rossetti highlighted the child's face with a focused sheen reminiscent of actual jet, thus transforming them into another form of jewellery in the painting. The other jewels underscore the bride's nobility and cosmopolitanism." In this way, the presence of the child (wearing a headpiece and necklace based on North African work) as part of an international commodity market aligns with the Orientalism connoted by the luxurious artefacts adorning the characters.

### Western Gaze

Orientalism, or the cultural interpretation of so-called Eastern, usually colonised, people by the Western coloniser's gaze, relies on dramatic juxtapositions between the realms and fetishistic renderings of people and things for the pleasure of the viewer. This often intersects with the expression of eroticism in art of empire, predominantly by the figuration of non-White subjects as objects for the consumption of White spectatorship, often in the form of hypersexualising the women, emasculating the men or drawing on the symbolism of androgyny. In the case of *The Beloved*, at play is a treatment of a religious text, focusing on sexual love in which the exoticism of the ancient West Asian setting is melded with 19th-century fantasies of colonial globality, the English rose whiteness of the unveiled female beauty, enhanced by its ostensibly, titillating contiguity with the skin tones of the colonies. It is the formal and conceptual metaphor of the spectrum, not only as a continuum of race and gender but as the literal production of colour by light, the "sheen of jet," which makes explicit the violent power relations, governing the colonial economy, only hinted at through the glimmer of gold and shine of silk (ironically, despite Rossetti's intention, according to Rarey, of avoiding mid-19th century Blackness' political meanings in favour of its aesthetics).

By the time of the Brotherhood's second generation *avatar* as the Aesthetic movement, when *The Beloved* was painted, they embraced a philosophy of *art for art's sake*. Obviously, the content of the paintings did not deliver on such impossible detachment from context. It is intriguing to consider the point made by some scholars that the titular Beloved is really the viewer, a surrogate for Solomon. As we meet the eyes of the characters and feast on their garments and accessories, we become implicated in the scene, appraisers of precious ware from around the world. The Indian makara bracelet in the jewel-like configuration of *The Beloved* is, thus, one amongst many glints of Empire, the story of its arrival in Rossetti's possession inextricable from the operations of the trade circuits of the Raj and its material and ideological regime. Girding the bride's wrist, it embodies not just Rossetti's desire to render the erotic and the exotic in brilliant hues, but also the traffic between Britain and the jewel in its Crown.

rajeshsharma1049@gmail.com

#FESTIVITIES

# Stunning Ideas to Brighten Up Your Festivities

Rangoli originates from the Sanskrit word *ranga* meaning 'to decorate' or 'to adorn.'



Why is *rangoli* such an important part of *Hindu* culture? The origins of rangoli remain a mystery, but some believe that it may have originated in the ancient *Vedic* period. Rangoli symbolises fertility, peace, prosperity, and happiness. They are also seen as a way to attract good luck and ward off bad spirits. Rangoli originates from the Sanskrit word *ranga* meaning 'to decorate' or 'to adorn.' To make this Diwali more auspicious, we've got a range of rangoli designs that you can use to decorate your home and celebrate the festival in style. There are a lot of different modern Diwali rangoli designs out there, and it can be hard to know which one is best for you. However, we've compiled some of our favourite options. Remember that no two DIY rangolis are ever going to be identical. So, make yours unique!

### Peacock Feather Rangoli

*Peacock Feather Rangoli* is a timeless and enchanting art form that beautifully captures the essence of the magnificent peacock, India's national bird. Adored for its grace and vibrant plumage, the peacock serves as a symbol of elegance, beauty, and mystique. Rangoli artists have ingeniously incorporated the intricate patterns and iridescent hues of peacock feathers into their designs, creating a visually captivating and culturally significant art form.

### Floral Diwali Rangoli Designs



Diwali is the time to decorate your home or office, and what better way to do that than with a beautiful floral rangoli design? *Flower rangoli* or floral rangoli are the most beautiful, elegant, and eco-friendly rangoli designs. All you need to do is gather different varieties of flowers and arrange them in your desired design. Be extra creative and use the leaves of the flowers in your rangoli to give it a contrast. You cannot go wrong with the traditional Diwali rangoli design.

### Abstract Diwali Rangoli Designs



Whether you're a beginner or a seasoned rangoli artist, these *abstract rangoli designs* are perfect to add colour to your entire space. They are easy, simple, yet very elegant. Since an abstract Diwali Rangoli doesn't have any specific pattern, you can easily let your heart out. We would recommend starting with a geometric shape that you like and using bright colours and rice flour to create intricate patterns. You could even add different types of flowers to create beautiful designs. Be sure to add some glitter to finish it off perfectly!

### Diya Rangoli Design




There are a lot of different modern Diwali rangoli designs out there, and it can be hard to know which one is best for you. However, *Diya*, the main attraction of Diwali, is a great option to use when creating an easy design. One of the best things about this simple and perfect rangoli design for Diwali is that it doesn't require you to have the skill of drawing patterns, as it involves only a few hand-turning circles.

### Mandala Rangoli



*Mandala*, a Sanskrit word meaning 'circle,' represents wholeness, unity, and harmony in Indian spiritual and cultural traditions. Mandala designs are not just intricate patterns, they are powerful symbols of the universe, representing the cosmic order and the cycle of life. When this ancient art form meets the vibrant world of rangoli, it gives birth to *Mandala Rangoli*, a mesmerizing fusion of symmetry, spirituality, and creativity.

## THE WALL





## BABY BLUES

By Rick Kirkman & Jerry Scott




## ZITS

By Jerry Scott & Jim Borgman



## मिर्गी रोगियों के लिए शिविर लगा

**जोधपुर,** (का.सं.)। हर माह आयोजित होने वाले नि:शुल्क मिर्गी शिविर की कड़ी में 315 वें कैंप का आयोजन श्रीधर शिक्षण संस्थान के तत्वाधान में लायंस क्लब में हुआ। उद्घाटन शहर विधायक देवेंद्र जोशी ने किया। उद्घाटन के पूर्व विधायक जोशी जी का माल्यार्पण शॉल उड़ाकर पुष्पगुच्छ भेंट कर सम्मान किया गया।

श्रीधर शिक्षण संस्था की सचिव डॉ पद्मजा शर्मा ने बताया कि विधायक जोशी ने अपने उद्बोधन में कहा कि लगातार 26 वर्षों से इन कैंपों में नि:शुल्क सेवा कर उनको स्वस्थ जीवन देना बहुत ही असाधारण कार्य है। ये मेरे लिए एक बहुत आश्चर्यजनक और सुखद अनुभव है। विधायक जोशी ने सभी मरीजों को मिठाई के पैकेट, फल देकर शीघ्र स्वस्थ होने का आशीर्वाद दिया।

उन्होंने कहा कि ईश्वर की असीम कृपा है कि इस शुभ दिन मैं आज इन मरीजों के बीच दीपावली का त्योंहार मना रहा हूं। कैंप में उमेश लीला और उनके परिवार के सदस्यों का माल्यार्पण कर अभिनंदन किया और परिवार के सदस्यों ने मरीजों को मिठाई और फल वितरित कर दीपावली की शुभ कामनाएं दी। डॉ. नगेंद्र शर्मा ने कहा कि आज दीपोत्सव इन मरीजों के साथ मनाकर लगा जैसे अपने परिवार जनों के साथ मनाई है। डॉ. नगेंद्र शर्मा ने बताया कि आज 241 मरीजों का परीक्षण कर दवा का वितरण किया गया। शिविर संयोजक किशन प्रजापत और महावीर शर्मा के अलावा लायंस क्लब के पदाधिकारी भी मौजूद थे।

# त्यौहारी सीजन में कार्रवाई करते हुए खाद्य सुरक्षा विभाग ने नमूने लिए

**कोटा,** (निसं)। दीपावली पर आमजन को शुद्ध खाद्य सामग्री मिले इसके प्रदेशभर में लिए चिकित्सा एवं स्वास्थ्य विभाग की ओर से लगातार निगरानी रखी जा रही है। जिससे खाद्य सामग्री विक्रेता मिलावटी सामग्री नहीं बेच सकें। शुद्ध आहार मिलावट पर वार अभियान के तहत चिकित्सा एवं स्वास्थ्य विभाग द्वारा खाद्य पदार्थों के नमूने भी लिए जा रहे हैं।

इसी क्रम में खाद्य सुरक्षा आयुक्त और जिला कलेक्टर डॉ.रविन्द्र गोस्वामी के निर्देश पर मुख्य चिकित्सा एवं स्वास्थ्य अधिकारी डॉ.जगदीश सोनी ने बताया कि कोटा मे दिवाली के पहले 'शुद्ध आहार मिलावट पर वार' अभियान चलाया हुआ है। इसके तहत लगातार कोटा व कोटा के शहरी क्षेत्रों में सघन कार्यवाही की गई। बुधवार को टीम ने कोटा शहर में विभिन्न क्षेत्रों में सघन निरीक्षण करते हुए कोटड़ी क्षेत्र के बीकानेरी रसगुल्ला कार्नर से मिल्क केक, बर्फी, मलाई बर्फी, काजू कतली का नमूना लिया तलवंडी स्थित जैन मिल्क प्रोडक्ट्स से दूध, पनीर, मावा, घी, मिल्क केक, क्रीम का नमूना लिया। कोटा जंक्शन स्थित शिव अग्रवाल मिष्ठान भंडार से मिल्क केक, मलाई बर्फी, खोपरा बर्फी, बालू शाही, दिल्ली स्वीट सेंटर से मिल्क केक, मलाई बर्फी, मावा पेडा, चाकलेट रोल, रतनलाल एंड संस से मिल्क केक, मलाई बर्फी, चाकलेट रोल, नुक्ति लड्डू, शर्मा मिष्ठान भंडार से मलाई बर्फी, बेसन लड्डू, रसगुल्ला, गुलाब जामुन का नमूना लिया। आर्य समाज रोड स्थित खण्डेलवाल मिष्ठान भंडार से गुलाब जामुन एंव मिल्क केक का नमूना लिया। निरीक्षण किये गये सभी प्रतिष्ठानों को साफ-सफाई रखने को पांबद किया।


कोटा खाद्य सुरक्षा विभाग की टीम विभिन्न प्रतिष्ठानों से नमूने लिए हैं।

फूड लाइसेंस लटकाकर रखने की हिदायत दी, एवं ताजा मिठाईयों विक्रय करने एवं मिठाईयों में कलर का उपयोग सिमित मात्रा में ही करने को पाबंद किया गया। चल प्रयोगशाला द्वारा कोटा जंक्शन क्षेत्र 14 प्रतिष्ठानों की जांच कर 44 नमूनों की जांच की गई। टीम में खाद्य सुरक्षा अधिकारी चंद्र वीर सिंह जादौन, संदीप अग्रवाल, शामिल रहे।

## सेवानिवृत्ति पर 18 रेल सेवक सम्मानित


**कोटा,** (निसं)। रेलवे विभाग कोटा मण्डल से वर्ष 2024 के अक्टूबर माह में आयुसीमान्तर्गत 18 रेल सेवकों का सभागृह में विदाई समारोह आयोजित किया गया। मुख्य परियोजना प्रबंधक संजय बंसल द्वारा सेवानिवृत्त हो रहे सभी कर्मचारियों को सेवानिवृत्ति पर गोल्ड मेडल प्रदान कर सम्मानित किया गया।

कोटा मंडल से अक्टूबर माह में 02 राजपत्रित अधिकारी सहायक इंजीनियर (गति शक्ति) संजय दलेला, स्टेशन निदेशक कोटा पीएल मीना एवं विभिन्न विभागों के 16 अराजपत्रित कर्मचारी सेवानिवृत्त हुए। रेल सेवको में मुख्य कार्यालय अधीक्षक, वरिष्ठ तकनीशियन, ट्रैकमेंन, सीनियर सेक्शन इंजीनियर, हेल्पर, लोको पायलट, मुख्य टिकट परीक्षक एवं मुख्य कल्याण निरीक्षक इत्यादि महत्पूर्ण पदों पर कार्यरत कर्मचारी शामिल थे। सभी सेवानिवृत्त हो रहे रेल सेवको को संबंधित दस्तावेज जैसे पेंशन पे आर्डर, सेवा प्रमाण पत्र, सर्विस रिकार्ड की सॉफ्ट कापी, पहचान पत्र, मेडिकल कार्ड, कंपोजिट ट्रांसफर ग्रांट भत्ता एवं पास आवेदन तथा प्राधिकार पत्र प्रदान किये गये। इस दौरान सीपीएम ने उदबोधन में कर्मचारियों को सेवानिवृत्ति राशि का सदुपयोग, स्वास्थ्यमय जीवन व्यतीत करने की सलाह देते हुए उनके भावी सुखी जीवन की शुभकामना दी तथा रेलवे के प्रति समर्पण, निष्ठा एवं अतुलनीय योगदान के प्रति आभार व्यक्त किया। इस अवसर पर वरिष्ठ मंडल वित्त प्रबंधक आरके प्रजापत, मंडल कार्मिक अधिकारी अविरल शर्मा तथा उनके परिवार के सदस्य उपस्थित रहे।

# कलेक्टर एवं पुलिस अधीक्षक ने विमंदित बच्चों संग मनाई दिवाली

**कोटा,** (निसं)। दिवाली की शुभकामनाओं और पर्व की खुशियां साझा करने के लिए जिला कलेक्टर डॉ.रविंद्र गोस्वामी एवं पुलिस अधीक्षक शहर डॉ.अमृता दुहन बोरखेड़ा स्थित आश्रम में मानसिक विमंदित बच्चों के बीच पहुंचें। इस अवसर पर उन्होंने बच्चों के साथ मिलकर दीपोत्सव का उल्लास साझा किया। कलेक्टर डॉ. गोस्वामी ने बच्चों से संवाद कर उनकी दिनचर्या के बारे में जाना और उनसे गीत, कविता एवं नृत्य प्रस्तुत करने का आग्रह किया। बच्चों ने पूरे उत्साह के साथ गीत, कविताएं और नृत्य प्रस्तुत किए, जिससे दीपावली का माहौल और भी आनंदमय हो गया।

कार्यक्रम के दौरान कलेक्टर और पुलिस अधीक्षक ने बच्चों को कपड़े, फल, चॉकलेट, और पटाखे वितरित किऐं। उन्होंने बच्चों से बातचीत करते हुए उनकी पसंद-नापसंद के बारे में जाना, जैसे कि उनके मित्र कौन हैं, नृत्य किसे पसंद है, और भोजन में क्या पसंद करते हैं। इसके बाद कलेक्टर डॉ. गोस्वामी एवं पुलिस अधीक्षक डॉ.दुहन ने छात्रावास, स्कूल, मेडिकल रूम एवं फिजियोथैरेपी रूम का अवलोकन किया। उन्होंने आश्रम संचालकों को प्रशासन की ओर से हर संभव सहायता का आश्वासन दिया, जिससे बच्चों को बेहतर सुविधाएं मिल सकें।


कोटा जिला कलेक्टर और पुलिस अधीक्षक ने विमंदित बच्चों के मध्य पहुंचकर दीपावली का त्यौहार मनाया है।

सामाजिक न्याय एवं अधिकारिता विभाग की उपनिदेशक सविता कृष्णिया ने बताया कार्यक्रम में 52 बच्चों ने कलेक्टर एवं पुलिस अधीक्षक के साथ दीपावली का पर्व धूमधाम से मनाया। गंगा विज़न के सचिव अनिल जैन ने आश्रम में बच्चों की संख्या, उनकी दिनचर्या, और दी जाने वाली सुविधाओं की जानकारी प्रस्तुत की।इस अवसर पर गंगा विज़न की प्रोजेक्ट डायरेक्टर शुभी सिंह सहित आश्रम के स्टाफ उपस्थित रहे, जिन्होंने बच्चों के उत्साह को और बढ़ाया।

## दस दिवसीय कार्यशाला आयोजित

**भरतपुर** (निस)। भारत सरकार के सांस्कृतिक मंत्रालय के क्षेत्रीय प्रशिक्षण केंद्र गुवाहाटी में 10 दिवसीय प्राकृतिक एवं सांस्कृतिक विरासत के संरक्षण में विद्यालयों की भूमिका विषय पर आयोजित प्रशिक्षण कार्यशाला में राजस्थान से एक मात्र भरतपुर जिले के राजकीय उच्च माध्यमिक विद्यालय लुधावई के राजनीतिक विज्ञान के व्याख्याता भूपेंद्र सिंह मीणा ने भाग लिया।

जिसमें प्रशिक्षण के दौरान एक भारत श्रेष्ठ भारत की तर्ज पर राष्ट्रीय स्तर पर सभी क्षेत्रों को उनकी सांस्कृतिक विरासत एवं प्राकृतिक धरोहरों के बारे में जागरूक करवाने के लिए यह आवासीय प्रशिक्षण शिविर आयोजित किया गया। इस प्रशिक्षण में भारत वर्ष से 14 राज्यों के 68 नामित शिक्षकों ने हिस्सा लिया। इसमें से राजस्थान से गए शिक्षक भूपेंद्र सिंह मीणा ने बताया कि इस प्रशिक्षण के दौरान शिक्षकों को राष्ट्र की विभिन्न सांस्कृतिक एवं उनके प्राकृतिक धरोहरों के बारे में जानकारी दी गई तथा विशेष रूप से उत्तर पूर्व राज्यों के नृत्य, संगीत, वेशभूषा भाषा, रहन-सहन, खान-पान की जानकारी दी गई।

जो विद्यालय में जाकर बच्चों में विविधता में एकता, सांस्कृतिक समन्वय हमारे राष्ट्र की संस्कृति को प्रस्तुत करने में शिक्षकों की सहायता करेगा। प्रशिक्षण सेवा में शिक्षकों को गुवाहाटी स्थित मां कामाख्या देवी मंदिर, नवग्रह मंदिर, असम म्यूजियम, इकोलॉजी तथा जियोलॉजिकल पार्क गुवाहाटी आदि महत्वपूर्ण स्थान का भ्रमण करवाया गया।

## भाजपा की बैठक आयोजित

**भरतपुर** (निस)। भारतीय जनता पार्टी जिला कार्यालय पर सक्रिय सदस्यता अभियान की बैठक जिला अध्यक्ष मनोज भारद्वाज के मुख्य आतिथ्य एवं मण्डल अध्यक्ष अनिल शर्मा की अध्यक्षता में सम्पन्न हुई। जिसमें मण्डल अध्यक्ष ने कहा कि जिला स्तर पर पार्टी का सक्रिय सदस्यता अभियान प्रारंम्भ हो चुका है। इसी के तहत भाजपा जिला कार्यालय पर शहर मण्डल के कुछ पदाधिकारियों को सक्रिय सदस्यता अभियान के माध्यम से सक्रिय सदस्यता दिलायी।

# जिला प्रभारी सचिव ने ली अधिकारियों की बैठक

**भरतपुर** (निस)। जिला प्रभारी सचिव शुचि त्यागी ने कहा कि सभी अधिकारी टीम भावना के साथ कार्य करते हुए जल जीवन मिशन में प्रगतिरत कार्यों की नियमित मॉनिटरिंग करते हुए पूर्ण हो चुके कार्यो का सत्यापन कर रोड रिपेयर आदि कार्य गुणवत्ता के साथ पूरे करायें।

जिला प्रभारी सचिव बुधवार को कलेक्ट्रेट वीसी कक्ष में वीडियो कांफ्रेंस के माध्यम से उपखंडवार जल जीवन मिशन, क्षेत्र में चल रहे अन्य विकास कार्यों एवं राजस्व प्रकरणों के निस्तारण की समीक्षा कर रही थी। उन्होंने कहा कि सभी उपखंड अधिकारी यह सुनिश्चित करें कि सरकार की जनकल्याणकारी योजनाओं, विकास कार्यों का सरकार की मंशा के अनुरूप क्रियान्यवन सुनिष्चित हो। उन्होंने उपखण्ड अधिकारियों को उपखण्डों में समन्वयक की भूमिका निभाते हुए विकास कार्यों की गुणवत्ता सुनिश्चित करते हुए लक्ष्य के अनुरूप कार्य पूरा कराने के लिए मॉनिटरिंग करने के निर्देश दिये। उन्होंने कहा कि विकास कार्यों को गति देते समय किसी भी स्तर पर समस्या आने पर त्वरित निराकरण कर आमजन को योजनाओं का लाभ दिलाए। जिला प्रभारी सचिव ने जल जीवन मिशन अभियान की विस्तार से समीक्षा करते हुए उपखंडवार गांव में हुए जल जीवन मिशन के कार्यों की विस्तार से जानकारी ली तथा उपखंड अधिकारियों को अब तक हो चुके कार्यों की गुणवत्ता की जांच करने, प्रगतिरत कार्यों की नियमित मॉनिटरिंग करने व रोड रिपेयर कार्य की टीम बनाकर जांच करवाने के निर्देश दिए। उन्होंने कहा कि अधिकारी क्षेत्र भ्रमण पर जाएं तो कार्यों की गुणवत्ता के साथ लाभान्वित परिवारों से भी फीडबैक ले जिससे कर्मियों में समय पर दूर किया जा सके। उन्होंने कहा कि जांच के दौरान रोड रिपेयर के जो भी कार्य संतोषजनक नहीं पाये जायें तो उनका भुगतान जन स्वास्थ्य अभियांत्रिकी विभाग द्वारा नहीं किया जाए। उन्होंने आगामी 10 दिवस में जिले भर में जल जीवन मिशन के कार्यों के क्रियान्यवयन, रोड़ रिपेयर आदि कार्य का टीम के द्वारा मौके पर सत्यापन कराने के निर्देश दिए।

# सलूंबर उप चुनाव में भाजपा-कांग्रेस में आन्तरिक कलह जारी,भारत आदिवासी पार्टी को मिल सकता है चुनावी लाभ

- **कांग्रेस के प्रचारक ताराचंद मीणा की जबान फिसली**
- **बोले कांग्रेस को हराए ,हुए सोशल मीडिया परट्रेंड**

**उदयपुर,** (का.सं.)। सलूंबर उपचुनाव में यों तो त्रिकोणीय मुकाबला माना जा रहा है,लेकिन दोनों प्रमुख दलों आन्तरिक कलह के चलते इसका लाभ भारत आदिवासी पार्टी को मिल जाए तो कोई अतिशियोक्ति नही होगी। इधर कांग्रेस के प्रचार अभियान के दौरान कांग्रेस के लोकसभा प्रत्याशी रहे तारा चंद मीणा की फिसली जबान आज सोशल मीडिया पर खूब ट्रेंड कर रही है।

आपको बता दें कि भाजपा ने दिवंगत विधायक अमृतलाल मीणा की पत्नी शांता देवी को और कांग्रेस ने रघुवीर सिंह मीणा का टिकट काटकर महिला चेहरे के रूप में रेशमा मीणा को उतारा है। भारत आदिवासी पार्टी की तरफ से जितेश कटारा को मौका दिया गया है।शांता मीणा का नरेन्द्र मीणा ने विरोध किया था जिन्हें दो विधायक जयपुर ले कर गए और मुख्यमंत्री की समझाइश के बाद उन्होंने बागी का चोला उतार दिया लेकिन सूत्रों के अनुसार शांता मीणा के विरोध में पार्टी में ही अंडर करंट चल रहा है। इधर कांग्रेस ने दिग्गज रघुवीर मीणा को धकेल कर रेशमा मीणा को अपना प्रत्याशी बनाया है,जिसका रघुवीर के समर्थको ने विरोध भी किया था और वो विरोध अभी तक जारी है। इस प्रकार दोनों ही प्रमुख दलों में चल रही आन्तरिक कलह का लाभ भारत आदिवासी पार्टी को मिल जाए तो कोई अतिशियोक्ति नही होगी।

इधर, सलूंबर विधानसभा के उप चुनाव को लेकर कांग्रेस, भाजपा और भारत आदिवासी पार्टी ने प्रचार शुरू कर दिया है। दीपावली का त्यौहार होने से अभी द्वार से द्वार तक कार्यकर्ताओं की बैठक चल रही है। इस बीच कांग्रेस का एक वीडियो सामने आया है। वीडियो में लोकसभा सीट से कांग्रेस उम्मीदवार रहे ताराचंद मीणा अपनी ही पार्टी को हराने की बात बोल रहे है। हालांकि उन्होंने तुरंत इसके लिए माफी मांगी और भाजपा को हराने की बात कही।

उपचुनाव में कांग्रेस ने संलूबर से रेशमा मीणा को उतारा है। उनके समर्थन में सोमवार को सलूंबर विधानसभा क्षेत्र के मेवल इलाके में गींगला जैन चौराहा पर जनसंपर्क सभा हुई थी। सभा को संबोधित करते हुए ताराचंद मीणा ने कहा.हमें 90 हजार वोट का टारगेट रखना है। आप सभी खुद को रेशमा मीणा मानते हुए दिन.रात मेहनत कर कांग्रेस को ज्यादा से ज्यादा मतों से हराए। उन्होंने तुरंत बात को संभाला और कहा कि माफ करें भाजपा को हराए और कांग्रेस को जिताएं यह कहना चाहता हूं।

सभा का वीडियो भी सामने आते ही जिसे सोशल मीडिया और भाजपा के कई ग्रुपों में शेयर किया जा रहा है। उदयपुर देहात कांग्रेस जिलाध्यक्ष कचरू लाल चौधरी ने कहा कि मानवीय भूल है। गलती से जुबान फिसल गई थी। उन्होंने भाजपा को हराने के लिए कहा था।

कांग्रेस ने लोकसभा चुनाव के दौरान उदयपुर से ताराचंद मीणा को नए चेहरे के रूप में उतारा था। ये पूर्व मुख्यमंत्री अशोक गहलोत के खास माने जाते है। ताराचंद मीणा पाली जिले के रहने वाले है। जनवरी 2022 में चित्तौड़गढ़ कलेक्टर के पद से ट्रांसफर होकर उदयपुर कलेक्टर के पद पर आए थे।उदयपुर में जुलाई 2023 तक रहे। मीणा ने जनवरी 2024 में ही स्वैच्छिक सेवानिवृति के लिए आवेदन कर दिया था। 20 मार्च से स्वैच्छिक सेवानिवृति को मंजूरी दे दी गई थी।

# रत्नागिरी पहाड़ी में 2.5 करोड़ के विकास कार्यों का शिलान्यास

- **पर्यटन, स्वास्थ्य और अध्यात्म के संगम स्थल के रूप में विकसित हो रत्नागिरी पहाड़ी : कटारिया**

**उदयपुर,** (कासं)। दीपावली की पूर्व संध्या पर पर्यटन सिटी उदयपुर को एक और नई सौगात मिली। पंजाब के राज्यपाल श्री गुलाबचंद कटारिया ने बुधवार को शहर के भुवाणा स्थित रत्नागिरी पहाड़ी पर उदयपुर विकास प्राधिकरण की ओर से करवाए जाने वाले 2.5 करोड़ के विकास कार्यों का शिलान्यास किया।

कटारिया ने कहा कि यह स्थान पर्यटन, स्वास्थ्य और अध्यात्म के संगम स्थल के रूप में विकसित होगा। उन्होंने कहा कि प्रकृति ने हमें बहुत कुछ दिया है और हमें इसे सहेजने की जरूरत है। प्रकृति का श्रृंगार करना हमार प्रमुख दायित्व है। आज उदयपुर में चारों दिशाओं में ऐसे कई क्षेत्रों का विकास हमनें किया है जहां बड़ी संख्या में पर्यटक पहुंचकर प्रकृति के नैसर्गिक सौंदर्य का लुत्फ उठाते है।

कार्यक्रम को संबोधित करते हुए उदयपुर शहर विधायक ताराचंद जैन ने कहा कि उदयपुर में ऐसे क्षेत्रों का लगातार विकसित होना सबकी मेहनत का परिणाम है। यहां पर्यटक आता है और नई नई यादें साथ लेकर जाता है तभी विश्व पटल पर उदयपुर ने अपनी विशिष्ट पहचान बनाई है। उदयपुर ग्रामीण विधायक फूलसिंह मीणा ने शहर के चहुंमुखी विकास के लिए श्री कटारिया का आभार जताया और कहा कि यहां के जनप्रतिनिधियों एवं अधिकारियों की मेहनत व लगन से शहर में कई नवाचार हुए है और पर्यटन के क्षेत्र में हम लगातार आगे बढ़ रहे है।

प्रारंभ में राज्यपाल श्री कटारिया सहित अन्य अतिथियों ने शिलान्यास पट्टिका का अनावरण और भूमि पूजन कर लेकसिटी को यह सौगात दी। समारोह में संभागीय आयुक्त प्रज्ञा केवलरमानी, यूडीए आयुक्त राहुल जैन, बडगांव प्रधान श्रीमती प्रतिभा नागदा, रवींद्र श्रीमाली, उपप्रधान प्रताप सिंह राठौड़, जिला परिषद सदस्य श्रीमती पिंकी मांडावत, सरपंच मोहनलाल सहित अन्य प्रबुद्धजन मौजूद रहे। कार्यक्रम का संचालन राजेन्द्र सेन ने किया और अंत में आभार संभागीय आयुक्त केवलरमानी ने जताया।

राजस्व ग्राम भुवाणा स्थित रत्नागिरी पहाड़ी को एक पर्यटक स्थल के रूप में विकसित करने के उद्देश्य से पहाड़ी के विकास, संवर्धन एवं पौधारोपण किया जाना है। यह पहाडी भुवाणा ग्राम की प्रमुख लोकेशन पर स्थित होकर प्राधिकरण के योजना क्षेत्र चित्रकुट नगर, मीरा नगर व श्याम नगर के निकट स्थित है। पहाड़ी का क्षेत्रफल 20 हेक्टयर है जो कि राजस्व रिकार्ड अनुसार 'चरनोट' दर्ज है। इसके विकास की दृष्टि से पूर्व में प्राधिकरण द्वारा बाउण्ड्रीवाल निर्माण, पार्किंग स्थल, पहुंच मार्ग व पौधारोपण कार्य सम्पादित किये गये है।

वर्तमान में रत्नागिरी पहाड़ी को पर्यटक स्थल विकसित करने के लिये विभिन्न विकास कार्य प्राधिकरण स्तर पर कराये जाने प्रस्तावित है। इनमें प्रथम चरण में पहाड़ी के सर्वाधिक ऊँचाई वाले भाग को 'व्यू पोईन्ट' हेतु विकास एवं 'व्यू पोईन्ट' तक जाने वाले विभिन्न पाथ वे जिसमें 1425 मीटर लम्बाई में स्टोन पीचिंग का पाथ वे पहाड़ी के मुख्य मार्ग से होते हुए वाया माताजी मंदिर से व्यू पोईन्ट तक, एक पाथ वे जिसकी लम्बाई 480 मीटर का भुवाणा ग्राम से व्यू पोईन्ट तक व एक पाथ वे जिसकी लम्बाई 520 मीटर आश्रम की तरफ से व्यू पोईन्ट तक बनाया जाना है। अन्य विकास कार्यों में पार्किंग विकास कार्य, प्लांटेशन को पानी पिलाने हेतु 50000 लीटर के दो टेंक निर्माण, पाईप लाईन बिछाने का कार्य, जन सुविधा विकसित करने का कार्य आदि किये जायेंगे, जिस पर अनुमानित 98.51 लाख रू. का व्यय संभावित है।

द्वितीय चरण में विभिन्न प्रकार के फूलदार पौधे कुल संख्या 17100, फलदार पौधे कुल संख्या 1000 व बड़े छायादार पौधे कुल संख्या 2500 का पौधारोपण कार्य जिस पर अनुमानित 96 लाख रूपये का व्यय संभावित है। तृतीय चरण में पर्यटकों को आकर्षित करने एवं बच्चों के मनोरंजन के लिये एडवेन्चर जोन व खेल जोन विकसित करने का कार्य, जिस पर अनुमानित 52 लाख रू. का व्यय संभावित है। इस प्रकार राशि 2.50 करोड़ रुपये की लागत से रत्नागिरी पहाड़ी को विकसित किया जायेगा।

## सार-समाचार

### ब्रांडों के नाम का नकली घी जब्त

**उदयपुर,** (कासं)। बुधवार को उदयपुर पुलिस की जिला स्पेशल टास्क फोर्स की सूचना पर रसद विभाग ने बड़ी कार्रवाई को अंजाम देते हुए शहर की कृषि मंडी की एक दुकान से मिल्क फूड और नोवा जैसे प्रतिष्ठित ब्रांडों के नाम का नकली घी बड़ी मात्रा में ज़ब्त किया गया।खाद्य सुरक्षा अधिकारी अशोक कुमार गुप्ता ने बताया कि जिला स्पेशल टास्क फोर्स से सूचना प्राप्त हुई थी कि शहर की कृषि मंडी में भाई भगवान एंड कंपनी और मेसर्स ख्याली लाल पन्नालाल नामक दुकान पर नोवा और मिल्क फूड नामक कंपनियों के नाम के डिब्बे में नकली घी भरकर तैयार किया जा रहा है। पुलिस की इस सूचना पर टीम द्वारा मौके पर पहुंच कर छापेमारी की गई जिसके दौरान दोनों ही दुकानों के तीसरी मंजिल पर टीम को बड़ी संख्या में नोवा और मिल्क फूड के खाली डब्बे साथ ही कुछ भरे हुए डब्बे भी बरामद हुए। छापेमारी के दौरान 1 लीटर और 15 लीटर के घी के कुछ पाउच बरामद हुए हैं साथ ही घी और तेल भी बरामद किया गया है जिनको साथ में मिक्स करके यह घी तैयार किया जा रहा था।फूड इंस्पेक्टर गुप्ता ने बताया कि बचे हुए माल को नष्ट किया जाएगा साथ ही पकड़े गए माल की सैंपलिंग की गई है और इसे जांच के लिए लैब में भेजा जाएगाए तो वही दोनों ही प्रतिष्ठित ब्रांड के प्रतिनिधियों से बात कर ली गई है जिसमें से दोनों ही कंपनी के प्रतिनिधियों ने यह माल उनका होने से इनकार किया है।उन्होंने बताया कि पकड़े गए लोगों के खिलाफ बीएनएस की धाराओं के तहत पुलिस द्वारा कार्रवाई की जाएगी तो वहीं रसद विभाग द्वारा फूड स्टैंडर्ड एक्ट के तहत कार्रवाई की जाएगी। उन्होंने कहा की त्यौहारों के दौरान इस तरीके से बड़ी संख्या में नकली घी का पाया जाना अपने आप में एक चिंताजनक घटना है और लोगों की सेहत के लिए भी हानिकारक है। इस तरीके से केमिकल द्वारा तैयार किए गए नकली घी के सेवन से सेहत पर काफी बुरा असर पड़ सकता है।

### महिलाओं ने किया दीपदान

**हिंडौन सिटी** । दीपोत्सव के चलते घर-आंगन और प्रतिष्ठान रंग-बिरंगी रोशनी से जगमग हो उठे हैं। बाजारों में दीपोत्सव की रौनक छाई है। बाजार ग्राहकों की भीड़ से अटे हैं, जिसके चलते चारों ओर दीपोत्सव की खुशियां नजर आ रही हैं।महालक्ष्मी के आगमन को लेकर लोग उत्साहित हैं। बुधवार को दिनभर घरों में दीपावली की तैयारियां चलती रही। मां लक्ष्मी के आगमन के लिए जहां एक ओर बाजार रंग-बिरंगी रोशनी से जगमग हो रहे हैं, वहीं घर-आंगन भी रंगाई-पुताई के बाद अब आकर्षक रोशनी से दमक रहे हैं। दीपावली को लेकर बाजार, होटल, शो-रूम, प्रतिष्ठानों पर आकर्षक रंग-बिरंगी रोशनी की गई है।

### 6 घंटे में ही आरोपी को किया गिरफ्तार

**करौली**(नि.स.)। करौली कोतवाली थाना पुलिस ने एक मोबाइल छीनने के मामले में कार्यवाही करते हुए 6 घंटे में ही बदमाश को गिरफ्तार कर लिया जिसमें एसपी कार्यालय कि जिला विशेष शाखा के कांस्टेबल मनोज कुमार की अहम भूमिका रही। प्राप्त जानकारी के अनुसार करौली शहर की गोमती कॉलोनी निवासी वृद्ध कैलाश चंद बुधवार को प्रात: 5:00 बजे के करीब घर से दूध लेने के लिए निकले थे रास्ते में अंधेरा होने के कारण उन्होंने मोबाइल का उजाला कर रखा था इतने में ही एक बदमाश वृद्ध कैलाश चंद के हाथ से मोबाइल छीनकर भाग गया जिसकी सूचना कोतवाली थाने पर दी गई कोतवाली थाना पुलिस ने बदमाश कि तलाश शुरू की ।

### महारैली व सभा आज

**डूंगरपुर,** (निसं)। पटेल पाटीदार डांगी समाज की आज महारैली व विशाल सभा आयोजित होगी। दक्षिणी राजस्थान के डूंगरपुरए सलूम्बर, उदयपुर, बांसवाडा, प्रतापगढ सहित कई जलिों के समाज जन इस महारैली में भाग लेंगे। महारैली को लेकर श्री राष्ट्रीय सरदार पटेल सेना के कार्यकर्ताओं ने समाज के गांव-गांव जाकर निमंत्रण दिया हैं। व्कार्यक्रम को लेकर भव्य स्तर पर तैयारी की गई हैं। पूरा पटेल पाटीदार डांगी समाज एक मंच एक साथ दिखाई देगा। तैयारी से जुडे महेंद्र डांगी धताणा व डायालाल पाटीदार नवाडेरा ने कहां व्यवस्थाओं को सुचारू कर लिया गया हैं। समाज का युवा अनुशासन के महारैली में भाग लेकर कार्यक्रम को सफल बनाने का आव्हान किया है। कार्यक्रम में समाज के वडील पंचो के लिए अल्पाहार की भी व्यवस्था रहेगी। कवि सुनील पटेल नेजपुर ने बताया कि यह महारैली समाज के इतिहास में दर्ज होगी। महारैली पटेल पाटीदार डांगी समाज के लिए प्रमुख उत्सव सी हैं। व्यवस्थाओं को लेकर हीरालाल पटेल खीरावाडा, वीरेंद्र डांगी रठौडा, मुकेश पटेल नेजपुर, संजू नवाडेरा, लालजी इंदौडा, ताजेंग पाटीदार मसाणा, मुकेश भचडिया, नारायण धताणा, अनील भचडिया, दिलीप भचडिया, कांतिलाल पाटीदार गडमाला, दिलीप भेहणा, महेंद्र पाटीदार आसेला समेत कई युवा मौजूद रहें।

### हादसे में दो बच्चों सहित चार घायल

**डूंगरपुर,** (निसं)। रामसागडा थाना क्षेत्र में एक तेज रफ्तार जीप ने एक महिलाए उसके 2 बच्चों समेत 4 लोगों को टक्कर मार दी। इसके बाद जीप कुछ आगे एक केबिन से टकराकर रुक गई। ड्राइवर मौके से भाग गया। घायलों को डूंगरपुर अस्पताल में भर्ती करवाया गया है। रामसागडा थाना क्षेत्र में रामपुर मेवाडा रोड पर दुर्घटना की घटना हुई। रामपुर मेवाडा निवासी इंदिरा पत्नी पंकज वरहात, उसके बेटी अंजना पुत्री पंकज वरहात, बेटा अकिल पुत्र पंकज वरहात, विनोद पुत्र हाजा वरहात चारो सडक के किनारे खडे थे। उसी समय एक तेज रफ्तार जीप आई। जीप ने सडक किनारे खडे चारों को टक्कर मार दी। टक्कर के बाद जीप बेकाबू होकर कुछ दूर एक केबीन से जाकर टकराकर रुक गई। ड्राइवर मौके से भाग छूटा। दुर्घटना में चारों को गंभीर चोटें आई। घटना के बाद मौके पर लोगो की भीड जमा हो गई। घायलों को 1०8 एम्बुलेंस के हरिराम ननोमा और सत्यनारायण लबाना डूंगरपुर अस्पताल लेकर आए। घायलों को आपातकालनीन सेवा वार्ड में भर्ती कर इलाज किया जा रहा है।

### धोखाधड़ी का मामला दर्ज

**उदयपुर,** (कासं)। भूखण्ड बेचने का सौदा कर रजिस्ट्री अन्य को करा नकदी हडपने वाले तीन आरोपियों के खिलाफ पुलिस ने प्रकरण दर्ज किया। पुलिस से प्राप्त जानकारी के अनुसार पीडित पन्ना बिहार बसनत बिहार न्यू भुपालपुरा निवासी नरेश पुत्र कन्हैयालाल राजपाल ने आरोपी गोपाल सोनी, राजकुमार सोनी व विकास सोनी पुत्र श्यामलाल सोनी के खिलाफ प्रकरण दर्ज करवाया। जिसमें पीडित ने बताया कि मैने दो वर्ष पूर्व आरोपियों से ब्रम्हपुरह नागानगरी स्थित जमीन खरीदने का सौदा तय किया। बदले में 21 लाख रूपये का भुगतान कर इकरार किया। कुछ समय बाद पता चला आरोपियों ने उक्त जमीन अन्य व्यक्ति को बेच दी। इसको लेकर एतराज करने पर आरोपियों ने न तो रजिस्ट्री करवाई व नकदी लौटाई।

### निराश्रितों के साथ मनाई दिवाली

**उदयपुर,( कासं )।** दीपावली के अवसर पर एमबी अस्पताल की अस्पताल मित्र टीम ने बुधवार को चित्रकूट नगर स्थित निराश्रित गृह में जाकर दिवाली मनाई। अधीक्षक डॉ.आर एल सुमन ने बताया कि औरों को खुशी देना जीवन का एक मकसद होता है और इसी के तहत टीम ने ऐसे जरूरतमंद लोगों के बीच पहुंचकर मिठाई बांटी और सभी के सुस्वास्थ्य की कामना की। टीम इस साल अब तक ऐसे निराश्रित 74 मरीजों की तक सेवा कर चुकी है जो कि अस्पताल में अनजान के रूप में भर्ती होते हैं, सड़क एक्सीडेंट से आते हैं या कई बार लावारिस, पागलपन की हालत में अस्पताल में आते हैं। संचालिका श्रीमती चंद्रकला यादव ने टीम का आभार जताया। इस अस्पताल मित्र टीम में डॉ. श्रुति चारण, हुक्मीचंद, सीमा चौधरी, पूजा सैनी डॉ. भावेश, पंकज जैन, दिव्यांशु एवं शंकरलाल शामिल थे।

### मंदिरों में विशेष साज-सज्जा

**उदयपुर,** (कासं)। देवस्थान विभाग की ओर से पंच दिवसीय दीपावली पर्व के अवसर पर विशेष आयोजन करवाए जा रहे हैं। विभाग के अधीन आत्म-निर्भर और प्रत्यक्ष प्रभार श्रेणी के सभी मंदिरों में विशेष पूजा एवं साज-सज्जा की जाएगी।देवस्थान विभाग की सहायक आयुक्त श्रीमती दीपिका मेघवाल ने बताया कि विभाग द्वारा पांच दिन तक उदयपुर जिले के ऋषभदेव मंदिर सहित डूंगरपुर जिले के कुल 31 और बांसवाड़ा जिले के कुल 63 विभागीय मंदिरों पर विशेष विद्युत सजावट, फूल बंगला, रंगोली तथा मिट्टी के दीयों का प्रकाश किया जाएगा। साथ ही इन दिनों में प्रसाद वितरण का भी आयोजन किया जाएगा।

### 1 नवम्बर का सार्वजनिक अवकाश

**उदयपुर,** (कासं)। दीपावली पर्व के मद्देनजर राज्य सरकार ने आगामी 1 नवम्बर को अवकाश घोषित कर दिया है। जिला कलक्टर अरविन्द पोसवाल ने बताया कि सामान्य प्रशासन (ग्रुप-6) विभाग की ओर से जारी आदेश के अनुसार दीपावली महापर्व के उपलक्ष्य में संपूर्ण राज्य में 1 नवम्बर को सार्वजनिक अवकाश रहेगा।

## पति से कहासुनी के बाद पत्नी ने खुद को आग लगाई

**पाली, (नि.सं.)।** पति से कहासुनी के बाद आवेश में आकर एक विवाहिता ने खुद पर केरोसीन डालकर आग लगा दी। उसे बचाने के प्रयास में 18 साल की बेटी भी झुलस गई। दोनों मां-बेटी को उपचार के लिए पाली के बांगड़ हॉस्पिटल लाया गया है, जहां दोनों का उपचार जारी है।

सूचना पर पुलिस भी अस्पताल पहुंची और घायल महिला से बयान लिया। महिलां ने बताया कि उसकी सुबह पति से किसी बात पर कहासुनी हो गई थी, जिससे उसने आवेश में आकर खुद पर केरोसिन उड़ेल लिया और आग लगा ली। हालांकि महिला ने फिलहाल पति के खिलाफ कार्रवाई को लेकर रिपोर्ट नहीं दी है। साथ ही कहा कि उससे गलती हो गई।

हॉस्पिटल चौकी प्रभारी पुखराज पटेल ने बताया कि आग से झुलसने से पाली के बापूनगर विस्तार में रहने वाली 48 साल की कैलाशी देवी और उसकी 18 साल की बेटी नीलम झुलस गई। दोनों का उपचार जारी है। बयान में घायल कैलाशी देवी ने बताया कि किसी बात को लेकर सुबह उसकी अपने पति से विवाद हो गया। पति के काम पर जाने के बाद दोपहर को उसने केरासीन डालकर खुद को आग लगा दी। उसके चिल्लाने पर उसकी 18 साल की बेटी नीलम दौड़कर आई और उसे बचाने के प्रयास में वह भी झुलस गई।

# 65 लाख रुपए की राशि हड़पने का मुख्य आरोपी पकड़ा

**बौंली-बामनवास ।** विभिन्न महाविद्यालय में पढने वाले आरक्षित वर्ग के छात्रों को दी जाने वाली छात्रवृत्ति में एक योजनाबद्ध फर्जी तरीके से 65 लाख रुपए की राशि हडपने का मुख्य आरोपी देवराय नजूंनादिया नरेश निवासी गौतम मार्ग 212 निर्माण नगर जयपुर को सवाई माधोपुर पुलिस ने गिरफ्तार कर लिया है ।

आरोपी पर सवाई माधोपुर पुलिस द्वारा 5 हजार का इनाम घोषित था इस छात्रवृत्ति घोटाले के मामले में पुलिस ने अनुसंधान के बाद एक महिला सहित 10 आरोपियों को पूर्व में गिरफ्तार कर लिया था यह मुख्य आरोपी फरार चल रहा था। सवाई माधोपुर जिला पुलिस अधीक्षक ममता गुप्ता ने बताया कि उपनिदेशक सामाजिक न्याय एवं अधिकारिता विभाग सवाई माधोपुर ने मानटाउन थाने में रिपोर्ट दर्ज कराई थी जिसमें महात्मा गांधी ज्योति राव फुले विश्वविद्यालय अचरोल जयपुर उत्तर मैट्रिक छात्रवृत्ति स्वीकृत के फार्म प्राप्त हुए वर्ष 2022-23 में एमजेएमएस स्कॉलरशिप पोर्टल पर फार्म प्राप्त हुए थे यह फॉर्म ई-मित्र कियोस्क के कंप्यूटर से एक से अधिक संख्या में क्रिएट किए गए व पोर्टल/ वेबसाइट के माध्यम से छात्रों की छात्रवृत्ति विभिन्न बैंक खातों में



पुलिस गिफ्त में गबन का आरोपी जयपुर निवासी डीएन नरेश।

करीब 65 लाख रुपए स्वीकृत होकर जमा होगई 285 छात्रों के छात्रवृत्ति फॉर्म में 42 बैंक खातों ऐसे खोले गए जो दो या अधिक छात्रों के थे इस प्रकाश किसी ने सरकारी धन को धोखे से योजनाबद्ध तरीके से हडप लिया। पुलिस ने मामला

■ **छात्रवृत्ति घोटाले के मामले में पुलिस ने अनुसंधान के बाद एक महिला सहित 10 आरोपियों को पूर्व में गिरफ्तार कर लिया था**

दर्ज कर अनुसंधान के बाद पाया कि आरोपी अजय गुर्जर, श्यामलाल माली, सुनील पंचोली, सुनील सैनी व ममता सैनी फीस की रसीद व अप्रूड की प्रक्रिया के लिए यूनिवर्सिटी में कार्यरत मुख्य आरोपी डीएन नरेश व मुकेश सैनी कंप्यूटर ऑपरेटर से सांठगांठ कर फीस रशीद लगाकर छात्रवृत्ति भुगतान से कार्यालय सामाजिक न्याय एवं अधिकारिता विभाग सवाई माधोपुर के पोर्टल पर आती थी जिसमें विभाग में कार्यरत कर्मचारी ई-मित्र संचालक राजेंद्र वर्मा ,अजहर सूचना सहायक ऋषिकेश मीणा के माध्यम से छात्रों की छात्रवृत्ति का भुगतान करते थे। पूर्व में आरोपी अजय गुर्जर, श्यामलाल माली, मुकेश सैनी, ऋषिकेश मीणा, राजाराम, राजेंद्र, कंवर सिंह, सुनील सैनी, सुनील पंचोली, व ममता सैनी को गिरफ्तार किया जा चुका है।

## पुलिस महानिदेशक ने दी दीपावली पर बधाई

**जयपुर।** पुलिस महानिदेशक (डी.जी.पी.) उत्कल रंजन साहू ने ज्योति पर्व दीपावली पर राजस्थान पुलिस की ओर से सभी प्रदेशवासियों के जीवन में खुशहाली और समृद्धि की मंगलकामना करते हुए प्रदेश के पुलिस अधिकारियों, पुलिस कर्मियों और उनके परिजनों को बधाई और शुभकामनाएं दी है।

डीजीपी साहू ने अपने शुभकामना संदेश में कहा कि राजस्थान पुलिस प्रदेश में शांति और कानून एवं व्यवस्था को बनाए रखने, अपराधों पर लगाम कसने तथा जनसुरक्षा के लिए प्रतिबद्ध है। उन्होंने विश्वास जताया कि प्रदेश के पुलिस अधिकारी और पुलिसकर्मी दीपावली के पर्व पर अतिरिक्त सजगता और सर्तकता के साथ देश और समाज के प्रति जिम्मेदारी के निर्वहन के लिए तत्पर रहते हुए दीपोत्सव की खुशियां साझा करेंगे। साहू ने कहा कि प्रदेश में सभी लोगों के बीच आपसी प्रेम, सद्भाव और भाईचारा सदैव एक मिसाल रहा है। यहां सभी लोग त्यौहारों की खुशियां मिल जुलकर मनाते हैं, इससे ये परम्पराएं और मजबूत होती हैं। उन्होंने आशा व्यक्त की कि इस बार भी दीपावली का त्यौहार सभी लोग हर्षोल्लास के साथ मनाते हुए इन परम्पराओं को अक्षुण्ण बनाए रखने का संकल्प लेंगें।

## एसीबी मुख्यालय में दिवाली मिलन समारोह

**जयपुर।** भ्रष्टाचार निरोधक ब्यूरो (एसीबी) मुख्यालय में बुधवार को एसीबी पुलिस महानिदेशक की अध्यक्षता में दिवाली मिलन समारोह हर्षोल्लास के साथ मनाया गया। जहां एसीबी अधिकारियों और कर्मचारियों ने हर्षोल्लास से त्योहार का आनंद लिया और एक-दूसरे को बधाई दी।


**पावरग्रिड बीकानेर ट्रांसमिशन सिस्टम लिमिटेड**
(पॉवर ग्रिड कॉर्पोरेशन ऑफ इंडिया लिमिटेड की 100% पूर्ण स्वामित्व वाली सहायक कंपनी)
बी-9, कुतुब इंस्टीट्यूशनल एरिया, कटवारिया सराय, नई दिल्ली-110016

**सूचना**

(विद्युत अधिनियम, 2003 की धारा 18 की उप-धारा (2) के तहत)

1. **पावरग्रिड बीकानेर ट्रांसमिशन सिस्टम लिमिटेड,** जिसका पंजीकृत कार्यालय **बी-9, कुतुब इंस्टीट्यूशनल एरिया, कटवारिया सराय, नई दिल्ली-110016** में है, जो कंपनी अधिनियम, 2013 के तहत निगमित है, ने केंद्रीय विद्युत नियामक आयोग, नई दिल्ली के समक्ष, विद्युत अधिनियम, 2003 की धारा 18 की उप-धारा (2) के तहत पारेषण लाइनों, सब-स्टेशनों और अन्य परिसंपत्तियों, जिनका विवरण नीचे दिया गया है, के संबंध में, ट्रांसमिशन लाइसेंस संबंधित एक आवेदन किया है:-
• मौजूदा लाइसेंस का विवरण - 137/TL/2022 साथ ही संशोधन 181/TL/2023
• आ. जोड़े जाने वाले ट्रांसमिशन तत्वों का विवरण:

| क्र. सं. | पारेषण परिसंपत्तियों का नाम और स्थान | लाइन की लंबाई/क्षमता | पूरा होने का अनुमान लागत | कमीशनिंग शेड्यूल (अनुसूची सीओडी) | टिप्पणियाँ |
|---|---|---|---|---|---|
| 1 | •400/220kV बीकानेर-II PS के 400kV स्तर पर बस अनुभागीयकरण का एक सेट<br>• एक नं। (क) बीकानेर - II पीएस में 400 केवी टाई बे (400/220 केवी आईसीटी – 4 से संबद्ध) की कुल संख्या 100 केवी टाई बे | •400 केवी बस सेक्शनलाइज़र –1 नग।<br>•400 केवी टाई बे–1 नं। | रु 28 करोड़ | कार्यान्वयन 400/220kV आईसीटी (4 वीं से 7 वीं) के साथ यानी, दिसंबर'24 | विनियमित टैरिफ तंत्र के तहत कार्यान्वित किया जाना है |
| 2 | राजस्थान में 400/220 केवी बीकानेर - II पीएस पर 400/220 केवी, 1*500 एमवीए आईसीटी (9 वें) के साथ-साथ संबद्ध ट्रांसफार्मर बे द्वारा परिवर्तन क्षमता में वृद्धि | •500 एमवीए, 400/220 केवी आईसीटी – 1<br>•400 के वी आईसीटी बे–1<br>•220 के वी आईसीटी बे– 1 नग। | रु 54.60 करोड़ | सीटीयूआईएल द्वारा कार्यालय ज्ञाप जारी होने की तिथि से 18 माह अर्थात 18.01.2026 | |

2. आयोग के समक्ष दायर पूर्ण आवेदन और अन्य दस्तावेज पावर ग्रिड कॉर्पोरेशन ऑफ इंडिया लिमिटेड की वेबसाइट www.powergrid.in/subsidiaries पर किसी भी व्यक्ति द्वारा उपयोग के लिए उपलब्ध हैं। आवेदन का निरीक्षण कंपनी के कार्यालय ईडी (टीबीसीबी), पावर ग्रिड कॉर्पोरेशन ऑफ इंडिया लिमिटेड, सौदामिनी, प्लॉट नंबर 2, सेक्टर -29, गुड़गांव 122001 में व श्री के के चौधरी, परियोजना प्रभारी, पावरग्रिड बीकानेर ट्रांसमिशन सिस्टम लिमिटेड के साथ भी किया जा सकता है या आयोग के कार्यालय में आयोग द्वारा निर्दिष्ट प्रक्रिया के अनुसार किया जा सकता है।
3. कोई आपत्ति या सुझाव, यदि हो, तो इसे सचिव, केंद्रीय विद्युत विनियामक आयोग, 6वीं, 7वीं और 8वीं मंजिल, टावर बी, वर्ल्ड ट्रेड सेंटर, नौरोजी नगर, नई दिल्ली-110029 के समक्ष दायर किया जा सकता है, जिसकी एक प्रति आपत्ति/सुझाव आवेदक या उसके अधिकृत एजेंट को, इस सूचना के अखबार में प्रकाशन के 15 दिनों के भीतर भेजी जाए।

जगह: बीकानेर
तारीख: 30.10.2024

के के चौधरी, परियोजना प्रभारी,
पावरग्रिड बीकानेर ट्रांसमिशन सिस्टम लिमिटेड

PG/CC/Notice-115(TBCB)/Advt-148/24-25


## तीन युवकों से 37 हजार रुपए की लूट

■ **तीन बाइक पर आए 9 बदमाशों ने की वारदात, खुद की बजाय पीडितों की बाइक लेकर भागे**

**डूंगरपुर, (निसं)।** कोतवाली थाना क्षेत्र में बलवाडा रेलवे फाटक के पास 3 युवकों से लूट की वारदात हुई। बदमाश तीनों से 37 हजार रुपए लूटकर फरार हो गए। 3 बाइक पर आए 9 बदमाशों ने वारदात को अंजाम दिया। बदमाशों के हमले में तीनों को चोटें भी आई हैं। पुलिस लुटेरों की तलाश कर रही है।

कोतवाली थाना पुलिस के अनुसार दिनेश पुत्र लक्ष्मण रोत निवासी डोल कुंजेला ने रिपोर्ट में बताया की उसके साथ सुभाष पुत्र कालूराम, अरविंद पुत्र कालूराम तीनों बाइक लेकर दिवाली का त्योहार मनाने के लिए घर आ रहे थे। हिम्मतनगर गुजरात से रवाना होकर आधी रात को बलवाडा रेलवे फाटक के पास पहुंचे। फाटक क्रॉस कर आगे आते ही 3 बाइक पर 9 बदमाश आए। बदमाशों ने ओवरटेक कर तीनों बाइक को आगे खडी कर दिया। वहीं उन्हें नीचे गिरा दिया। बदमाशों ने लट्ठ ओर लातों घुसों से उनके साथ मारपीट शुरू कर दी। सिर पर लट्ठ मारा, जिससे लहूलुहान हो गया। बदमाशों ने दिनेश के जेब से 15 हजार,सुभाष से 17 हजार ओर अरविंद के जेब से 5 हजार रुपए निकाल लिए। उनके साथी दूसरी इको गाडी में पीछे आ रहे थे। यह देखकर बदमाश बाइक लेकर भाग गए,लेकिन बदमाश उनकी बाइक छोड गए और दूसरी बाइक लेकर भागे। पुलिस ने मामले में लुटेरों की बाइक को जब्त कर लिया है। वहीं, बदमाशों की तलाश की जा रही है।

# टोंक में 34 किलो अवैध डोडा चूरा बरामद, एक गिरफ्तार

**टोंक।** जिला पुलिस अधीक्षक विकास सागवान के द्वारा चलाये जा रहे विशेष अभियान के तहत थाना झिराना में पुलिस की गठित टीम द्वारा नांकाबन्दी के दौरान एक कार को रोककर जब उसकी तलाश ली गई तो उसमें 34 किलो 608 ग्राम अवैध डोडा चूरा बरामद किया गया।

थानाधिकारी हरिमन ने बताया कि नांकाबन्दी के दौरान थाना झिराना के सामने से जा रही अल्टो कार को तलाशी के दौरान उसमें अवैध डोडा चूरा 34 किलो 608 ग्राम जप्त किया तथा चालक जगतार सिंह पुत्र मेजर सिह ताति रामगढिया निवासी 63 एफ बी थाना गतसिंहपुर जिला श्रीगंगानगर को गिरफ्तार कर उसके खिलाफ प्रकरण दर्ज कर अनुसंधान जारी है।



नांकाबन्दी के दौरान कार से 34 किलो 608 ग्राम अवैध डोडा चूरा बरामद किया गया।


फार्मेट सी-1
(अभ्यर्थियों के लिए समाचार पत्रों, टी.वी. में प्रकाशन हेतु)

**आपराधिक मामलों के बारे में घोषणा**

(वर्ष 2011 की रिट याचिका (सिविल) सं. 536 (पब्लिक इंटेरेस्ट फाउंडेशन एवं अन्य बनाम भारत संघ एवं अन्य) में माननीय उच्चतम न्यायालय के दिनांक 25 सितम्बर 2018 के निर्णय के अनुसार
अभ्यर्थी का नाम एवं पता: नरेश कुमार मीणा ग्राम नया गांव पोस्ट ननावता तहसील अटरू जिला बारां (राज.)
राजनेतिक दल का नाम: निर्दलीय
निर्वाचन का नाम: विधानसभा सदस्य
निर्वाचन क्षेत्र का नाम:- देवली उनियारा 097
में नरेश कुमार मीणा (अभ्यर्थी का नाम), उपर्युक्त निर्वाचन के लिए अभ्यर्थी, सार्वजनिक सूचना हेतु अपने अपराधिक पूर्ववृत्त के बारे में निम्नलिखित विवरणों की घोषणा करता/ करती है।

| क्र. सं. | लंबित आपराधिक मामला | | | आपराधिक मामलों के लिए दोष सिद्धि के मामलों के संबंध में विवरण | |
|---|---|---|---|---|---|
| | न्यायालय का नाम | मामले की सं. एवं मामले के स्थिती | संबंधित अधिनियमों की धारा (एं) एवं अपराध (अपराधों) का संक्षिप्त विवरण | न्यायालय का नाम एवं आदेश (शों) की तारिख | अपराध (अपराधों) और अधिरोपित दण्ड का विवरण |
| 1. | N/A | FIR No 160/2023 पुलिस थाना बापचा जिला बारां | 332, 353,143,188,427 IPC राजकार्य में बाधा डालना | | |
| 2. | ACJM-2 जयपुर मेट्रो प्रथम | 337/2023 पुलिस थाना गांधी नगर, जयपुर | 341, 323, 504, 506, 117 F | | |
| 3. | N/A | FIR No 159/2023 पुलिस थाना मोठपुर जिला बारां जाँच लंबित | 143,435,283,427 IPC रोड़ जाम कर किसी संपत्ति को नुकसान करना | N/A | N/A |
| 4. | N/A | FIR No 560/2023 पुलिस थाना कोतवाली जिला बारां जाँच लंबित | 147,148,149,332,353,283,117, 506 IPC व 3 ST/SC राजकार्य में बाधा डालकर उदापन करना | N/A | N/A |
| 5. | N/A | FIR No 572/2023 पुलिसथाना कोतवाली जिला बारां जाँच लंबित | 153A, 504, 505, 506, 120B,IPC आपसी झगड़े को सामूहिक रूप से बिगाड़ कर उदापन करना | N/A | N/A |
| 6. | N/A | FIR No 170/2023 पुलिस थाना मोठपुर जिला बारां जाँच लंबित | 143, 283,336 IPC रोड़ जाम कर आगजनी करना | N/A | N/A |
| 7 | N/A | FIR No 403/2023 पुलिस थाना छबड़ा जिला बारां जाँच लंबित | 143, 332,353,283 IPC रोड़ जाम कर राजकार्य में बाधा | N/A | N/A |
| 8. | N/A | FIR No 308/2023 जीआरपी थाना बारां जाँच लंबित | 145,147 रेल्वे अधिनियम रेल्वे ट्रेक जाम करना | N/A | N/A |
| 9. | N/A | FIR No 277/2023 पुलिस थाना अटरू जिला बारां जाँच लंबित | 147,148,149,506,268,188,189,285,504,505, 283 IPC सामूहिक रूप से रोड़ जाम कर उदापन करना | N/A | N/A |
| 10. | N/A | FIR No 158/2023 पुलिस थाना हरनावदा शाहजी जिला बारां | 332, 353 IPC राजकार्य में बाधा डालना | N/A | N/A |
| 11. | JM अटरू | 148/2020 न्यायालय में विचाराधीन कवाई थाना जिला बारां 215/2021 | 143,188,332,353,269,270,271,504,506, IPC व 3PDP एक्ट, 5/6 राजस्थान महामारी अधिनियम 2020 | N/A | N/A |
| 12. | ACJM-2 जयपुर मेट्रो प्रथम | गांधी नगर जयपुर 533/2011 न्यायालय में विचाराधीन 3968/2014 | 336,109,120B IPC 3/25, 5/28 आम्स एक्ट साथ में बन्दुक रखता था जिससे किसी दूसरे आदमी के साथ दुष्प्रेरण किया जा सकता हो | N/A | N/A |
| 13. | ACJM-6 जयपुर मेट्रो प्रथम | 269/2004न्यायालय में विचाराधीन गांधी नगर जयपुर 1171/2021 | 147,148,149,307,IPC सामूहिक रूप से हत्या का प्रयास | N/A | N/A |
| 14. | ACJM-12 जयपुर मेट्रो प्रथम | 254/2004 न्यायालय में विचाराधीन गांधी नगर जयपुर 1460/2014 | 332, 353, IPC राजकार्य में बाधा | N/A | N/A |
| 15. | JM अटरू | 197/2017 मोठपुर जिला बारां 273/2017 न्यायालय में विचाराधीन | 353 | | |
| 16. | N/A | 868/2004 | 283 IPC | ACJM-6 जयपुर मेट्रो प्रथम 31.03.2023 | 3PO का लाभ देकर प्रताड़ित कर रिहा किया |




भाजपा हरियाणा प्रभारी और भाजपा राजस्थान के पूर्व प्रदेशाध्यक्ष डॉ. सतीश पूनियां ने बुधवार को जयपुर आवास पर प्रदेशभर से पधारे पार्टी कार्यकर्ताओं, जनप्रतिनिधियों, आमजन व पदाधिकारियों से सनातन परंपरा के पर्व दीपावली की रामा-श्यामा कर शुभकामनाएं दी।

## अफेयर के शक में युवक को मार डाला

**पाली, (नि.सं.)।** बापू नगर विस्तार में रहने वाले 17 साल के किशोर की 25 अक्टूबर की रात को हत्या के मामले में पुलिस ने बजरंग बाड़ी में रहने वाले जितेंद्र, उसके भाई आशु और भागीरथ वाल्मीकि को मंगलवार रात को गिरफ्तार कर लिया।

कोतवाल किशोरसिंह भाटी ने बताया कि आरोपियों ने बहन से मिलने आने के शक में इतनी पिटाई की कि बेहोश हो गया। बेहोशी की हालत में बाइक पर बजरंग बाड़ी-टैगोर नगर इलाके में निकल रही जवाई नहर की ओर ले गए। वहां और मारपीट की। आरोपियों ने सबूत मिटाने के लिए शव को सुनसान जगह पर नहर के साइफन में पटक दिया।

## भीलवाडा के छात्रों का शानदार प्रदर्शन

**भीलवाडा।** दी इंस्टीट्यूट ऑफ चार्टर्ड एकाउंटेंट्स ऑफ इंडिया ने सीए इंटरमीडिएट और सीए फाउंडेशन परीक्षाओं के परिणाम जारी कर दिए हैं।

इस अवसर पर भीलवाड़ा शाखा के अध्यक्ष सीए सोनेश काबरा ने सभी सफल छात्रों को बधाई देते हुए उनके उज्जवल भविष्य की शुभकामनाएं दीं एवं विद्यार्थियों की सफलता पर हर्ष जताते हुए इसे उनकी मेहनत और दृढ़ संकल्प का नतीजा बताया एवं उनकी मेहनत और समर्पण को सराहा गया और उनके उज्जवल भविष्य की कामना की गई। एवं बताया कि इस वर्ष सीए इंटरमीडिएट का ऑल इंडिया परिणाम से ग्रुप 1 में 15.17 , ठ्रुप 2 में 15.99 , और दोनों ग्रुप का परिणाम 5.66 रहा। शाखा सचिव सीए मुरली अटल ने बताया कि एवं बताया कि भीलवाडा शाखा का परीक्षा परिणाम के बारे में बताया कि भीलवाडा शाखा में सीए इंटरमीडिएट परीक्षा में ग्रुप 1 में 88 परीक्षार्थियों में से 12 सफल हुए, जिससे परिणाम 13.63 रहा। इसी प्रकार, ग्रुप 2 में 94 परीक्षार्थियों में से 36 उत्तीर्ण हुए एवं परिणाम 38.29 प्रतिशत रहा, इसी के साथ बोथ ग्रुप में 117 में से 3 विद्यार्थियों ने सफलता प्राप्त की, जिसमें कुल परिणाम 2.56 रहा। सिकासा के अध्यक्ष, सीए पुनीत कुमार मेहता ने सीए फाउंडेशन के परिणाम को विस्तृत बताते हुए बताया कि सीए फाउंडेशन में आल इंडिया से 70437 विद्यार्थी ने भाग लिया एवं 13858 विद्यार्थी उत्तीर्ण हुए एवं सीए फाउंडेशन का परिणाम 19.67 प्रतिशत रहा। सीए फाउंडेशन में भीलवाडा शाखा से 340 विद्यार्थी ने भाग लिया एवं 80 विद्यार्थी उत्तीर्ण हुए एवं सीए फाउंडेशन का परिणाम 23.52 प्रतिशत रहा जो आल इंडिया परिणाम से बेहतर हैं। भीलवाडा के विद्यार्थी भव्या अग्रवाल ने सीए इंटरमीडिएट परीक्षा में 319 अंक प्राप्त कर जिले में प्रथम स्थान प्राप्त किया। श्रेया सोमानी ने 315 अंक के साथ जिले में द्वितीय एवं विदिशा मालू 307 के साथ जिले में तृतीय रहे।

## जैन का स्वागत किया

**भीलवाडा।** राजस्थान राज्य विद्युत प्रसारण श्रमिक संघ भीलवाडा संबंधित भारतीय मजदूर संघ ने अधिशासी अभियंता अनिल कुमार जैन के अधीक्षण अभियंता राजस्थान राज्य विद्युत प्रसारण निगम भीलवाडा के पद पर पदोन्नित होने पर स्वागत किया गया तथा कर्मचारियों की समस्याओं के निराकरण के लिए प्रतिनिधिमंडल ने संपर्क किया।

महामंत्री अरूण कुमार छीपा ने बताया कि अधीक्षण अभियंता ने सभी कार्यकर्ता को आश्वासन दिया कि सभी के कार्य प्राथमिकता से तथा समय पर किए जाएंगे। इस दौरान संघ के जिला अध्यक्ष शैलेंद्र सिंह राठौड, महामंत्री अरुण कुमार छीपा इंजीनियर ओम सिंह पवार, मनीष गर्ग, रैना कंवर, विनोद कुमार वासवानी, राजकुमार सुमन, रेखा टेलर, गोपाल लाल टेलर, सुजीत कुमार राय आदि कार्यकर्ता उपस्थित रहे।

# हादसे में तीन युवतियां सहित सात जने घायल

■ **राजपुर रेलवे पुलिया पर हुआ हादसा**

**डूंगरपुर, (निसं)।** उदयपुर मार्ग पर स्थित राजपुर रेलवे पुलिया के नजदीक देर रात दो बाइक के बीच जोरदार टक्कर हो गई। दुर्घटना में तीन युवतियां सहित सात लोग घायल हो गए है। जिसमें से दो युवकों की हालत गंभीर है। जिन्हें इलाज के लिए रेफर कर दिया गया है।

डूंगरपुर से उदयपुर रोड पर राजपुर रेलवे पुलिया से आगे जाते ही मंगलवार देर रात को 2 बाइक के बीच जोरदार भिडंत हो गई। दुर्घटना इतनी भयंकर थी कि दोनों बाइक के आगे के व्हील के टुकडे-टुकडे हो गए। वहीं, दोनों बाइक पर बैठे 7 लोग घायल हो गए। इसमें एक बाइक पर 4 तो दूसरी बाइक पर 3 लोग बैठे हुए थे। घटना की सूचना पर लोगों की भीड जमा हो गई। घायलों के हाथ,पैर, सिर ओर शरीर के कई जगहों पर गंभीर चोटें लगी, जिससे वे लहूलुहान हो गए। 108 के ईएमटी ताराचंद भोई, सुनील पाटीदार, हरिराम ननोमा ओर सत्यनारायण लबाना ने घायलों को डूंगरपुर अस्पताल लेकर पहुंचे। दुर्घटना में घायल विक्रम पुत्र गणपतलाल निवासी ददोडिया,अश्विन पुत्र मोहनलाल निवासी ददोडिया, महेश पुत्र नानजी निवासी ददोडिया, दूसरी बाइक पर सवार नवीन पुत्र रूपलाल निवासी मझौला,शिवानी पुत्री शंकर निवासी मझौला, मंजू पुत्री गंगाराम निवासी मझौला, प्रियंका पुत्री गंगाराम निवासी मझौला गंभीर घायल हो गए। घायलों को डूंगरपुर अस्पताल के आपातकालीन वार्ड में भर्ती करवाया। जहां दो घायलों के हालत गंभीर होने पर उदयपुर के लिए रेफर कर दिया गया है।


**Rajasthan State Road Development And Construction Corporation Ltd., JAIPUR**
**No. NIT/2024-25/19027-41** निविदा सूचना/2024-25 **Date: 30.10.2024**

निम्नलिखित कार्यों के लिए केन्द्र/राज्य सरकार के अभियांत्रिकी विभागों एवं उनके अधिकृत संगठनों में पंजीकृत एवं अनुभवी संवेदकों से निर्धारित प्रपत्र में ई-प्रोक्यूरमेंट प्रक्रिया हेतु ऑनलाइन निविदायें आमंत्रित की जाती है :

| कार्य का विवरण | कार्य की कुल अनुमानित लागत (रू.) | निविदा सूचना संख्या |
|---|---|---|
| SITC of Internal Wiring for Teaching Block Transformer, DG Set, BBT, Cabling work at Medical Hospital,Chittorgarh. RRC2425WLOB00578 | 696.00 Lakh | ई-288/24-25 |
| Construction of ITI Building at Ramsagada District Dungarpur. RRC2425WLOB00579 | 608.48 Lakh | अल्पकालीन ई-296/24-25 |
| Construction of ITI Building at Harsoli District Alwar. RRC2425WLOB00585 | 587.18 Lakh | ई-297/24-25 |
| Construction of ITI Building at Umrain District Alwar. RRC2425WLOB00597 | 595.08 Lakh | ई-302/24-25 |

निविदा से सम्बन्धित प्रपत्र में निविदा शुल्क, धरोहर राशि, डाउनलोड करने व खोलने की तारीख सहित सम्पूर्ण विवरण एवं संशोधन वेबसाईट: http://eproc.rajasthan.gov.in, http://sppp.rajasthan.nic.in तथा http://roads.rajasthan.gov.in/rsrdc पर देखा जा सकता है। इच्छुक संवेदकों को अपने डिजिटल हस्ताक्षर के माध्यम से वेबसाईट http://eproc.rajasthan.gov.in पर रजिस्टर्ड करवाना आवश्यक है। महाप्रबंधक



**AJMER VIDYUT VITRAN NIGAM LIMITED**
Corporate Identification Number (CIN) – U40109RJ2000SGC016482
(Regd.Office: Vidyut Bhawan, Panchasheel Nagar, Ajmer-305004)
Office of the Superintending Engineer (Project) Vidyut Bhawan, Panchasheel Nagar, Ajmer-305004
Website : https://energy.rajasthan.gov.in/avvnl Email : xendsmavvnl@gmail.com

No. AVVNL/ ACE(Project)/SE (Solar)/XEn(RE DSM)/2024-25/RE DSM/F. KUSUM A/D.369 Date: 30.10.2024

**ई- अभिरुचि की अभिव्यक्ति (Expression of Interested) सूचना**

RESCO प्रणाली के माध्यम से ग्रिड से जुड़े सौर ऊर्जा संयंत्रों के COD से 25 वर्षों के लिए रूप-रेखा, सर्वेक्षण, आपूर्ति, स्थापना, परीक्षण, कमीशनिंग, संचालन और रखरखाव के लिए पात्र बोलीदाताओं से अभिरुचि की अभिव्यक्ति (Expression of Interested) में ई-निविदाएं आमंत्रित की जाती हैं। कुसुम योजना घटक A के तहत AVVNL में 11kV फीडरों से जुड़े कृषि उपभोक्ताओं के सौरकरण हेतु 11kV लाइन के माध्यम से 33/11kV सब-स्टेशनों और सौर ऊर्जा संयंत्रों के RMS को जोड़ा जाना है। निविदा से संबंधित समस्त विवरण वेबसाइट **www.energy.rajasthan.gov.in/jvvnl, www.sppp.rajasthan.gov.in** और **www.eproc.rajasthan.gov.in** पर उपलब्ध लिंक NIT No. AVVNL/ACE (Project)/SE(Solar)/XEN(RE-DSM)/ KUSUM-A/TN-DSM-15 के माध्यम से प्राप्त की जा सकती है।

भविष्य में, किसी भी शुद्धिपत्र अथवा विस्तार की सुचना, केवल वेब साइट **www.energy.rajasthan.gov.in/avvnl, http://www.sppp.rajasthan.gov.in** और **www.eproc.rajasthan.gov** पर प्रकाशित की जाएगी।

राज.संवाद/सी/24/7242 अधीक्षण अभियंता (सोलर)


# यूनेस्को गरीब बच्चों के साथ मनायेगा दीपावली

**भीलवाडा।** स्टेट फेडरेशन ऑफ यूनेस्को एसोसिएशन इन राजस्थान एवं जिला यूनेस्को एसोसिएशन द्वारा भारत के राष्ट्रीय पर्व दीपावली के अवसर पर यूनेस्को क्लब के सदस्य गरीब परिवार के बच्चों के साथ दीपावली समारोह मनायेंगे।

जिला यूनेस्को एसोसिएशन के अध्यक्ष चेतन मानसिंहका ने बताया कि स्टेट फेडरेशन ऑफ यूनेस्को एसोसिएशन इन राजस्थान एवं जिला यूनेस्को एसोसिएशन द्वारा झुग्गी-झोपड़ियों एवं सड़क किनारे रह रहे जरूरतमंद एवं गरीब परिवारों के बच्चों को नये वस्त्र व मिठाईयां बांट कर क्लब के सदस्य उनके साथ ही दो दिवसीय दीपावली समारोह मनायेंगे। इस कार्यक्रम में स्टेट फेडरेशन ऑफ यूनेस्को एसोसिएशन इन राजस्थान के स्टेट कॉर्डिनेटर गोपाल लाल माली भी विशेष तौर पर उपस्थित रहेंगे। साथ ही क्लब के कई सदस्य एवं पदाधिकारी भी शिरकत करेंगे।

## सीकर में 25 लाख रुपये लूट के 5 आरोपी पकडे

**सीकर ।** वैद्य की ढाणी रानौली निवासी से लूट 25 लाख रुपये को बरामद कर तीन आरोपियों को पुलिस ने गिरफ्तार किया। अजय कुमार ने बताया कि मैं सीकर फसल बेच कर वापस मोटर साइकिल से आ रहा था सीकर आ रहा था। रास्ते में सफेद रंग की बोलेरों में आए बदमाशों ने मैरे से रुपये लूट लिए। पुलिस ने तत्परता दिखाते हुए आरोपियों को गिरफ्तार कर लिया।


**राजस्थान स्टेट इंडस्ट्रियल डवलपमेंट एंड इनवेस्टमेंट कॉरपोरेशन लिमिटेड**
(राजस्थान सरकार का उपक्रम)
उद्योग भवन, तिलक मार्ग, जयपुर- 302005, फोन-0141-2227751,4593201
ई-मेल-riico@riico.co.in वेबसाईट- www.riico.co.in

**निविदा सूचना**

रीको द्वारा निम्नांकित कार्यो/आपूर्ति/सेवाएं उपलब्ध कराने के लिए ई-प्रोक्यूरमेंट प्रक्रिया से ऑनलाइन सीलबंद निविदाएं (लागत रूपये 2 लाख या उससे अधिक) निर्धारित प्रपत्र में eproc.rajasthan.gov.in पर आमंत्रित की जाती हैं।

| क्र सं. | कार्य का नाम | अनुमानित लागत (लाख रूपये में) |
|---|---|---|
| 1. | इकाई प्रभारी, ईपीआईपी सीतापुरा, जयपुर | |
| 1.1 | औद्योगिक क्षेत्र हुक्कण के विकास कार्य एवं रखरखाव और मरम्मत का कार्य। UBN-RDC2425WLOB01232 | 818.84 |
| 1.2 | औद्योगिक क्षेत्र ईपीआईपी सीतापुरा में ईपीआईपी गेट से पोद्दार सर्किल व टोंक रोड़ पर मीडियन में प्लांटेशन के रखरखाव का कार्य। UBN-RDC2425WSOB01256 | 21.60 |
| 1.3 | औद्योगिक क्षेत्र सीतापुरा तृतीय चरण में डोर टू डोर कचरा संग्रहण, आर.ओ.डब्ल्यू. एवं नालियों की सफाई का कार्य। UBN-RDC2425WSOB01257 | 27.00 |
| 1.4 | इकाई कार्यालय सीतापुरा के अन्तर्गत विभिन्न जगहों पर पेरापेट वॉल बनाने एवं टाईल, कर्ब स्टोन की आपूर्ति एवं लगाने का कार्य। UBN-RDC2425WSOB01258 | 12.68 |
| 1.5 | इकाई कार्यालय सीतापुरा के अंतर्गत वेन्यू रूट पर वेल्डेड जाली की आपूर्ति व मीडियन में मिट्टी उठाने एवं हाइड्रोलिक ब्रूमर से सफाई का कार्य। UBN-RDC2425WSOB01259 | 10.33 |
| 2. | इकाई प्रभारी, जयपुर(दक्षिण) | |
| 2.1 | औद्योगिक क्षेत्र मालवीया में डोर टू डोर से घरेलू कचरे को इकट्ठा करना और आर.ओ.डब्ल्यू. की सफाई करवाने का कार्य। UBN-RDC2425WSOB01250 | 4.95 |
| 2.2 | औद्योगिक क्षेत्र मालवीया जयपुर में सड़कों की ऐज लाईन/सेंटर लाईन की मार्किंग का कार्य। UBN-RDC2425WSOB01251 | 6.83 |
| 2.3 | औद्योगिक क्षेत्र अपैरल पार्क, जयपुर में फायर स्टेशन के मरम्मत का कार्य। UBN-RDC2425WSOB01252 | 5.21 |
| 3. | इकाई प्रभारी, जयपुर(ग्रामीण) | |
| 3.1 | उद्योग भवन, जयपुर में रीको विंग की तीसरी मंजिल की छत के स्लैब पर पुनर्वास का कार्य। UBN-RDC2425WSOB01265 | 33.37 |
| 3.2 | उद्योग भवन जयपुर में चारदीवारी के फुटपाथ के मरम्मत का कार्य। UBN-RDC2425WSOB01267 | 9.32 |
| 4. | इकाई प्रभारी, जयपुर(उत्तर) | |
| 4.1 | औद्योगिक क्षेत्र विश्वकर्मा, जयपुर में डोर टू डोर कचरा/मलबा संग्रहण कर उसके निस्तारण एवं आरओडब्ल्यू की नियमित सफाई का कार्य। UBN-RDC2425WSOB01266 | 74.40 |
| 4.2 | औद्योगिक क्षेत्र विश्वकर्मा-विस्तार, जयपुर में डोर टू डोर कचरा/मलबा संग्रहण कर उसके निस्तारण एवं आरओडब्ल्यू की नियमित सफाई का कार्य। UBN-RDC2425WSOB01268 | 23.82 |
| 4.3 | औद्योगिक क्षेत्र कालाडेरा, जयपुर में डोर टू डोर कचरा/मलबा संग्रहण कर उसके निस्तारण एवं आरओडब्ल्यू की नियमित सफाई का कार्य। UBN-RDC2425WSOB01269 | 6.84 |
| 4.4 | औद्योगिक क्षेत्र झोटवाड़ा (हस्तांतरित), जयपुर में डोर टू डोर कचरा/मलबा संग्रहण कर उसके निस्तारण एवं आरओडब्ल्यू की नियमित सफाई का कार्य। UBN-RDC2425WSOB01270 | 8.40 |
| 4.5 | औद्योगिक क्षेत्र झोटवाड़ा विस्तार-प्रथम एवं द्वितीय चरण, जयपुर में डोर टू डोर कचरा/मलबा संग्रहण कर उसके निस्तारण एवं आरओडब्ल्यू की नियमित सफाई का कार्य। UBN-RDC2425WSOB01271 | 6.84 |
| 4.6 | औद्योगिक क्षेत्र कालाडेरा एवं विश्वकर्मा, जयपुर में पाईपलाईन की आपूर्ति एवं बिछाने का कार्य। UBN-RDC2425WSOB01272 | 3.73 |
| 4.7 | औद्योगिक क्षेत्र जैतपुरा, जयपुर में विभिन्न प्रकार की नालियों की सफाई का कार्य। UBN-RDC2425WSOB01273 | 3.43 |
| 4.8 | औद्योगिक क्षेत्र मण्डा-द्वितीय चरण, जयपुर में जलप्रदाय योजना के संचालन एवं संधारण का कार्य। UBN-RDC2425WSOB01274 | 2.14 |
| 5. | इकाई प्रभारी, किशनगढ | |
| 5.1 | औद्योगिक क्षेत्र खोड़ा एवं रघुनाथपुरा में दो वर्ष के लिए एलईडी स्ट्रीट लाईट मय सामान संचालन एवं रखरखाव का कार्य। UBN-RDC2425WSOB01264 | 9.01 |

निविदा का विस्तृत विवरण, नियम इत्यादि एवं भविष्य में निविदा में किसी प्रकार के संशोधन/तिथि बढ़ने की जानकारी हेतु वेबसाइट www.riico.co.in व www.eproc.rajasthan.gov.in को देखें। अधिक जानकारी के लिए संपर्क करें: महाप्रबंधक (सिविल), फोन -0141-4593243

Raj.Samwad/C/24/7220

# दुग्ध उत्पादकों को बोनस राशी के चेक बांटे

**सावरदा** ( निंस ) । गिदानी ठााम पंचायत क्षेत्र के पालु में राष्ट्रीय राजमार्ग संख्या 48 पर स्थित दुग्ध उत्पादन सहकारी समिति लि केन्द्र पर बुधवार को प्रात काल समिति अध्यक्ष हनुमान जांदू कि अध्यक्षता में दुग्ध उत्पादकों को चेक से बोनस वितरण किया । समिति सचिव भंवर लाल पोषवाल ने बताया कि अध्यक्ष द्वारा करीब बीस दुग्ध उत्पादकों को चेक से बोनस वितरण किया। इस अवसर पर अध्यक्ष ने दुग्ध उत्पादकों संबोधित करते हुए कहा कि सरकारी दुध संकलन केन्द्र से जुडने के पशु पालको को कई फायदे हैं , जिनमे से मुख्य स्वास्थ्य बीमा योजना से कई पशु पालको को गंभीर रोगो का ईलाज मुह्या हो रहा है । तथा दुग्ध उत्पादन सहकारी समिति लि मे आन लाइन दुध संकलन के चार साल पुरे होने पर सहयोग कर्ता टीम के राजेन्द्र जैन , मोहित जैन तथा अंकित शर्मा का अध्यक्ष जांदू एवं सचिव भंवरलाल पोषवाल ने सम्मान किया ।

# संतोष माधानी का भव्य स्वागत

**मनोहरपुर** । कस्बा निवासी संतोष माधानी को बीएसएनएल सलाहकार समिति का अध्यक्ष बनाने पर भाजपा कार्यकर्ताओं ने बुधवार को पालिका अध्यक्ष सुनीता प्रजापत की मौजूदगी व दिलीप सिंह के मुख्य आतिथ्य में सम्मान समारोह का आयोजन किया गया। भाजपा मीडिया प्रभारी सुभाष जोशी ने बताया कि इस दौरान कस्बे के वामन देव मंदिर से रैली निकाली गई जो कस्बे के मुख्य मार्गो से होते हुए गांधी चौक पहुंची। जहां पालिका अध्यक्ष सुनीता प्रजापत, दिलीप सिंह और संतोष माधानी का माल्यार्पण कर व साफा पहनाकर स्वागत किया गया। इस दौरान जमकर आतिशबाजी की गई और सांसद राव राजेंद्र सिंह जिंदाबाद के नारे लगाए गए। कार्यक्रम में मंडल अध्यक्ष रामप्रकाश नाई,मंडल मंडल महामंत्री प्रहलाद गुर्जर, श्री कृष्णा उच्च माध्यमिक विद्यालय के निदेशक राजेंद्र यादव, , मंडल महामंत्री गणेश नारायण, लक्ष्मी नारायण, मोहन प्रिया, संदेश चौधरी, महेश भारद्वाज, राम गुर्जर, रामावतार केरवाल, जीतू काला गोरा, श्योराम गुर्जर,जयराम गुर्जर, सीताराम गुर्जर,रामावतार गुर्जर, रामावतार असवाल, भैरूराम जाट,भगवान सहाय गोरा,भंवर सिंह गुर्जर, रामचंद्र यादव, शंकर यादव, बंशीधर यादव,अजीत मेला, धुडाराम यादव, प्रभु दयाल शर्मा,बाबूलाल गुर्जर,मुरली गुर्जर, उपेंद्र आत्रेय,जितेंद्र सोनी,सुरेश यादव, सरपंच बलवीर यादव नवलपुरा , पवन बुनकर, हंसराज बुनकर,राहुल मिश्रा,रोहित शर्मा,अमर सिंह कुमावत, मनीष कुमावत, पूरण,महिपाल गुर्जर, सुरेश सेन, महेश सेन, ओमप्रकाश मिस्त्री,मामराज जांगिड, पवन जांगिड, श्याम स्वामी सहित कई लोग मौजूद थे।

# नामांकन पत्र वापस लिया

**टोंक**। विधानसभा उपचुनाव-2024 (देवली-उनियारा) के तहत देवली-उनियारा विधानसभा निर्वाचन क्षेत्र के लिए 8 अभ्यर्थी मैदान में है। सांख्यिकी प्रकोष्ठ के प्रभारी अधिकारी हनुमान मीणा ने बताया कि देवली-उनियारा विधानसभा क्षेत्र के लिए निर्दलीय प्रत्याशी उमाशंकर, खुशीराम धाकड़ एवं रामसिंह मीना ने अपना नामांकन वापस लिया है। दीपावली पर ड्यूटी मजिस्ट्रेट नियुक्त

कोटपूतली। जिला मजिस्ट्रेट कल्पना अग्रवाल ने कहा कि 31 अक्टूबर को दीपावली का पर्व उत्साह पूर्वक मनाया जाएगा। पर्व के चलते भारतीय नागरिक सुरक्षा संहिता के तहत प्रदत शक्तियों का प्रयोग करते हुए दीपावली पर्व पर जिले में ड्यूटी मजिस्ट्रेट नियुक्त किए गए हैं । जिला मजिस्ट्रेट अग्रवाल ने कहा है कि पर्व के दौरान बाजारों में बहुत ज्यादा भीड़ एकत्रित होने की संभावना है।

# दिवाली स्नेह मिलन 5 को

**फुलेरा**। कस्बे के श्रीरामनगर स्थित माली सैनी समाज भवन परिसर में माली सैनी समाज फुलेरा का दीपावली स्नेह मिलन समारोह आगामी 5 नवम्बर को सांय 5:30 बजे आयोजित किया जाएगा। जानकारी देते हुए संस्था के महामंत्री एडवोकेट राहुल सैनी ने बताया कि उक्त कार्यक्रम के अंतर्गत ही आगामी 3 दिसम्बर को होने वाले मूर्ति प्राण प्रतिष्ठा कार्यक्रम को लेकर विचार विमर्श किया जाएगा। साथ ही यह भी बताया कि 3 दिसम्बर के आयोजित होने वाले हवन यज्ञ में बैठने के लिए प्रत्येक जोड़े से 31सौ रूपये का शुल्क रखा गया है। इसी क्रम में सैनी समाज अध्यक्ष तेजकरण सैनी ने सामाजिक नागरिकों को उक्त दीपावली स्नेह मिलन समारोह में अधिक से अधिक संख्या में शामिल होकर सफल बनाने की अपील की है। इसके अलावा कस्बे के निकटवर्ती धार्मिक स्थल भन्दे बालाजी परिसर स्थित प्रजापति समाज धर्मशाला परिसर में आगामी 5 नवम्बर को श्री ब्रह्मा प्रजापति विवाह एवं विकास समिति की आवश्यक मीटिंग एवं दीपावली स्नेह मिलन समारोह आयोजित किया जायेगा।

# बीसीएमओ डॉ. गुर्जर ने शहरी पीएचसी नागाजी की गौर का किया निरीक्षण


उपस्थिति पंजिका, ओपीडी, दवा स्टोर समेत अन्य व्यवस्थाओं की जांच करते बीसीएमओ।

- ओपीडी में आने वाले मरीजों का किया उपचार, मौसमी बीमारियों की दी जानकारी
- दीपावली पर आमजन से आतिशबाजी और मिलावटखोरी से जुडी सतर्कता बरतने की अपील

**कोटपूतली**। कस्बे के नागाजी की गौर स्थित शहरी पीएचसी का बुधवार को बीसीएमओ डॉ. पूरण चन्द गुर्जर ने निरीक्षण किया। इस दौरान बीसीएमओ ने उपस्थिति पंजिका, ओपीडी, दवा स्टोर समेत अन्य व्यवस्थाओं की जांच की। उन्होंने ओपीडी में आने वाले मरीजों का उपचार भी किया। वहीं सभी स्टॉफ को चिकित्सा संस्थान पर निर्धारित ड्रेस व आईडी कार्ड के समय पर उपस्थित होने एवं चिकित्सा संस्थानों की साफ-सफाई का विशेष ध्यान रखने के निर्देश भी दिये। बीसीएमओ ने मौसमी बीमारियों को लेकर एएनएम व आशा सहयोगिनियों को प्रतिदिन एन्टीलार्वा सर्वे करते रहने एवं आमजन को जागरूक करने के निर्देश दिये। बीसीएमओ ने चिकित्सा संस्थान में आने वाले लोगों को मौसमी बीमारियों के प्रति जागरूक करते हुये मच्छरों से बचाव के लिये पुरे कपडे पहनने, कूलर, टंकी आदि में पानी को बदलते रहने की सलाह दी। ताकि मच्छर जनित वायरस से बचा जा सके। दीपावली पर आमजन से की अपील - बीसीएमओ डॉ. पूरण चन्द गुर्जर ने क्षेत्रवासियों को दीपावली की शुभकामनाएं और बधाई दी। उन्होंने कहा कि दीपावली पर्व रोशनी के साथ ही जीवन में खुशी और समृद्धि की सौगात लेकर आता है। उन्होंने आतिशबाजी और मिलावटखोरी से जुड़ी सतर्कता बरतने की अपील करते हुये बताया कि दीपावली के दौरान पटाखों और आतिशबाजी से निकलने वाला धुआं विशेष रूप से साँस की बीमारी से पीडित लोगों के लिए हानिकारक हो सकता है। उन्होंने ऐसे लोगों को अनार, चकरी और फूलझड़ी जैसे अधिक धुआं छोडने वाले पटाखों से दूर रहने की सलाह दी। उन्होंने बताया कि त्यौहारी सीजन में मिलावटखोरी की संभावनाएं भी बढ़ जाती हैं, इसलिए सतर्क रहना आवश्यक है।

स्वच्छता व्यवहार अपनाकर करें बचाव - बीसीएमओ ने बताया कि घरों की साफ-सफाई के दौरान साफ पानी के ठहराव वाले सभी छोटे जल स्रोतों की सफाई अवश्य करें। कूलर, गमलों, टायर, फ्रीज ट्रे, खाली पात्रों, पशुओं के नाद और उनके पात्रों की सफाई विशेष तौर पर की जानी चाहिये। ऐसा करने से डेंगू जैसी तीव्र प्रसार वाली बीमारी से बचाव होगा।

# 'खाद बीज की काला बाजारी करने वालों पर होगी सख्त कार्रवाई'

**निवाई** । कृषि विभाग की और रबी गुण नियन्त्रण अभियान के तहत कृषि अधिकारी कजोड़मल गुर्जर ने उपखण्ड के जामड़ोली क्षेत्र का दौरा कर खाद बीज की दुकानों का निरीक्षण किया। कृषि अधिकारी कजोड़मल गुर्जर ने बताया कि कृषि आयुक्तालय जयपुर के निर्देशानुसार रबी गुण नियन्त्रण अभियान चलाया जा रहा है जिसके तहत उर्वरक का अवैध भण्डारण, निधारित दर से अधिक मूल्य लेने वाले या अन्य किसी भी प्रकार की काला बाजारी करने वाले कृषि आदान विक्रेताओं के खिलाफ सख्त कार्यवाही की जायेगी। कृषकों को कृषि आदान खरीदते समय पक्का बिल लेने की अपील करते हुए कहा कि यदि कोई विक्रेता पक्का बिल देने से मना करता है तो जिला स्तरीय नियन्त्रण कक्ष या सम्बन्धित कृषि पर्यवेक्षक या सहायक कृषि अधिकारी के माध्यम से सूचना देने पर सम्बन्धित कृषि आदान विक्रेता के खिलाफ कार्यवाही की जाएगी। उन्होंने कहा कि सभी दुकानदार अपने पास उपलब्ध स्टॉक को प्रदर्शित करने हेतु दर्शनिय स्थल पर मूल्य सूची लगाये एवं प्रतिदिन अपडेट करे, स्टॉक रजिस्टर व पॉश मशीन में दर्ज उर्वरक एवं गोदाम में भौतिक रूप से रखा उर्वरक समान रहना चाहिए। कृषकों को कृषि आदान विक्रय करते समय पक्का बिल अवश्य देने के निर्देश दिये। उन्होंने बताया कि कृषि विभाग द्वारा कृषकों को उच्च गुणवता का खाद बीज उपलब्ध कराने हेतु खाद बीज के प्रतिष्ठानों से नमूने आहरित कर विश्लेषण हेतु प्रयोगशाला में भेजा जा रहा है। यदि नमूना अमानक पाया जाता है तो वैधानिक कार्यवाही की जायेगी




# आयुषी गोयल का स्वागत

**पावटा।** आयुषी गोयल पुत्री बृजमोहन गोयल निवासी पावटा ने राजस्थान न्यायिक सेवा में 51 रैंक हासिल की है। बुधवार को पावटा उपखंड कार्यालय पर पावटा उपखंड अधिकारी कपिल उपाध्याय, तहसीलदार संजय खेदड सहित पावटा बार एसोसिएशन अध्यक्ष विष्णु शर्मा, कोषाध्यक्ष एडवोकेट वार्ड पार्षद लोकेश शर्मा, एडवोकेट दिलीप सिंह शेखावत, राजेंद्र चौधरी, एडवोकेटबी.एलआर्य, मीडिया प्रभारी निर्मल कुमार मौर्य, अनिल यादव, ओमप्रकाश सैनी, मुकेश यादव, महेंद्र बोहरा, दिनेश दायमा, सुरेश धानका, सुमेर चौधरी, उमेश चौधरी सहित अन्य अधिवक्ताओं ने उनका स्वागत सम्मान करते हुए उज्ज्वल भविष्य की शुभकामनाएं दी। इस दौरान उपखंड अधिकारी कपिल उपाध्याय ने हर्ष व्यक्त करते हुए कि यह न्यायिक परिवार के लिए गौरव का अवसर है जब हमारे किसी बच्चों का न्यायिक सेवा में उचित रैंक में चयन हुआ है। स्वागत सम्मान कर उज्ज्वल भविष्य की शुभकामनाएं दी ।

# बाल विवाह रोकने के लिए अभियान


पावटा में बाल विवाह रोक के सम्बंध में बैठक का आयोजन किया।

**पावटा**। सचिव तालुका विधिक सेवा समिति विराटनगर के निर्देशानुसार उपखंड क्षेत्र विराटनगर में आगामी शादियों में बाल विवाह की संभावना के मध्यनज़र बाल विवाह जैसी कुप्रथा को रोककर बाल विवाह मुक्त गांव की परिकल्पना पर आधारित विशेष कैंपेन अभी नही थीम पहले सपने साकार हो, फिर शादी पर विचार हो के सफल आयोजन को लेकर बैठक का आयोजन किया गया।

बैठक में सफल आयोजन को लेकर अधिकारियों को निर्देशित किया गया। इस कैंपेन के तहत उपखंड क्षेत्र में बाल विवाह संबंधित गांव व क्षेत्रों का चिन्हीकरण करना, चिन्हीकरण किये गए गांव व क्षेत्र में तालुका विधिक सेवा समिति के माध्यम से सरपंचों, वरिष्ठ नागरिकों व अन्य जनप्रतिनिधियों व प्रशासनिक अधिकारियों संग बैठक का अयोजन, गांवो के सरपंचो, शिक्षा अधिकारियों, वरिष्ठ नागरिकों, पंचो, वार्ड मेंबर, विद्यालय प्रधानाचार्य, पैरालीगल वॉलेंटियर के साथ बैठक का आयोजन कर बाल विवाह निषेध के संबंध मे विधिक जानकारी के साथ कैंपेन अभी नही के बारे मे जानकारी देना, गांव व क्षेत्र मे विवाह मे काम करने वाले हलवाई, केटर्स, टेंटवालो के साथ सेशन आयोजित कर उन्हे कानूनों व दंड से अवगत करवाना, अभी नही कैंपेन के माध्यम से बाल विवाह मुक्त गांव की परिकल्पना को साकार करने के अथक प्रयास करने, अभी नही कैंपेन का सोशल मीडिया द्वारा प्रचार प्रसार करना, क्षेत्र मे संचालित राजकीय व प्राईवेट विद्यालयो मे विद्यार्थियो की संख्या प्राप्त करना, विद्यालयो मे शादी कब को लेकर चित्रकला, मानव साप-सीढ़ी प्रतियोगिता का आयोजन कर बच्चो को प्रोत्साहित व पुरुस्कृत करना, विद्यालयो मे विद्यार्थियो की भागीदारी बाल विवाह प्रतिषेध टॉक शो आयोजित करवाना, बाल विवाह के कानून दंड, विवाह शून्य रद्द करवाने आदि विधिक अधिकारों की जानकारी देना, बाल विवाह ना कर शिक्षा की और अग्रसर हुई बालिकाओ की सफलता की कहानियों से अवगत करवाना, बाल विवाह रोकने वाले व शिक्षा के लिए प्रेरित करने वाले परिवारों को चिंहित करने को लेकर उपखंड अधिकारी विराटनगर अमिता मान ने अधिकारियों को निर्देशित किया।

# मंत्री को समस्याएं बताईं

शाहपुरा। अमरसरवाटी क्षेत्र के भाजपा कार्यकर्ताओं के प्रतिनिधिमंडल ने भाजपा सह जिला मीडिया प्रभारी सुभाष जोशी के नेतृत्व में कानून व न्याय, संस्कृति व संसदीय कार्य मंत्री अर्जुन राम मेघवाल से जयपुर ग्रामीण सांसद राव राजेंद्र सिंह, जयपुर शहर सांसद मंजू शर्मा, सिविल लाइंस विधायक गोपाल शर्मा की मौजूदगी में मिलकर खाटूश्यामजी, त्रिवेणी धाम, महाभारत कालीन महाकाली शक्तिपीठ मंदिर, 11वीं शताब्दी के परमानंदजी आश्रम कुंडा धाम व वीर हनुमान मंदिर सहित प्राचीन आध्यात्मिक व ऐतिहासिक स्थलों को जोड़कर पर्यटन कॉरिडोर बनवाने की मांग की। इस अवसर पर प्रतिनिधिमंडल ने बताया कि इन प्राचीन धार्मिक स्थलों पर देशभर सहित विदेशो से भी श्रद्धालु दर्शन के लिए आते हैं।




# मालपुरा में निकाली रामनाम प्रभात फेरी

**मालपुरा** (निस) पांच दिवसीय दीपोत्सव पर्व को लेकर हिन्दु समरसत्ता मंच एवं दीपोत्सव आयोजन समिति की और से बुधवार की अलसवेरे शहर मे निकाली गई रामनाम प्रभात फेरी। बुधवार की सवेरे पुरानी तहसील बारादरी बालाजी मंदिर, आदर्शन नगर,इन्द्रा कॉलोनी,चिन्ताहरण बालाजी मंदिर व बृजलाल नगर से शुरू हुई रामनाम प्रभात फेरी मंडलियो का संगम सुभाष सर्किल पर हुआ।




# सीएलजी सदस्यों की बैठक आयोजित


पीपलू-झिराना थाना प्रभारी हरिमन की अध्यक्षता में पुलिस चौकी रानोली पर सीएलजी की बैठक आयोजित हुई।

**टोंक** । पीपलू-झिराना थाना प्रभारी हरिमन की अध्यक्षता में पुलिस चौकी रानोली पर सीएलजी सदस्यों, ग्राम रक्षक, पुलिस मित्र, ग्रामीणों व जनप्रतिनिधियों के साथ आगामी त्योहारो के मध्यनजर रखते हुए बैठक का आयोजन किया गया। जिसमें थानाधिकारी हरिमन ने कहां कि आगामी त्योहारो को भाईचारे व प्रेम से मनाया जाये तथा बैठक में सभी मोजूद सदस्यों से मुद्दो पर वार्ता कर उन्हे सुलझाने के प्रयास हेतु वार्तालाप किया गया। आगे उन्होने कहा कि गांव व आस पास कही कोई संदिग्ध व्यक्ति घुमतें हुए पाया जाता है तो उसकी सूचना थाने में दी जाये तथा थाना क्षेत्र के सम्बन्ध में सभी मुद्दो पर आपसी सहयोग व कानून व्यवस्था बनाए रखने सभी सदस्यों से वार्ता कर समस्याओं का विधि संगत निस्तारण करने और सहयोग देने हेतु बैठक में चर्चा हुई।


# मोरेल डैम की नहरे खोलने की मांग

**बौंली-बामनवास** । **राजस्थान** किसान सभा के कार्यकर्ताओं ने सवाई माधोपुर जिला अध्यक्ष कांजी मीणा के नेतृत्व में सवाई माधोपुर जिला कलेक्टर शुभम चौधरी को एक ज्ञापन सौंपकर मोरेल डैम की नहरे खोले जाने की मांग की है। मांग पत्र में अंकित किया गया है कि 5 नवंबर 2024 को सरसों व गेहूं की फसल की सिंचाई (पलाव) के लिए मोरेल डैम की नहरें खोली जाए।

# केंद्रीय मंत्री भूपेंद्र यादव ने अलवर वासियों से दीपावली की राम-राम की

**अलवर** । केंद्रीय वन एवं पर्यावरण व जलवायु परिवर्तन मंत्री और अलवर सांसद भूपेंद्र यादव ने बुधवार को अलवर जिले के विभिन्न स्थानों पर दीपावली मिलन समारोह में उपस्थित रहे। इस दौरान स्थानीय निवासियों ने श्री यादव का जोश के साथ स्वागत और सम्मान किया।

दीपावली मिलन समारोह के अंतर्गत भूपेंद्र यादव ने नौगांव मंडल की ओर से आयोजित दीपावली मिलन कार्यक्रम में नौगांवा के सनातन धर्मशाला में भाग लिया। इसके अलावा रामगढ़ के आदिनाका गांव में श्री यादव का स्वागत किया गया। वहीं, दीपावली मिलन कार्यक्रम के अंतर्गत रामगढ़ मंडल की ओर से गुलाब वाटिका रामगढ़ में मिलन समारोह आयोजित किया गया जबकि गोविंदगढ मंडल का दीपावली मिलन समारोह रामगढ़ विधानसभा कार्यालय, गोविंदगढ़ में आयोजित हुआ। वहीं जुगरावल पेट्रोल पंप पर बड़ौदामेव और बगड़ तिराया मंडल का दीपावली मिलन कार्यक्रम हुआ। जबकि अलवर शहर के संयुक्त व्यापार महासंघ और अलवर चैंबर आफ कॉमर्स इंडस्ट्री का भी दीपावली मिलन कार्यक्रम शहर में आयोजित हुआ। दीपावली मिलन समारोह की कड़ी में भारतीय जनता पार्टी के कार्यकर्ताओं का दीपावली मिलन समारोह अंबेडकर नगर में किया गया। रामगढ में दीपावली मिलन समारोह को संबोधित करते हुए श्री भूपेंद्र यादव ने स्थानीय निवासियों और कार्यकर्ताओं से कहा कि अधिक से अधिक संख्या में सभी मतदान करें और आने वाली 13 नवंबर को भारतीय जनता पार्टी के प्रत्याशी सुखवंत सिंह के पक्ष में मतदान करके भारतीय जनता पार्टी को मजबूत बनाएं। उन्होंने कहा कि 12 नवंबर को अबूझ सावा भी है ऐसे में लोगों को चिंता हो रही है लेकिन सभी एकजुट होकर यह ठान लें तो निश्चित ही मतदान प्रतिशत बढ़ेगा। उन्होंने कहा कि 10 साल पहले कोई कल्पना भी नहीं कर सकता था कि देश की राजनीतिक राजधानी यानी दिल्ली और देश की आर्थिक राजधानी मुंबई के लिए रामगढ़ होकर रास्ता जाएगा लेकिन अब यह संभव हो रहा है ऐसे में जब दो-दो जनप्रतिनिधि आपके रामगढ़ क्षेत्र से होंगे तो निश्चित ही विकास होगा। उन्होंने कहा कि आने वाले समय में हमें विकास के लक्ष्य को प्राप्त करना है और सभी को चुनाव में एकजुट होकर भारतीय जनता पार्टी को विजई बनाना है। इस दौरान उन्होंने कहा कि वह 13 तारीख को मतदान के बाद फिर इस इलाके में आएंगे। केवल चुनाव ही नहीं चुनाव के बाद भी लोगों के बीच में रहकर काम किया जाएगा। वहीं, रामगढ़ में दीपावली मिलन समारोह को संबोधित करते हुए केंद्रीय वन एवं पर्यावरण मंत्री और अलवर सांसद श्री भूपेंद्र यादव ने सबसे पहले लोगों को दीपावली की राम-राम की। उन्होंने कहा कि रामगढ़ में उपचुनाव के साथ-साथ महाराष्ट्र में भी विधानसभा चुनाव है ऐसे में यह चुनाव उनके लिए सुपर चुनाव है। वही अलवर शहर में संयुक्त व्यापार संघ और अलवर चैंबर कॉमर्स के दीपावली मिलन समारोह में भी केंद्रीय मंत्री श्री भूपेंद्र यादव मौजूद रहे। इस दौरान उन्होंने होप सर्कस पर मुख्य बाजार में की गई सजावट का भी अवलोकन किया और बटन दबाकर रोशनी चालू की। इस दौरान मंच पर प्रदेश के वन एवं पर्यावरण राज्य मंत्री संजय शर्मा, रामगढ़ उपचुनाव में भाजपा के प्रत्याशी सुखवंत सिंह, भारतीय जनता पार्टी के जिला अध्यक्ष अशोक गुप्ता, पूर्व विधायक जय राम जाटव, अंजली यादव, बहरोड प्रधान बस्ती राम यादव और निर्मल सिंह सूरा सहित अन्य मौजूद रहे।







# टोडारायसिंह थाना पुलिस की कार्यशैली के विरोध में तहसीलदार को सौंपा ज्ञापन

**मालपुरा** (निस) टोडारायसिंह थाना पुलिस द्वारा पालिका के नेता प्रतिपक्ष लवकुश वर्मा से पुलिस द्वारा किये गये दुरव्यवहार को लेकर गुस्साये नागरिकों ने बुधवार को तहसीलदार राहुल पारीक को सौंपा ज्ञापन।

सौंपे गये ज्ञापन मे अवगत करवाया कि पालिका के नेता प्रतिपक्ष लवकुश वर्मा को मंगलवार की रात थाने के एएसआई व कांस्टेबल ने सोशल मिडिया पर पालिका मे हो रहै भ्रष्टाचार को उजागर करने की खबर आने के बाद उसे धमकाया गया। पुलिस के इस व्यवहार से गुस्साये कांग्रेसजनो व आमजन ने बुधवार को जिला कलेक्टर व पुलिस अधिक्षक के नाम तहसीलदार को ज्ञापन सोंपा। साथ ही बताया कि रात्री मे एक बिमार व्यक्ति को लेकर जा रहै युवक को गश्त के दौरान पुलिस ने अभद्र व्यवहार कर लॉकअप मे बंद करने की भी धमकी दी। साथ ही युवक को उसका व्यवसायिक लाईसेंस रद्द करने की भी धमकियां दी गई। टोडारायसिंह शहर व क्षेत्र मे बैखोफ होकर धडल्ले से बैचे जा रहै मादक पदार्थो की रोकथाम के बजाय पुलिस द्वारा उल्टा आम नागरिक एवं जनप्रतिनिधि को धमकाने पर कडी नाराजगी जताई।


टोडारायसिंह थाना पुलिस की कार्यशैली के विरोध में आमजन ने कलेक्टर व एसपी के नाम ज्ञापन सौंपा ।

# एसओपी की पालना सुनिश्चित की जाए : सामान्य पर्यवेक्षक

**टोंक**। भारत निर्वाचन आयोग द्वारा देवली-उनियारा विधानसभा उपचुनाव के लिये लगाये गये सामान्य पर्यवेक्षक आशीष ठाकरे ने कहा कि देवली-उनियारा विधानसभा उपचुनाव के तहत 13 नवंबर को मतदान होगा। चुनाव जैसे महत्वपूर्ण कार्य को बहुत ही संवेदनशीलता के साथ पूरा करें। ईवीएम परिवहन के दौरान चुनाव आयोग की एसओपी की शत प्रतिशत पालना सुनिश्चित की जाएं। सामान्य पर्यवेक्षक कलेक्ट्रेट सभागार में प्रकोष्ठ प्रभारियों एवं सह प्रभारियों को आवश्यक निर्देश दे रहे थे। इस दौरान जिला निर्वाचन अधिकारी डॉ. सौम्या झा भी मौजूद थी। ठाकरे ने कहा कि आयोग के निर्देशों के अनुरूप मतदान दलों की रवानगी, समय पर मॉक पोल, वास्तविक मतदान प्रारंभ किया जाये तथा निर्धारित प्रपत्रों में सूचना प्रेषित की जाए।





आईपीएल फ्रैंचाइजी रॉयल चैलेंजर्स बेंगलुरु में अगले सीज़न के लिए फिर से मुझे कप्तान नियुक्त किए जाने के लिए बातचीत की।
- विराट कोहली

विराट कोहली के रॉयल चैलेंजर्स बेंगलुरु के कप्तान के रूप में वापसी को लेकर।

# खेल जगत

आज का खिलाड़ी

## हर्षित राणा



युवा गेंदबाज हर्षित राणा को भारत के लिए पदार्पण के लिए नवंबर में ऑस्ट्रेलिया में होने वाली बॉर्डर-गावस्कर ट्रॉफी तक इंतजार करना होगा। टीम के सहायक कोच अभिषेक नायर ने कहा है कि वे मुंबई में न्यूजीलैंड के खिलाफ आगामी तीसरे टेस्ट के लिए टीम में कोई बदलाव नहीं करेंगे। 1 नवंबर से शुरू होने वाले तीसरे टेस्ट से ठीक पहले राणा को भारतीय टीम में शामिल किया गया था और इस बात पर काफी चर्चा हो रही थी कि वह भारत की प्लेइंग इलेवन में शामिल होंगे या नहीं।हर्षित ने आईपीएल 2024 में केकेआर के लिए खेलते हुए शानदार प्रदर्शन किया था।

**क्या आप जानते हैं ?...** टेस्ट क्रिकेट में लगातार चार साल तक 1000 रन बनाने का रिकॉर्ड मैथ्यू हेडन के नाम है। उन्होंने 2001 से 2004 तक लगातार चार बार 1000 या अधिक रन बनाए।

## अत्राचली पीकेएल के इतिहास में 500 टैकल पॉइंट हासिल करने वाले पहले खिलाड़ी



हैदराबाद, 30 अक्टूबर (वार्ता) बंगाल वॉरियर्स के कप्तान फजल अत्राचली प्रो कबड्डी लीग के इतिहास में 500 टैकल पॉइंट हासिल करने वाले पहले खिलाड़ी बन गए हैं। सुल्तान के नाम से मशहूर फजल ने मंगलवार को हैदराबाद के गाचीबोवली में जीएमसीबी इंडोर स्टेडियम में पीकेएल सीजन 11 में गत चैंपियन पुनेरी पल्टन के खिलाफ मैच में 500 के जादुई आंकड़े को छुआ। फजल बंगाल वॉरियर्स टीम के कप्तान हैं और इस सीजन में अब तक खेले गए चार मैचों में उन्होंने कुल 15 अंक बनाए हैं। कुल मिलाकर, फजल ने पीकेएल में 173 मैच खेले हैं और 509 अंक बनाए हैं। ईरानी दिग्गज, जिन्हें पीकेएल सीजन 11 प्लेयर ऑक्शन में बंगाल वॉरियर्स ने खरीदा था, पीकेएल के इतिहास में सबसे सफल कप्तान हैं और इस सीजन में उन्होंने बंगाल वॉरियर्स का शानदार नेतृत्व किया है। सुल्तान ने डिफेंसिव यूनिट की कमान जोश के साथ संभाली है और इस सीजन में अब तक के सबसे शांत और सबसे भरोसेमंद खिलाड़ियों में से एक रहे हैं। 32 वर्षीय खिलाड़ी पीकेएल में सबसे अनुभवी खिलाड़ियों में से एक हैं और उन्होंने दो बार यह प्रतिष्ठित खिताब जीता है। बेहद शानदार और गतिशील डिफेंडर ने अपने पहले साल में ही पीकेएल में चैंपियन का खिताब जीता था। फिर सीजन 2 में और फिर एक बार सीजन 4 में, और सीजन 5 में उपविजेता भी रहे।

## भारतीय टीम की अगुआई को लेकर बेहद उत्साहित हूंः रॉबिन उथप्पा



हांगकांग, 30 अक्टूबर। एक नवंबर से शुरु होने वाले हांगकांग सिक्सेस 2024 में भारतीय टीम की अगुआई करने जा रहे दाएं हाथ के बल्लेबाज रॉबिन उथप्पा ने कहा कि वह टूर्नामेंट को लेकर उत्साहित है। उथप्पा ने कहा, मैं हांगकांग सिक्सेस 2024 का हिस्सा बनने को लेकर बेहद उत्साहित हूं और भारतीय टीम की अगुआई करना सम्मान की बात है। एक, दो और तीन नवंबर को आपको कुछ बेहतरीन क्रिकेट मैच देखने को मिलेंगे। भारतीय टीम में केदार जाधव, मनोज तिवारी, स्टुअर्ट बिन्नी, श्रीवत्स गोस्वामी, भरत चिपली और शाहबाज नदीम जैसे खिलाड़ी शामिल है। टूर्नामेंट में भारतीय टीम अपना पहला मैच पाकिस्तान के खिलाफ खेलेगी।चिपली और गोस्वामी ने भी खेल के इस फटाफट प्रारूप में भारत के लिये खेलने पर अपनी खुशी व्यक्त की। चिपली ने कहा, हांगकांग सिक्सेस 2024 में भारत के लिये खेलना एक शानदार एहसास है,इसमें कुछ रोमांचक मुकाबले और मनोरंजक प्रदर्शन देखने को मिलेगा।

## सुस्त मैच में सुदेवा ने गढ़वाल से अंक छीना

नई दिल्ली, 30 अक्टूबर। सुदेवा एफसी ने गत विजेता गढ़वाल हीरोज एफसी को 1-1 की बराबरी पर रोक कर महत्वपूर्ण अंक झटक लिए। आज यहां अंबेडकर स्टेडियम पर खेले गए नीरस और उबाऊ मुकाबले में दोनों टीमों ने शुरुआती मिनटों में ना सिर्फ दमदार खेल दिखाया बल्कि मैच के दो गोल भी बांटे। सुदेवा के लिए सिनाम माइकल सिंह ने पांचवें मिनट में गोल किया जिसे गढ़वाल के पीयूष भंडारी ने 12वें मिनट में बराबर कर दिखाया। इस परिणाम से गढ़वाल और सुदेवा 7-7 मैच खेल कर क्रमशः 14 और 13 अंकों के साथ पहले और दूसरे स्थान पर बने हुए हैं। पिछले मुकाबले में गढ़वाल को दिल्ली एफसी के हाथों करारी हार का सामना करना पड़ा था, जिसका असर आज भी नजर आया। हालांकि 55वें मिनट में सुदेवा के लाम लालिलियां को दूसरा पीला कार्ड देखने के कारण मैदान छोड़ना पड़ा था लेकिन दस खिलाड़ियों ने गढ़वाल को कोई आजादी नहीं लेने दी। पीयूष भंडारी,रोहन मनार और रॉबिंसन ने छुट पुट प्रयास किए लेकिन सुदेवा की तेज तर्रार रक्षा पंक्ति मुश्तैद नजर आई तो सुदेवा के टाउथंग और एजाज अहमद की मेहनत पर गढ़वाल के रक्षक भारी पड़े। दूसरे हॉफ में दोनों टीमों ने बचाव की रणनीति अपनाई। नतीजा यह रहा कि बेहतर मूव देखने को को नहीं मिल पाए। भले ही सुदेवा के युवा खिलाड़ियों ने गढ़वाल की रक्षापंक्ति को परेशान किया लेकिन जीत का गोल नहीं निकल पाया।

# मुंबई टेस्ट में पहले दिन से टर्न देखने को मिलेगा: 1 नवंबर से तीसरा मैच



मुंबई, 30 अक्टूबर। मुंबई टेस्ट में पहले दिन से स्पिनर्स का दबदबा देखने को मिलेगा। भारतीय टीम ने न्यूजीलैंड के खिलाफ टेस्ट सीरीज के आखिरी मुकाबले के लिए रैंक-टर्नर (पहले दिन से स्पिनर्स के लिए मददगार) पिच की मांग की है।

भारतीय टीम मैनेजमेंट आजमाए हुए फॉर्मूले पर चलना चाहता है। भारतीय टीम ने पुणे टेस्ट के लिए भी स्पिन फ्रेंडली पिच बनवाई थी, लेकिन टीम इंडिया को 113 रन की पराजय झेलनी पड़ी थी। टीम इंडिया 3 मैचों की सीरीज में 2-0 से पिछड़ रही है। यह रैंक टर्नर पिच होगी। टीम प्रबंधन ने ऐसी पिच तैयार करने का अनुरोध किया है, जो पहले दिन से ही स्पिनर्स की मदद कर सके। ऐसा लगता है कि टीम आजमाए हुए फॉर्मूले पर चलना चाहती है। वानखेड़े की पिच पर बल्लेबाजी करना कठिन होगा। क्योंकि लाल मिट्टी से बनी इस पिच पर स्पिन और उछाल का मिश्रण देखने को मिलेगा। असामान्य उछाल बल्लेबाजों को परेशान कर सकता है। 29 अक्टूबर तक पिच में घास नहीं थी। यहां ग्राउंड स्टाफ नियमित रूप से स्प्रिंकलर से पानी छोड़ रहा है। साथ ही पिच को सुखाने के लिए खुला छोड़ा गया है। मुकाबले के पहले सेशन में स्पिनर्स को टर्न मिल सकता है। तेज गेंदबाजों को भी थोड़ा मूवमेंट मिलेगा।

## आईसीसी टेस्ट रैंकिंग में रबाडा नंबर-1 गेंदबाज बने



नई दिल्ली, 30 अक्टूबर। नई टेस्ट रैंकिंग में साउथ अफ्रीका के तेज गेंदबाज कागिसो रबाडा पहले नंबर पर पहुंच गए हैं। उन्होंने 860 रेटिंग के साथ जसप्रीत बुमराह को पीछे किया है। बुमराह दो पायदान फिसलकर 846 रेटिंग के साथ तीसरे स्थान पर पहुंच गए हैं।

बुमराह के अलावा टॉप-10 में मौजूद भारत के रविचंद्रन अश्विन और रवींद्र जडेजा को भी 2-2 स्थान का नुकसान हुआ है। अश्विन चौथे और जडेजा आठवें स्थान पर खिसक गए हैं। टीम इंडिया का अब केवल एक ही खिलाड़ी टॉप 10 में बचा है। विराट कोहली और ऋषभ पंत को न्यूजीलैंड के खिलाफ खराब परफॉरमेंस की वजह से बाहर जाना पड़ा है। ऋषभ पंत 11वें और विराट कोहली 14वें स्थान पर पहुंच गए हैं। भारतीय टीम के विकेट कीपर बल्लेबाज ऋषभ पंत 5 स्थान नीचे आ गए हैं। अब वे टॉप 10 से बाहर होकर सीधे नंबर 11 पर चले गए हैं। ये उनके लिए बड़ा झटका है। विराट कोहली को भी एक ही झटके में 6 स्थानों का नुकसान हुआ है। वे अब 688 की रेटिंग के साथ नंबर 14 पर चले गए हैं। उन्हें भी टॉप 10 से बाहर होना पड़ा है।

पाकिस्तानी लेफ्ट आर्म स्पिन बॉलर नोमान अली ने ताजा रैंकिंग में आठ स्थानों की छलांग लगाई है। उन्होंने इंग्लैंड के खिलाफ टेस्ट सीरीज के आखिरी मैच में 9 विकेट लिए थे। जिसका फायदा उन्हें रैंकिंग में मिला है। अब वे टॉप-10 में शामिल एकमात्र पाकिस्तानी गेंदबाज है। कागिसो रबाडा ने बांग्लादेश के खिलाफ शानदार गेंदबाजी की थी। उन्हें 3 स्थान का फायदा हुआ है।

## ईस्ट बंगाल ने बशुंधरा किंग्स को 4-0 से हराया

थिम्पू, 30 अक्टूबर। भारत के ईस्ट बंगाल फुटबॉल क्लब ने एएफसी चैलेंज लीग 2024-25 के अपने दूसरे ग्रुप ए मैच में बंगलादेश के क्लब बशुंधरा किंग्स को 4-0 से हराया। मंगलवार को भूटान के थिम्पू में चांगलिमथांग स्टेडियम में खेले गये मुकाबले में ईस्ट बंगाल एफसी की ओर से दिमित्रियोस डायमंटाकोस ने (पहले मिनट में), सौविक चक्रवर्ती ने (20वें मिनट), नंदकुमार सेकर ने (26वें मिनट) और अनवर अली ने (33वें मिनट) में गोल दागे। ईबीएफसी ने अपने पहले मैच में पारो एफसी के खिलाफ 2-2 से ड्रॉ खेला था।

## बांग्लादेश के चार विकेट झटक दक्षिण अफ्रीका ने मैच पर कसा शिकंजा

चटगांव, 30 अक्टूबर। टोनी डीजॉर्जी (177), ट्रिस्टन स्टब्स (106) और वियान मुल्डर (105) रन के शतकीय प्रहार से दूसरे टेस्ट मैच के दूसरे दिन बुधवार को दक्षिण अफ्रीका ने छह विकेट पर 575 के विशाल स्कोर पर पारी घोषित करने बाद गेंदबाजों के शानदार प्रदर्शन की बदौलत बंगलादेश के 38 रन पर चार विकेट झटकर मैच पर अपना शिकंजा कस लिया है।

दिन के आखिरी सत्र में दक्षिण अफ्रीका के 575 रनों के जवाब में बल्लेबाजी करने उतरी बंगलादेश ने अपना पहला विकेट पहले ही ओवर में 10 रन के स्कोर पर शादमान इस्लाम (शून्य) का विकेट गवां दिया। उसे कगिसो रबाड़ा ने आउट किया। इसके बाद पांचवें ओवर में रबाडा ने जाकिर हसन (दो) को पवेलियन भेज दिया। अगले ही ओवर में डेन पैटरसन ने महमुदुल हसन जॉय (10) को मारक्रम के हाथों कैच आउट करा दिया। सातवें ओवर में केशव महाराज ने हसन महमूद (तीन) को बोल्ड आउट किया। दिन का खेल समाप्त होने के समय बंगलादेश ने चार विकेट पर 38 रन बना लिये है और मोमिनुल हक (नाबाद छह) और नजमुल शान्तो (नाबाद चार) रन बनाकर क्रीज पर थे। बंगलादेश अभी भी दक्षिण अफ्रीका से पहली पारी के आधार पर 537 रन पीछे है।



## स्पिनर एजाज पटेल का है मुंबई से खास कनेक्शन

मुंबई, 30 अक्टूबर। मुंबई शहर एजाज पटेल के दिल में एक खास जगह रखता है, क्योंकि एजाज का जन्म यहीं हुआ था और आठ साल की उम्र में वे न्यूजीलैंड चले गए थे और कभी-कभार आते-जाते हैं। न्यूजीलैंड क्रिकेट टीम के सदस्य बुधवार की सुबह अभ्यास सत्र के लिएवानखेड़े स्टेडियम में मैदान पर उतरे। इस दौरान बाएं हाथ के स्पिनर एजाज पटेल पिच पर जाने वाले पहले कुछ लोगों में से थे और जिन्होंने पिच को बहुत करीब से देखा। बता दें कि वानखेड़े स्टेडियम में ही पटेल क्रिकेट के इतिहास में एक पारी में सभी 10 विकेट लेने वाले तीसरे क्रिकेटर बने थे और इंग्लैंड के दिग्गज जिम लेकर और भारत के अनिल कुंबले के साथ यह उपलब्धि हासिल करने वाले पहले क्रिकेटर बने थे। दिसंबर 2021 में 10/119 का वह प्रदर्शन अब तक किसी टेस्ट में उनका सर्वश्रेष्ठ प्रदर्शन है। उन्होंने एक प्रेस कॉन्फ्रेंस में भावुक होते हुए कहा, हां , निश्चित रूप से भावनात्मक है। मेरा मतलब है, मुझे लगता है कि मुंबई में वापस आना हमेशा काफी खास होता है। यह एक ऐसी जगह है जिसे घर भी कहा जाता है। इसलिए यहां फिर से खेलने का अवसर मिलना काफी खास है। ईमानदारी से कहूं तो मेरे 10 विकेट के बाद मुझे यकीन नहीं था कि मुझे अपने पूरे करियर में फिर से यहां खेलने का मौका मिलेगा।

## कांस्य पदक विजेता अमित से सांसद राव राजेंद्र सिंह ने मुलाकात की




जयपुर, 30 अक्टूबर। जॉर्जिया यूरोप में इंटरनेशनल वूशु टूर्नामेंट में भारतीय वूशु टीम के खिलाड़ी अमित कटारिया ने 90 वर्ग में कांस्य पदक जीता राजस्थान वूशु संघ के अध्यक्ष हीरानंद कटारिया ने बताया कि आज जयपुर ग्रामीण लोकसभा सांसद राव राजेंद्र सिंह ने आज अमित कटारिया को बधाई और आशीर्वाद प्रदान किया और आगे मेहनत करके गोल्ड मेडल लाने की शुभकामनाएं दीं तथा वूशु के बारी में जानकारी ली और अन्य खेलो पर भी चर्चा की। इस अवसर पर बिलंदपुर शाहपुरा के सरपंच सौर खेजडोली भाजपा मंडल अध्यक्ष अर्जुनलाल यादव राजस्थान युनिवर्सिटी स्पोर्ट्स बोर्ड के सदस्य बाबूलाल यादव प्रोफेसर मखन लाल यादव , वॉलीबॉल के अंतरराष्ट्रीय खिलाड़ी लवमीत कटारिया, कैलाश मीणा मौजूद रहे।

## हैदराबाद पैट कमिंस सहित 5 खिलाड़ियों को करेगी रिटेन



नई दिल्ली, 30 अक्टूबर। आईपीएल 2024 की उपविजेता सनराइजर्स हैदराबाद ने 18वें संस्करण के लिए मेगा नीलामी से पहले अपने खिलाड़ियों को रिटेन करने का फ़ैसला कर लिया है। ऑरेंज आर्मी हेनरिक क्लासेन, कप्तान पैट कमिंस, उभरते हुए भारतीय स्टार अभिषेक शर्मा, नए कैप्ड ऑलराउंडर नितीश कुमार रेड्डी और ट्रैविस हेड के रूप में एक बाज़ूका को रिटेन करने के लिए तैयार है। टीम के ये वो खिलाड़ी हैं जिन्होंने आईपीएल के 17वें संस्करण शानदार खेल का प्रदर्शन किया था। सनराइजर्स हैदराबाद को सभी 75 करोड़ रुपये वितरित करने पड़े क्योंकि वे सभी पाँच कैप्ड खिलाड़ियों को रिटेन कर रहे हैं और क्लासेन को सबसे बड़ा हिस्सा 23 करोड़ रुपये गया है। इसके अलावा कमिंस को 18 करोड़ रुपये, अभिषेक को 14 करोड़ रुपये, ट्रैविस हेड को भी 14 करोड़ रुपये और नितीश को 6 करोड़ रुपये मिलेंगे। यह खिलाड़ियों का एक मुख्य कोर ग्रुप है और सनराइजर्स की सराहना की जानी चाहिए कि वे इन सभी को बनाए रखने में सक्षम हैं। नीलामी में सनराइजर्स हैदराबाद के पास केवल 45 करोड़ रुपये होंगे। सनराइजर्स हैदराबाद ने के ज़रिए एक और खिलाड़ी को वापस पाने का विकल्प दिया है, हालांकि, उनकी खर्च करने की क्षमता का परीक्षण होगा क्योंकि उन्हें केवल 45 करोड़ रुपये के पर्स में 18-20 खिलाड़ी खरीदने होंगे, जिनमें से केवल पांच को बनाए रखने के लिए 75 करोड़ का भुगतान किया जा चुका है। क्लासेन, कमिंस और अभिषेक को सनराइजर्स हैदराबाद के पहले तीन रिटेंशन के रूप में पहले ही पुष्टि कर दी गई थी, हालांकि, चूंकि रेड्डी महीने की शुरुआत में कैप्ड खिलाड़ी बन गए थे, इसलिए प्रबंधन संभवतः अपने विकल्पों पर विचार कर रहा था, साथ ही उम्मीद कर रहा था कि ऑलराउंडर बने रहेंगे और उन बातचीत को प्रबंधित करने में सक्षम होंगे।

## कड़े मुकाबले में और सितसिपास पेरिस मास्टर्स के तीसरे दौर में, रुबलेव हारे



पेरिस, 30 अक्टूबर। कार्लोस अल्काराज़ ने अपनी सर्विस पर कुछ विषम पलों से गुजरने के बाद चिली के निकोलस जेरी को 7-5, 6-1 से हराकर पेरिस मास्टर्स टेनिस टूर्नामेंट के तीसरे दौर में प्रवेश किया। स्पेन के दूसरी वरीयता प्राप्त खिलाड़ी अल्काराज़ को जैरी के मजबूत फोरहैंड से कई बार परेशानी हुई। चिली के खिलाड़ी ने नौवें गेम में उनकी सर्विस तोड़कर स्कोर 5-5 से बराबर कर दिया। लेकिन जैरी ने अपने अगले सर्विस गेम में डबल फॉल्ट करके पहला सेट गंवा दिया।अल्काराज ने मैच के बाद कहा,"यह थोड़ा मुश्किल था। पहला सेट जीतकर वास्तव में खुशी हुई। मुझे कोर्ट की गति से सामंजस्य बिठाना होगा। यह मेरे लिए वास्तव में तेज है।" चार बार के ग्रैंडस्लैम चैंपियन अल्काराज साल के अपने पांचवें खिताब की तलाश में हैं। उनका अगला मुकाबला 15वीं वरीयता प्राप्त उगो हम्बर्ट या अमेरिकी क्वालीफायर मार्कोस गिरोन से होगा। यूनान के दसवीं वरीयता प्राप्त स्टेफानोस सितसिपास ने एलेजांद्रो ताबिलो को 6-3, 6-4 से हराकर साल के अंतिम टूर्नामेंट एटीपी फाइनल के लिए क्वालीफाई करने की अपनी उम्मीदों को जीवंत बनाए रखा।

एटीपी फाइनल में चोटी के आठ खिलाड़ी भाग लेते हैं। नॉर्वे के तीन बार के ग्रैंडस्लैम उपविजेता और सातवीं वरीयता प्राप्त कैस्पर रूड अच्छी शुरुआत का फायदा उठाने में नाकाम रहे और ऑस्ट्रेलिया के गैरवरीय जॉर्डन थॉम्पसन से 7-6 (3), 3-6, 6-4 से हार गए। रूस के छठी वरीयता प्राप्त एंड्री रुबलेव ने दोनों सेट के टाईब्रेकर तक खिंचने से अपना आपा खो दिया और आखिर में उन्हें हार का सामना करना पड़ा जिससे उनकी एटीपी फाइनल के लिए क्वालीफाई करने की उम्मीदों को झटका लगा है। फ्रांसिस्को सेरुंडोलो ने उन्हें 7-6 (6), 7-6 (5) से हराया।

## मुख्य कोच एंड्रयू मैकडोनाल्ड के अनुबंध का किया विस्तार

सिडनी, 30 अक्टूबर। ऑस्ट्रेलिया क्रिकेट ने मुख्य कोच एंड्रयू मैकडोनाल्ड के अनुबंध का विस्तार वर्ष 2027 के आखिर तक कर दिया है। अब उन पर टीम के एकदिवसीय विश्वकप खिताब के बचाव के साथ-साथ विश्व टेस्ट चैंपियनशिप के अगले चरण में भी मार्गदर्शन की जिम्मेदारी रहेगी। मैकडोनाल्ड को शुरू में 2022 में चार साल के अनुबंध पर टीम का कोच नियुक्त किया गया था जो कि 2026 के मध्य तक था। अब वह 2026-27 के दिसंबर और जनवरी में न्यूजीलैंड के साथ चार टेस्ट की मेजबानी करेंगे। फिर जनवरी और फरवरी में भारत में पांच टेस्ट खेलेंगे। इसके बाद वे टेस्ट क्रिकेट की 150वीं वर्षगांठ मनाने के लिए मार्च में इंग्लैंड के खिलाफ एकमात्र टेस्ट के लिए स्वदेश लौटेंगे। मैकडॉनल्ड के पास माइकल डि वेनुटो, डैनियल विटोरी और आंद्रे बोरोवेक सहित कोचिंग समूह है और जल्द ही इसमें एक राष्ट्रीय तेज गेंदबाजी कोच को शामिल करेंगे।

## केवेलियर्स ने सैडल अप और कानोता पोलो ने आरपीसी को हराया, शुभम गुप्ता ने चार गोल किये

### आरपीसी पोलो कप (02 गोल) टूर्नामेंट

जयपुर, 30 अक्टूबर। आरपीसी पोलो कप (02 गोल) टूर्नामेंट 28 अक्टूबर से 3 नवंबर तक रामबाग पोलो मैदान ओर 61 कैवेलरी मैदान पर खेला जाएगा। आज दो मैच खेले गए, दोनो ही मैच रामबाग पोलो मैदान पर ही खेले गए।

पहला मैच सैडल अप बनाम केवेलियर्स के मध्य खेला गया जिसमे केवेलियर्स ने सैडल अप को 6-1 से हराया। सैडल अप के अजितेश सिंह ने एक मात्र गोल किया वहीं केवेलियर्स टीम की ओर से अनंत राजपुरोहित ने 1, योगी शेखावत ने 1 ओर शुभम गुप्ता ने शानदार खेल का प्रदर्शन करते हुए 4 गोल कर अपनी टीम को जिताया। वहीं दूसरा मैच कानोता पोलो बनाम आरपीसी के मध्य खेला गया जिसमें कानोता पोलो ने 2-11/2 से आरपीसी को हराया। कानोता पोलो की ओर से केवल प्रताप सिंह ओर रणशेय पुरोहित ने 1-1 गोल किये। आरपीसी की ओर से आज सिद्धांत सिंह ने मात्र 1 गोल किया,जबकि आरपीसी को 1/2 गोल का एडवांटेज मिला हुआ था।





*राजस्थान के मुख्यमंत्री भजनलाल शर्मा ने बुधवार को प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी से मुलाकात की। प्रधानमंत्री आवास पर हुई इस मुलाकात में मुख्यमंत्री ने प्रधानमंत्री को प्रकाशोत्सव के पावन पर्व दीपावली पर समस्त प्रदेशवासियों की ओर से शुभकामनाएं देते हुए देशवासियों की खुशहाली की कामना की।*

# कैलादेवी से लौट रहे आगरा के एक दम्पत्ति की हत्या

## सुबह 8 बजे पति-पत्नी का शव कार में लहुलूहान हालत में मिला

करौली, 30 अक्टूबर (नि.स.)। करौली जिले में कैलामाता के दर्शन कर लौट रहे पति-पत्नी की बदमाशों ने गोली मार कर हत्या कर दी। बुधवार प्रातः 8:00 बजे ग्रामीणों को दोनों के शव कार में लहूलुहान हालत में मिले। इसके बाद ग्रामीणों ने पुलिस को सूचना दी

मामला मासलपुर थाना इलाके के भोजपुर गांव का है। कार में मिली आई.डी. से दोनों की पहचान उत्तर प्रदेश के आगरा जिले के सांथा किरावली निवासी विकास (22) पुत्र जितेंद्र और दीक्षा (18) पुत्री सियाराम के रूप में हुई है। पुलिस ने दोनों के शव करौली जिला अस्पताल की मॉर्चरी में रखवाए और परिजनों की उपस्थिति में पोस्टमार्टम कराकर शव परिवार जनों के सुपुर्द कर दिये।

बताया जा रहा है कि मृतक विकास और दीक्षा कि 9 महीने पहले शादी हुई थी। करौली पुलिस

■ **विकास और दीक्षा की शादी 9 माह पूर्व ही हुई थी। वे कैलादेवी दर्शन कर लौट रहे थे। दोनों के शरीर पर गोलियों के निशान तथा कार में कारतूस के खोखे मिले।**

उपाधीक्षक अनुज शुभम ने बताया कि बुधवार प्रातः करीब 8:00 बजे भोजपुर के पास एक कार में पुरुष और महिला का शव पड़े होने की सूचना मिली थी। मौके पर पहुंची मासलपुर थाना पुलिस ने देखा कि दोनों की गोली मारकर हत्या की गई थी। शरीर पर गोलियों के निशान थे। कार और घटना स्थल पर कारतूस के खोखे पड़े मिले हैं। कार में मिली आईडी से पता चला कि विकास और दीक्षा पति-पत्नी थे।

हादसे की सूचना पर करौली पुलिस अधीक्षक बृजेश ज्योति उपाध्याय भी मौके पर पहुंचे। पुलिस ने एफ.एस.एल. टीम को मौके पर बुलाकर साक्ष्य जुटाए हैं। कार को जब्त कर लिया गया है। उन्होंने बताया, विकास के दो गोली लगीं जबकि, दीक्षा को एक गोली लगी थी। पुलिस घटना को लेकर सभी एंगल से जांच कर रही है। मृतका के पिता ने बताया कि कार में कुछ लोग साथ थे।

विकास और दीक्षा मंगलवार दोपहर 1:00 बजे कैलादेवी के लिए निकले थे।

दीक्षा के पिता सियाराम ने बताया कि मंगलवार शाम चार बजे दीक्षा से बात हुई थी, तब सब ठीक था। वे कैलादेवी से दर्शन कर लौट रहे थे। उनकी शादी करीब 9 महीने पहले हुई थी। सियाराम ने बताया कि कुछ और लोगों के भी विकास और दीक्षा के साथ कार में आने की सूचना थी।

# इज़रायल ने हिजबुल्लाह के नये चीफ को धमकी दी

तेल अवीव, 30 अक्टूबर। इज़राइल ने हिजबुल्लाह के नए चीफ नईम कासिम को चेतावनी दी है। इज़राइल का कहना है कि हिजबुल्लाह का नया कमांडर ज्यादा दिन नहीं रहने वाला है। अगर कासिम भी अपने पुराने लीडरों के रास्ते पर चला, तो वह हिजबुल्लाह के इतिहास में सबसे कम दिन चीफ रहने वाला व्यक्ति होगा।

इज़राइल के रक्षा मंत्री योव गैलेंट ने कासिम की नियुक्त पर चेतावनी देते हुए सोशल मीडिया प्लैटफोर्म एक्स पर

■ **इज़रायल के रक्षा मंत्री ने कहा कि नया चीफ कासिम सबसे कम दिन चीफ रहेगा।**

कासिम की फोटो पोस्ट के साथ लिखा, "अस्थायी नियुक्ति। ज्यादा समय तक नहीं चलेगी।"

इज़राइली हमले में हसन नसरल्लाह की मौत के 32 दिन बाद मंगलवार को हिजबुल्लाह ने अपना नया चीफ चुना था। कासिम हिजबुल्लाह में इससे पहले नंबर 2 की पोजिशन पर था। नसरल्लाह की मौत के बाद कासिम ने ही लेबनान की जनता को संबोधित किया था। यू.ए.ई. के मीडिया हाउस इरेम न्यूज के मुताबिक वह अभी ईरान में है।

कासिम ने 5 अक्टूबर को बेरूत छोड़ दिया था। उसे ईरान के विदेश मंत्री के विमान से ले जाया गया था। मीडिया रिपोर्ट्स के मुताबिक ईरान के नेताओं ने इज़राइल के हमले के डर से कासिम को ईरान बुलाया था। कासिम संगठन में लंबे समय से सक्रिय रहा है और इज़राइल के साथ संघर्ष में अक्सर प्रवक्ता की भूमिका निभाता रहा है। इज़राइल का कहना है कि लेबनान में शांति केवल तभी ही आएगी, जब हिजबुल्लाह की सैन्य शक्ति खत्म कर दी जाए।

# अन्तिम समय में महाराष्ट्र में प्रत्याशी बदल रही हैं भाजपा व कांग्रेस

## भाजपा ने 8 मौजूदा विधायकों के टिकट काटे, कांग्रेस ने पांच के

मुंबई, 30 अक्टूबर। महाराष्ट्र विधानसभा चुनाव के लिए नामांकन दाखिल करने की समय सीमा बीत जाने के बावजूद भारतीय जनता पार्टी (भाजपा) और कांग्रेस ने अपने उम्मीदवारों में महत्वपूर्ण बदलाव किए हैं। भाजपा ने आठ मौजूदा विधायकों को टिकट नहीं दिया है, जबकि कांग्रेस ने पांच को टिकट नहीं दिया है। इसके अलावा, राष्ट्रवादी कांग्रेस पार्टी (राकांपा) के दो गुट, एक अजित पवार के नेतृत्व में और दूसरा उनके चाचा शरद पवार के नेतृत्व में, ने दो मौजूदा विधायकों को टिकट नहीं देने का फैसला किया है।

मुख्यमंत्री एकनाथ शिंदे के नेतृत्व वाली शिवसेना ने हाल ही में विद्रोह के दौरान शिंदे का समर्थन करने वाले अपने लगभग सभी विधायकों को रखने का फैसला किया है, लेकिन एक को छोड़कर।

सत्तारूढ़ महागठबंधन (महायुति) और विपक्ष (महाराष्ट्र विकास अघाड़ी) के उम्मीदवारों की सही संख्या स्पष्ट नहीं है, क्योंकि कुछ दलों ने कुछ क्षेत्रों में कई

■ **महाराष्ट्र में दोनों गठबंधनों के उम्मीदवारों की सही संख्या स्पष्ट नहीं हो पा रही है, क्योंकि, कुछ क्षेत्रों में कुछ दलों ने कई उम्मीदवारों के नामांकन दिये हैं।**

उम्मीदवारों के लिए नामांकन दाखिल किए हैं। भाजपा ने मुंबई के बोरीवली से विधायक सुनील राणे की जगह संजय उपाध्याय को टिकट दिया है।

अन्य मौजूदा उम्मीदवारों में अरनी से संदीप धुर्वे और उमरखेड़ से नामदेव सासने शामिल हैं, जिनकी जगह क्रमशः राजू तोड़सम और किसन वानखेड़े को टिकट दिया जाएगा। भाजपा ने आर्वी से दादा केंचे और नागपुर सेंट्रल से विकास कुंभारे की जगह नए उम्मीदवार सुमित वानखेड़े और प्रवीण दटके को टिकट दिया है। वानखेड़े पहले उपमुख्यमंत्री देवेंद्र फड़नवीस के सहायक के तौर पर काम कर चुके हैं और दटके भाजपा के विधान परिषद (एम.एल.सी.) के मौजूदा सदस्य हैं। चिंचवाड़ से अश्विनी जगताप की जगह उनके साले शंकर जगताप को टिकट दिया गया है।

पार्टी ने जेल में बंद विधायक गणपत गायकवाड़ की पत्नी सुलभा गायकवाड़ को कल्याण ईस्ट से टिकट दिया है। वाशिम से चार बार के विजेता लखन मलिक की जगह श्याम खोड़े को टिकट दिया गया है। कांग्रेस में पांच मौजूदा विधायकों को बदला गया है। हेमंत ओगले श्रीरामपुर से चुनाव लड़ेंगे, वे लहू कनाडे की जगह लेंगे। पूर्व जिला परिषद अधिकारी राजकुमार पुरम सहसराम कोरोटे की जगह आमगांव से चुनाव लड़ेंगे।

शिरीष चौधरी फिर से चुनाव नहीं लड़ेंगे, बल्कि उनके पुत्र धनंजय रावेर से चुनाव लड़ेंगे। कांग्रेस ने पार्टी के प्रति उनकी वफादारी को लेकर चिंताओं के कारण क्रमशः अमरावती और इगतपुरी सीटों से सुलभा खोडके और हीरामन खोसकर को भी हटा दिया। दोनों उम्मीदवारों ने अब अजित पवार के नेतृत्व वाली रांकापा से नामांकन हासिल कर लिया है। सुनील देशमुख अमरावती में कांग्रेस का प्रतिनिधित्व करेंगे, जबकि लैकीभाऊ जाधव इगतपुरी से चुनाव लड़ेंगे।

रांकापा ने शरद पवार सरकार में पूर्व गृह मंत्री और कटोल से विधायक अनिल देशमुख की जगह उनके पुत्र सलिल देशमुख को मैदान में उतारा है। माधा निर्वाचन क्षेत्र में, रांकापा ने बबनराव शिंदे के बजाय अभिजीत पाटिल को चुना है। अजीत पवार के नेतृत्व वाली रांकापा ने अर्जुनी मोरगांव से विधायक मनोहर चंद्रिकापुरे और आष्टी से बालासाहेब अजबे को भी टिकट देने से इन्कार कर दिया है, उनकी जगह क्रमशः पूर्व भाजपा मंत्री राजकुमार बडोले और पूर्व सांसद सुरेश धास को टिकट दिया है।

शिवसेना (यू.बी.टी.) ने पालघर से केवल एक मौजूदा विधायक श्रीनिवास वंगा को टिकट दिया है और उनकी जगह पूर्व लोकसभा सदस्य राजेंद्र गावित को मैदान में उतारा है। राज्य की 288 विधानसभा सीटों के लिए 20 नवंबर को मतदान होगा और 23 नवंबर को नतीजे घोषित किए जाएंगे।

### कमला हैरिस ...

( प्रथम पृष्ठ का शेष )

कि प्रमुख मुद्दों पर ट्रम्प को हैरिस पर बढ़त प्राप्त है। अर्थशास्त्र व रोजगार पर अप्रोच के बारे में पूछे जाने पर 47 प्रतिशत ने ट्रम्प को व 37 प्रतिशत ने हैरिस के प्रति रुझान दर्शाया था। इम्मिग्रेशन पर भी 48 प्रतिशत लोगों ने ट्रम्प को पसंद किया और 33 प्रतिशत ने हैरिस को। हैरिस का फोकस 6 जनवरी को हुए कैपिटल रॉयट के ट्रम्प की भूमिका पर है उन्होंने अपने प्रचार के सि मुद्दे पर ज्यादा जोर दिया वहीं ट्रम्प ने हैरिस के विचारों को अतिवादी ओर समाजवादी करार दिया। यह उल्लेखनीय नैशनल पोल वोटर की भावना को दर्शाते है वहीं इलैक्ट्रोरल कॉलेज के राज्यवार नतीजे विजेता को निर्धारित करते हैं। दोनों नेताओं के बीच कुछ प्रमुख राज्यों में कांटे की टक्कर है जो निर्णयक सिद्ध होगी। यह ट्रम्प की 2016 की जीत जैसी होगी जब वे लोकप्रिय वॉटस में हारने के बाद इलैक्टोरल कॉलेज में जीत गए थे।

### लद्दाख में सेना ...

( प्रथम पृष्ठ का शेष )

भारत और चीन की सेनाएं शुक्रवार 25 अक्टूबर से पूर्वी लद्दाख सीमा से पीछे हटनी शुरू हुई थीं। डेमचोक और देपसांग पॉइंट में दोनों सेनाओं ने अपने अस्थायी टेंट और शेड हटा लिए। बख्तरबंद गाड़ियां और मिलिट्री डिवाइसेस भी पीछे ले जाए गए। पहले दिन40 से 50 प्रतिशत डिसएंगेजमैंट हुआ। इसके बाद मंगलवार तक 90 प्रतिशत डिसएंगेजमैंट पूरा हो चुका था। बुधवार को देपसांग और डेमचोक पर डिसएंगेजमैंट का काम पूरा हो गया।

# प्राण प्रतिष्ठा के बाद पहली दिवाली पर अयोध्या जगमगाया

## योगी आदित्यनाथ ने पहला दिया जलाया, 55 घाटों पर 25 लाख दिये जलाये गये

अयोध्या, 30 अक्टूबर। प्रभु श्रीराम की नगरी अयोध्या की दिवाली इस बार बेहद विशेष है क्योंकि राम मंदिर बनने और रामलला की प्राण प्रतिष्ठा के बाद ये पहली दिवाली है। अयोध्या दुल्हन की तरह सज चुकी है। चप्पा-चप्पा जगमगा रहा है। बुधवार को राम मंदिर और सरयू तट पर दीपोत्सव मनाया गया। उत्तर प्रदेश के मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने पहला दीया जलाकर इसकी शुरुआत की। सरयू नदी के 55 घाटों पर25 लाख से ज्यादा दीये जलाए गए। कुल 28 लाख दीयों का इंतजाम किया गया था। ताकि दीपोत्सव के लिए दीयों की कमी न हो जाए।

अयोध्या में आज एक साथ दो रिकॉर्ड बने। पहला रिकॉर्ड सबसे ज्यादा दीये जलाने का बना। दीपोत्सव में कुल 25 लाख 12 हजार 585 दीये जलाए गए। पिछले साल 22 लाख दीये जलाए गए थे। इसे गिनीज बुक ऑफ द वर्ल्ड रिकॉर्ड में दर्ज किया गया। दूसरा रिकॉर्ड सरयू तट पर एक साथ 1121 लोगों के आरती करने का है। यह भी विश्व रिकॉर्ड है। सबसे पहले योगी आदित्यनाथ ने

■ **25 लाख 12 हजार 585 दीयों के साथ विश्व रिकॉर्ड बना। एक साथ 1121 लोगों ने आरती करने का भी विश्व रिकॉर्ड बनाया।**

राम मंदिर में विशेष-पूजा अर्चना की और आरती की। योगी के साथ केन्द्रीय मंत्री गजेंद्र सिंह शेखावत ने भी रामलला के दर्शन किए। इसके बाद दीपोत्सव की शुरुआत हुई। इस दौरान सीएम योगी ने कहा, "हजारों साल पहले 14 साल के वनवास के बाद मर्यादा पुरुषोत्तम भगवान श्रीराम के अयोध्या आगमन और रामराज्य की शुरुआत की याद में भारतभर में भक्तों ने अपने घरों को दीपों की मालाओं से सजाकर इस त्योहार को मनाना शुरू किया था। इस साल की दिवाली ऐतिहासिक है, क्योंकि 500 साल के लंबे इंतज़ार के बाद भगवान श्रीरामलला अपने धाम में विराजमान हुए हैं।"

### 25.75 लाख ...

( प्रथम पृष्ठ का शेष )

बैठकर जटवाडा से मोहनपुरा जा रहा था। इस दौरान पंचमुखी मंदिर के पास से कार चालक ने तेज गति और लापरवाही से कार को चलाते हुए पीछे से मोटरसाइकिल के टक्कर मार दी, जिससे उसके सिर और अन्य जगहों पर गंभीर चोटें आईं। इस कारण वह चलने-फिरने और वजनी काम करने में असमर्थ हो गया। इसलिए उसे 25.75 लाख रुपए का क्लेम दिलाया जाए।

जवाब में बीमा कंपनी की ओर से कहा गया कि दुर्घटना की रिपोर्ट एक्सीडेंट के 23 दिन बाद दर्ज कराई गई है और इसमें देरी का उचित कारण भी नहीं बताया गया है। इसके अलावा क्लेम के लिए वाहन स्वामी और पुलिस से मिलीभगत कर झूठे साक्ष्य पेश किए गए हैं। एक ओर मोटरसाइकिल पर पीछे से टक्कर मारने की बात कही गई है, लेकिन दूसरी ओर मोटरसाइकिल के पीछे कोई डेमेज नहीं है। इसलिए क्लेम याचिका को खारिज किया जाए। दोनों पक्षों की बहस सुनने के बाद अदालत ने क्लेम याचिका को खारिज कर दिया है।

### तेलंगाना ने ...

( प्रथम पृष्ठ का शेष )

चर्चा करने के लिए बैठक बुलाई गई थी।

उन्होंने कहा, "टी.पी.सी.सी. ने 2025 में जनगणना कराने के भारत सरकार के फैसले का संज्ञान लिया। टी.पी.सी.सी. ने भारत सरकार से यह मांग करने का प्रस्ताव पारित किया कि आगामी दशकीय जनगणना में ओ.बी.सी. जातीय जनगणना को शामिल किया जाए। इस संबंध में भारत सरकार को तत्काल आदेश जारी करना चाहिए।"

मुख्यमंत्री रेड्डी ने कहा कि इस मुद्दे पर राज्य सरकार की ओर से एक प्रस्ताव केन्द्र सरकार को भेजा जाएगा। कांग्रेस नेता राहुल गांधी ने अपनी भारत जोड़ो यात्रा के दौरान देश में जातीय जनगणना कराने की वकालत की थी और आबादी के अनुपात में संसाधनों के बंटवारे का विचार रखा था। महेश कुमार गौड़ ने राज्य में जातीय सर्वेक्षण कराने के लिए कांग्रेस सरकार की सराहना की।

### 'पराली जलाने से...

( प्रथम पृष्ठ का शेष )

आर.एस.) के डेटा के अनुसार, 2018 से लेकर मध्य अक्टूबर, 2024 तक 51 प्रतिशत कम हो गया है।

- इन्डियन इन्स्टीट्यूट ऑफ ट्रॉपिकल मीटिअरॉलजी (आई.आई.टी.एम.) के अनुसार इस साल 12 अक्टूबर से 21 अक्टूबर के बीच, स्टबल बर्निंग (पराली जलाना) की दिल्ली के पी.एम. 2.5 स्तर में भूमिका केवल .92 प्रतिशत ही पाई गई है।

इसके बजाय, दिल्ली का आधे से ज्यादा पी.एम.2.5 प्रदूषण वाहनों के कारण हुआ है।

वायु-प्रदूषण भारत की अग्रणी सार्वजनिक स्वास्थ्य चुनौतियों में से एक है तथा यह हमारी प्रमुख प्रशासनिक प्राथमिकताओं में से एक होना चाहिये।

जयराम ने कहा कि एक आसान जीत के रूप में स्टबल-बर्निंग पर दोषारोपण करते रहने से काम नहीं चलेगा, हमें हमारे आर्थिक एवं स्थायी मॉडल पर पुनः विचार करने की जरूरत है तथा हमें बड़े पैमाने पर अक्षय ऊर्जा, विद्युत वाहनों तथा सार्वजनिक यातायात को अपनाना होगा।

यह समय "द एयर (प्रीवेंशन एंड कन्ट्रोल ऑफ पॉल्यूशन) एक्ट, 1981" को संशोधित करने तथा फिर से तैयार करने का भी है, जिससे वायु प्रदूषण के सार्वजनिक स्वास्थ्य पर पड़ने वाले प्रभावों पर विचार हो सके। उन्होंने कहा कि "नैशनल ऐम्बिएन्ट एयर क्वालिटी स्टैन्डर्डस, 2009" की भी ताजा समीक्षा की जरूरत है।

### शौचालय में ...

( प्रथम पृष्ठ का शेष )

यात्रा कर रहे हैं, जबकि शेष अनारक्षित साधारण श्रेणी के गरीब यात्री हैं।

सूत्रों ने कहा कि रेलवे ने राजधानी क्षेत्र के स्टेशनों पर कम से कम एक होल्डिंग एरिया बनाया है। इसमें साधारण श्रेणी के यात्रियों को रोका जाता है। उनके भोजन एवं पानी का इंतज़ाम भी किया जा रहा है। गाड़ी प्लेटफॉर्म पर लगने एवं गेट खुलने के बाद उतनी ही संख्या में यात्रियों को प्लेटफॉर्म पर लाया जाता है, जितने गाड़ी में सवार हो सकें। बाकी यात्रियों को दूसरी गाड़ी में सवार कराया जाता है। इतना ही नहीं, रेलवे के अधिकारी यह भी सुनिश्चित कर रहे हैं कि यदि यात्री शौचालय में पाये जाते हैं तो गाड़ी को चलने नहीं दिया जाएगा। यात्रियों के शौचालय के खाली करने पर ही गाड़ी को चलने का सिगनल दिया जाएगा। सूत्रों ने कहा कि दीपावली के दिन गुरुवार 31 अक्टूबर को रेलवे पूर्वी भारत के विभिन्न स्थानों के लिए 164 और अगले दिन शुक्रवार एक नवंबर को 167 विशेष गाड़ियों का परिचालन करेगी।

# लाठीचार्ज के विरोध में वकीलों ने न्यायिक कार्यों में भाग नहीं लिया

## गाज़ियाबाद के वकील, जिला जज व पुलिस अधिकारियों पर कार्यवाही की मांग कर रहे हैं

देवरिया, 30 अक्टूबर। गाजियाबाद में मंगलकर को जिला जज की अदालत में वकीलों और जज के बीच नोकझोंक तथा उसके बाद वकीलों पर लाठीचार्ज के विरोध में बुधवार को यहाँ वकीलों ने प्रदर्शन किया और न्यायिक कार्य से विरत रहे।

सिविल बार एशोसिएशन के अध्यक्ष सिंहासन गिरी ने बताया कि गाजियाबाद कचहरी में जिस तरह से वकीलों पर लाठीचार्ज किया गया। वह बहुत ही निंदनीय है और इसी से

■ **दूसरी ओर पुलिस ने बार के पूर्व अध्यक्ष सहित 50 अज्ञात लोगों के खिलाफ एफ.आई.आर. दर्ज की।**

आक्रोशित अधिवक्ता एक मीटिंग कर अपना विरोध प्रकट करते हुए न्यायिक कार्य से विरत हैं। वकील दोषी लोगों के खिलाफ कार्रवाई की मांग कर रहे हैं।

उन्होंने बताया कि गाजियाबाद में पुलिस ने बार के पूर्व अध्यक्ष नाहर सिंह यादव समेत 50 अज्ञात वकीलों के खिलाफ मुकदमे दर्ज किए हैं। जिससे देवरिया सहित प्रदेश के सारे वकील आक्रोशित हैं।

वकीलों की मांग है कि गाजियाबाद के जिला जज का स्थानांतरण और निलंबन, वकीलों पर लाठीचार्ज करने वाले पुलिस अधिकारियों तथा पुलिसकर्मियों के खिलाफ कार्रवाई और घायल वकीलों को दो-दो लाख रूपये की सहायता दी जाय। बार काउन्सिल ऑफ उत्तर प्रदेश ने भी मामले का संज्ञान ले लिया है।

बार काउन्सिल ऑफ उत्तर प्रदेश के अध्यक्ष शिवकुमार गौड़ ने गाजियाबाद मामले में विरोध दर्ज कराया है। उन्होंने पूरे केस की निष्पक्ष और पारदर्शी जांच के लिए एक विशेष कमेटी भी बनाई है। उन्होंने पूरे मामले की जांच के बाद अपनी रिपोर्ट बार काउन्सिल में पेश करने के निर्देश कमेटी को निर्देश दिए गए हैं।

### कैनडा ने अचानक इतना ...

( प्रथम पृष्ठ का शेष )

की खूब कोशिशें करलीं तथा इस संबंध में भारत को विभिन्न प्रलोभन भी दिये गये। लेकिन इन तमाम कोशिशों के बावजूद, भारत, रूस के साथ दोस्ती जारी रखने की अपनी नीति पर कायम रहा है। भारत ने अभी पिछले सप्ताह ही ब्रिक्स सम्मेलन के अवसर पर रूसी राष्ट्रपति के साथ विचार-विमर्श एवं दोस्ताना बातचीत की थी। भारत ने चीन के साथ हिमालयी सीमाओं पर अपने मतभेदों को लेकर, चीन के साथ एक प्रकार का समझौता किया है। हालांकि, समझौते का जो रूप सामने आया, उससे सारे मुद्दों का समापन नहीं हो रहा, फिर भी दोनों पक्ष इस बात पर सहमत हो गये हैं कि सीमा पर आमने-सामने खड़ी दोनों देशों की सेनाओं हटा लेने के लिए कार्यक्रम तैयार किया जाये। यह एक नया घटनाक्रम है, जो भारत को रूस-चीन ग्रुप के साथ खड़ा करता है तथा रूस-चीन ग्रुप पश्चिमी प्रभुत्व दुनिया पर पश्चिमी दबदबे के जारी रहने के लिए सबसे बड़ा खतरा एवं संकट है। पृष्ठभूमि में कुछ भी रही हो, लेकिन कैनडा के ये भड़काने वाले बयान भारत और पश्चिमी गठबंधन के बीच के रिश्तों को खराब कर रहे हैं। इन घटनाक्रमों के बाद, पश्चिमी ताकतों, खासतौर पर अमेरिका के साथ भारत के रिश्तों के बारे सजग रहना होगा।

### 'कैनडा में ...

( प्रथम पृष्ठ का शेष )

बनती है कि इससे अन्य अपराधों का होना आसान हो जायेगा, जिन अपराधों में इस अपराधी तथा उसके सहयोगियों द्वारा की जाने वाली लूट-खसोट भी शामिल है। कैनडा के प्रधानमंत्री जस्टिज ट्रूडो द्वारा सिक्ख अलगाववादी हरदीप सिंह निज्जर की हत्या में भारतीय एजेंटों की लिप्तता के बारे में आरोप लगाये जाने के बाद, इस बिन्दु को लेकर भारत-कैनडा सम्बन्धों में कड़वाहट तो आ गई थी, लेकिन यह पहला अवसर है, जब कैनडा ने भारतीय गृह मंत्री की लिप्तता को लेकर, उन पर सीधा आरोप लगाया है। "रॉयल कैनेडियन माउन्टेड पुलिस" जो कैनडा में भारतीय कार्यवाहियों की जाँच-पड़ताल कर रही है, ने अभी तक सार्वजनिक रूप से अमित शाह पर आरोप लगाया है। जब कैनड़ा सरकार ने डिप्लोमैटिक वेबर के तहत, भारत के छः राजनयिकों, जिनमें पूर्व हाई कमिश्नर संजय कुमार वर्मा भी शामिल थे, को निज्जर की हत्या में "पर्सन्स ऑफ इन्ट्रेस्ट" मानते हुये भारत वापस भेज दिया था, उसके बाद दोनों देशों के बीच के कूटनीतिक गतिरोध काफी बढ़ गया है।

### राजनैतिक अनिश्चितता से जूझ रहा ...

( प्रथम पृष्ठ का शेष )

हासिल हो गया था। यह स्थिति बदल गई और इस वर्ष अक्टूबर में इनफ्लेशन रेट 3 प्रतिशत हो गई। इसका स्वागत किया जाना चाहिए था। लेकिन वास्तव में इसका विरोध हुआ लोगों ने कीमतें बढ़ने का विरोध किया क्योंकि उन्होंने कभी महंगाई नहीं देखी थी।

दूसरे जापान में वेतन की दरें स्थिर रही उसमें वर्षों से वृद्धि नहीं हुई थी। निवर्तमान शिगेरू सरकार ने वेतन वृद्धि का समर्थन किया कंपनियों से वेतन बढ़ाने को कहा। यह भी जापान की अर्थव्यवस्था में बदलाव का एक अंग था।

जापान ने आजीवन रोजगार की संस्कृति देखी हैं। लोग जब कोई काम या नौकरी करते थे तो आजीवन वही काम करते थे। पर हाल ही में यह चलन बदल रहा है। युवा वर्ग नौकरी भी बदल रहे हैं और ज्यादा वेतन के लिए सौदेबाजी भी कर रहे हैं।

शिगेरू सरकार ने भी इस विचार का समर्थन किया उन्होंने वेतन बढ़ाने और रोजगार प्रदाताओं में टैलेंट के लिए प्रतिस्पर्धा का समर्थन किया इसके पीछे आईडिया यह था कि वेतन बढ़ने और मूल्य वृद्धि से उपभोक्ता बचत करने की बजाय अपनी आय खर्च करना शुरू करेंगे। बचत की बजाय खर्च करने से ग्रोथ और विकास में वृद्धि होती है।

जापानी अर्थव्यवस्था की अंतिम खासियत रही बढ़ता सार्वजनिक कर्ज और उस पर बढ़ता ब्याज। जापान का सार्वजनिक कर्ज देश की जीडीपी से भी काफी अधिक है।

सरकार इस बात को जानती है, और इससे निपटने पर विचार कर रही है। एक तरीका है टैक्स बढ़ाया जाए। वस्तुओं की खपत पर टैक्स लगाने के साथ-साथ बिक्री का भी प्रस्ताव किया गया। लेकिन इन कदमों का भारी विरोध किया गया। वस्तुतः जापानी संघीय सरकार मुश्किल में फंस गई है। इन आर्थिक बुराइयों का प्रतिकार करने के उसके प्रयासों से नाराजगी पैदा हो रही है।

इनके साथ ही, निजी लाभ के लिए राजनैतिक भ्रष्टाचार भी उजागर हुआ। असल में, ऐसा हुआ था। जब कीमतें बढ़ रही थीं तथा सार्वजनिक वित्त ऋण के बोझ से चरमरा रहा था, राजनेता जनता की कीमत पर अपने घर भर रहे थे। और पैसा बटोर रहे थे।

सत्तारूढ़ दल ने राजनैतिक फंडिंग बढ़ा दी, लेकिन यह चीज सामने आई कि इन फंड्स का कुछ हिस्सा कानून-निर्माताओं की तिजोरियों में पहुंच रहा था। इन घोर अनियमितताओं की जानकारी मिलने पर, सत्तारूढ़ लिबरल डेमोक्रेटिक पार्टी के खिलाफ जनता में जबरदस्त प्रतिक्रिया पैदा हुई।

प्रधानमंत्री की टालमटोल से भी अनिश्चितता की भावना जनता तक पहुंची। यहां तक कि, कुछ सामान्य तथा निर्दोष लगने वाले मुद्दे भी लोगों में चिढ़ पैदा करने लगे, जबकि सामान्य परिस्थिति में ऐसा नहीं होता। प्रधानमंत्री ने इस बिन्दु को लेकर भी चर्चा छेड़ दी कि महिलाओं को शादी के बाद भी, अपना शादी से पहले वाला सरनेम ही रखने की अनुमति होनी चाहिए। लेकिन उन्हें अपने इस वादे से पीछे हटना पड़ा तथा कहना पड़ा कि इस मुद्दे पर और विचार-विमर्श की आवश्यकता है।

सुरक्षा मामलों में भी, प्रधानमंत्री इतने ही अनिश्चित किन्तु दृढ़ बने रहे। रक्षा मंत्री के रूप में, शिगेरू ने मजबूत तथा दृढ़ जापान का प्रस्ताव रखा था। उन्होंने यहां तक कहा था कि पश्चिमी गठबंधन "नाटो" के समकक्ष एशियाई गठबंधन बनाया जायेगा।

लेकिन उनके इस विचार को अमेरिका का समर्थन नहीं मिला तथा इसलिए, यह विचार एकाएक छोड़ दिया गया। जापानी सुरक्षा बलों तथा सुरक्षा व्यवस्था को सुदृढ़ बनाने के विचार पर भी आगे वांछित ध्यान नहीं दिया गया, फॉलो अप नहीं हुआ।

फिर भी, प्रधानमंत्री ने इस्तीफा देने की बात खारिज कर दी है। वे, जैसे भी हो, एक नया गठबंधन बनाने तथा गठबंधन सरकार चलाने की आशा संजोये हुए हैं। इससे उन पर बहुत बोझ पड़ जायेगा। उनके अन्य साथी भी इससे कुछ काम लेने के बारे में सोच रहे हैं।

निष्कर्ष की बात यह है कि जापान में फिलहाल राजनैतिक अनिश्चितता की स्थिति रहेगी लेकिन विश्व की चौथी सबसे बड़ी अर्थव्यवस्था के लिए यह कोई बहुत अच्छी बात नहीं कही जायेगी।

राष्ट्रदूत (एच.यू.एफ.) के लिए मुद्रक एवं प्रकाशक सोमेश शर्मा द्वारा वतन प्रेस, सुधर्मा, एम.आई.रोड़, जयपुर एवं सुधर्मा-II, लालकोठी शॉपिंग सेंटर, टोंक रोड़, जयपुर से मुद्रित एवं प्रकाशित। संपादकः- राजेश शर्मा । आर.एन.आई. नं. 3641/57, ई-मेल-rastrdut@gmail.com कोटा कार्यालयः-पलायथा हाउस, छत्रपति शिवाजी मार्ग, कोटा। फोन:2386031, 2386032, फैक्स:0744-2386033 बीकानेर कार्यालयः-कुंम्भाना हाउस, हनुमान हत्था, बीकानेर। फोन:2200660, फैक्स: 0151-2527371 उदयपुर कार्यालयः-आयड, मेन रोड आयड, उदयपुर। फोन: 2413092, 2418945, फैक्स: 0294-2410146 अजमेर कार्यालयः-घूघरा घाटी, जयपुर रोड,अजमेर। फोन: 2627612, फैक्स:0145-2624665 जालोर कार्यालय :- जी 1/63, इन्डस्ट्रीयल एरिया, फेस प्रथम, जालोर। फोन: 226422, 226423, फैक्स: 02973-226424 हिण्डौनसिटी कार्यालय :- जी -1-201, रीको औद्योगिक क्षेत्र, हिण्डौनसिटी। फोन: 230200, 230400, फैक्स: 07469-230600 चूरू कार्यालयः एच-150, रीको औद्योगिक क्षेत्र, चूरू, फोन: 256906, 256907, फैक्स:01562-256908